फाल्गुन कृष्ण पक्ष, पंचमी विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 29 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 103, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





बच्चों पर निर्भर विज्ञान का भविष्य, देखे सूर्य के धब्बे 14

यामी की 'आर्टिकल 370' का जलवा बरकरार 13


## गुजरात समुद्र तट से 3,300 किग्रा मादक पदार्थ जब्त

पोरबंदर/दिल्ली, एजेंसी

- नौसेना और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पांच विदेशी गिरफ्तार

नौसेना, पुलिस और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक संयुक्त अभियान में गुजरात तट के पास अरब सागर में एक नौका से अब तक की नशीले पदार्थों की सबसे बड़ी जब्ती के तहत 3,300 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किए। पांच विदेशियों को गिरफ्तार किया गया। यह नौका एक ईरानी बंदरगाह से आई थी। गृहमंत्री अमित शाह ने कार्यवाई को ऐतिहासिक और देश को मादक पदार्थ मुक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया है। मछली पकड़ने वाली अपंजीकृत नौका को मंगलवार सुबह अरब सागर में भारतीय तट से लगभग 60 समुद्री मील दूर और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास रोका गया। जब्त किए गए लगभग 3,300 किग्रा प्रतिबंधित सामग्री में 3,110 किग्रा चरस या हशीश, 158.3 किग्रा क्रिस्टल मेथामेफटामाइन और 24.6 किग्रा संदिग्ध हेरोइन है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इस खेप की कीमत 1,300 से 2,000 करोड़ रुपये के बीच होने का अनुमान है।

## पूरा साल बीता, आरटीई में चयनित 33 हजार बच्चे प्रवेश से वंचित

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ




- सत्र 2023-24 में चयन होने के बाद भी एडमिशन को तरस गए
- अभिभावकों की पसंद-नापसंद पर फोड़ा जा रहा ठीकरा

**अमृत विचार** : शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) की सत्र 2023-24 में जमकर धज्जियां उड़ीं। लखनऊ सहित सभी जिलों में चयनित 33 हजार से अधिक बच्चों को निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश नहीं मिला। चयनितों को एडमिशन न मिल पाने पर बेसिक शिक्षा निदेशालय ने भी चिंता जाहिर की है। जिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार औरैया व प्रतापगढ़ ही सिर्फ ऐसे जिले हैं जहां शत-प्रतिशत बच्चे ही एडमिशन करवा सके हैं। सबसे कम 46 प्रतिशत हमीरपुर का डाटा रहा है। सभी जिलों के आकड़ों से पता चलता है कि प्रदेश में 1,34,392 बच्चों का सत्र 2023-24 में चयन हुआ। इसमें 1,00,527 बच्चों को ही एडमिशन मिल सका। बाकी 33 हजार बच्चे वंचित रह गए। अब बेसिक शिक्षा निदेशालय ने अभिभावकों के लिए भी नया नियम लागू किया है।

**एडमिशन न होने के लिए विभाग ने बताए तीन कारण** : विभागीय अधिकारियों के मुताबिक एडमिशन न होने के तीन प्रमुख करण हैं। पहला आरटीई के तहत जब बच्चे का आवेदन किया जाता है तो अभिभावकों की ओर से नजदीक के पांच स्कूलों का विकल्प भी ऑनलाइन भरना होता है। कई बार पहला विकल्प नहीं मिलने पर अभिभावक, बच्चे को अन्य स्कूल में प्रवेश नहीं दिलाते हैं। दूसरा कारण ये है कि जिन हाई प्रोफाइल स्कूल में बच्चों का चयन होता है वह एडमिशन आसानी से नहीं लेते हैं। तीसरा कारण है कि विभाग के अधिकारी बड़े स्कूलों के लिए ज्यादा कार्रवाई में रुचि नहीं लेते हैं।

### राजधानी लखनऊ में हाई प्रोफाइल स्कूलों के आगे अधिकारी बेबस

शैक्षिक सत्र 2023-24 में लखनऊ में हाई प्रोफाइल निजी स्कूल प्रबंधकों के आगे आरटीई अधिनियम बौना साबित हुआ। मझोले और छोटे स्कूलों ने तो चयनित बच्चों को प्रवेश दिया लेकिन सीबीएसई और आईसीएसई से संचालित विद्यालयों ने प्रवेश नहीं दिया। अंत में चयनित 33 .34 प्रतिशत बच्चों को प्रवेश मिला सका। जबकि लखनऊ में 14,883 बच्चे चयनित हुए थे। लेकिन इसमें 9891 बच्चों को ही एडमिशन मिल सका।

### अभिभावकों के लिए बना नया नियम बताना होगा प्रवेश न लेने का कारण

आवेदन में पांच विद्यालयों का विकल्प होता है। यदि उसमें कोई भी विद्यालय मिलता है तो उसमें अभिभावक को अपने बच्चे को प्रवेश दिलाना होगा। यदि एडमिशन नहीं लिया जाता है तो सत्र 2024-25 में एडमिशन के लिए चयनित बच्चे के अभिभावक को एडमिशन न लेने का कारण लिखित रूप में बताना होगा। क्योंकि जिलों से निदेशालय को भेजी गई रिपोर्ट में बीएसए का कहना है पसंद का स्कूल न मिलने पर प्रवेश नहीं कराया गया है।

> आरटीई के तहत चयनित बच्चों का प्रवेश हर हाल में मिले ऐसा विभाग का प्रयास रहता है, लेकिन चयन होने के बाद भी बच्चों का एडमिशन न होना चिंताजनक है। इसकी समीक्षा करते हुए सत्र 2024-25 में तय किया गया है कि अधिक से अधिक बच्चों को प्रवेश दिलाया जा सके। अभी पहले चरण में प्रवेश प्रकिया चल रही है। आवेदन का दूसरा चरण 1 मार्च से शुरू हो जाएगा।
> – **गणेश कुमार**, संयुक्त शिक्षा निदेशक बेसिक

## अवैध खनन मामले में सीबीआई ने अखिलेश यादव को किया तलब

### मामले में बतौर गवाह सपा अध्यक्ष से केंद्रीय जांच एजेंसी करेगी पूछताछ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 2016 में दर्ज किए गए मामले में 29 फरवरी को पेश होने को कहा
- हमीरपुर जिले में 2012-2016 के बीच का है अवैध खनन मामला

**अमृत विचार** : सीबीआई ने अवैध खनन मामले में सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को समन भेजा है। अखिलेश यादव को गुरुवार 29 फरवरी को दिल्ली में सीबीआई के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया है। बताया जाता है कि उन्हें बतौर गवाह पेश होने के लिए कहा गया है। इसकी जानकारी अखिलेश ने बुधवार को खुद ही लखनऊ में एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम दी। काफी समय से अखिलेश यादव सीबीआई और ईडी को लेकर भाजपा सरकार पर हमलावर रहे हैं। ऐसे में सीबीआई के समन पर उप्र की राजनीति गरमाने वाली है।

हमीरपुर में 2012 से 2016 के बीच हुए अवैध खनन का मामला सामने आया था। इस मामले में सीबीआई ने 2016 में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया था। उसमें हमीरपुर की तत्कालीन डीएम आईएएस बी चंद्रकला, सपा एमएलसी रहे रमेश मिश्र और उनके भाई दिनेश मिश्र तथा समेत 11 लोग नामजद थे। सीबीआई ने बी. चंद्रकला के घर भी छापा मारा था।

आरोप है कि 2012-16 के दौरान, जब यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तो लोकसेवकों ने अवैध खनन की अनुमति दी और खनन पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद अवैध रूप से लाइसेंस का नवीनीकरण किया गया। यह भी आरोप है कि अधिकारियों ने खनिजों की चोरी होने दी, पट्टाधारकों और चालकों से पैसे वसूले। इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने 2016 में सात मामले दर्ज किए थे। एजेंसी ने आरोप लगाया था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यालय ने एक ही दिन में 13 परियोजनाओं को मंजूरी दी थी। उस वक्त उनके पास खनन विभाग भी था। आरोप लगाया था कि यादव ने ई-निविदा प्रक्रिया का उल्लंघन करते हुए 14 पट्टों को मंजूरी दी थी, जिनमें से 13 को 17 फरवरी 2013 को मंजूरी दी गई थी।

### सपा मुखिया को प्रताड़ित करने की कोशिश: अजय राय

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को सीबीआई नोटिस दिए जाने पर कहा कि यह उन्हें प्रताड़ित करने की कोशिश है, पर ऐसी कोशिशों से हम डरने वाले नहीं हैं। प्रदेश अध्यक्ष बुधवार को प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी यहां कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत होने पर भाजपा प्रहार करती है। यही वजह है सपा मुखिया को सीबीआई की तरफ से नोटिस भेजा गया है।

> अब जब चुनाव आ रहा है तो मुझे फिर से नोटिस मिल रहा है। मैं समझता हूं कि जब चुनाव आएगा तो नोटिस भी आएगा। यह घबराहट क्यों है? अगर पिछले 10 वर्षों में आपने (भाजपा ने) बहुत काम किया है तो फिर आप क्यों घबराए हुए हैं? – **अखिलेश यादव**

सपा प्रमुख का दिल्ली जाने का तो कोई कार्यक्रम नहीं है। वह गुरुवार को लखनऊ में ही पार्टी की कई बैठकों में भाग लेंगे।
– **राजेन्द्र चौधरी**, राष्ट्रीय सचिव (सपा)

2310 करोड़ की 144 परियोजनाओं का किया वर्चुअल लोकार्पण-शिलान्यास

## प्रदेश में जल्द गठित किया जाएगा स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 57 जिलों में साइबर क्राइम थाने और 18 मंडलों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन के थाने शुरू
- आठ जिलों में भ्रष्टाचार निवारण यूनिट, प्रयागराज-कुशीनगर में पर्यटन थानों की शुरूआत

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उप्र में जल्द ही 'स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स' का गठन किया जाएगा। प्रदेश में एसडीआरएफ, जोनल रेंज स्तर पर फॉरेंसिक लैब, फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट, और एसएसएफ का गठन किया गया है। अयोध्या में रामलला के मंदिर की सुरक्षा का दायित्व एसएसएफ ही उठा रही है।

मुख्यमंत्री बुधवार को लोकभवन में आयोजित उप्र पुलिस के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से जुड़ी 2310 करोड़ रुपये की 144 परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उप्र पुलिस के व्यवहार में आए बदलाव की भी सराहना की। कहा कि यूनिफॉर्म में अगर आप किसी से शिष्टाचार से बात करते हैं तो उसका बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जीरो टॉलरेंस की नीति समाज विरोधी, राष्ट्रविरोधी और पेशेवर माफिया के लिए होना चाहिए। कॉमन मैन के लिए संवेदनशीलता और त्वरित न्याय देने का प्रयास होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि उप्र, देश का पहला ऐसा राज्य हो गया है, जिसके पास सभी 75 जनपदों में साइबर थाने होंगे। 18 जनपदों में पहले बनाए गए थे, शेष 57 की बुधवार से शुरूआत की गई है। सभी 1523 थानों में साइबर सेल का गठन किया गया है। अब साइबर क्राइम से जुड़े मामले के लिए जोन और रेंज स्तर पर नहीं जाना होगा, बल्कि थानों पर ही साइबर सेल में शिकायत सुनी जाएगी। मुख्यमंत्री ने गृह विभाग द्वारा प्रदेश की जनता और पुलिस कार्मिकों को जोड़ते हुए 2310 करोड़ की परियोजनाओं के लिए बधाई दी।

### इन परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास और लोकार्पण

मुख्यमंत्री द्वारा 21 पुलिस थानों, दो पुलिस लाइन, दो पीएसी वाहिनी, दो यूपी एसटीएफ वाहिनी तथा 35 पुलिस थानों पर मेडिकल कक्ष, तीन थानों के प्रशासनिक भवन, 3 थानों के आवासीय भवन, 3 पुलिस चौकी के प्रशासनिक भवन, 34 पुलिस थानों पर हॉस्टल/बैरक/विवेचना कक्ष, 6 पुलिस लाइन में हॉस्टल, 5 एटीएस फील्ड यूनिट कार्यालय के साथ ही 7 अन्य विविध विषयक निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। 75 जनपदों के 1523 पुलिस थानों में साइबर सेल, 57 जनपदों में साइबर क्राइम पुलिस थाने, 18 मंडल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन थाने, 8 जनपदों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन इकाई तथा प्रयागराज और कुशीनगर में पर्यटन थाने का लोकार्पण किया गया।


पढ़ते रहिये... अमृत विचार नववर्ष ऑफर ₹ 5/- प्रतिदिन

पॉंच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

LAST 7 DAYS
लेडीज कार्डिगन
लेडीज कुर्ती, सिलेक्स
लेडीज कोट
लेडीज ट्रैक सूट
लेडीज जैकेट
पशमीनाशॉल एण्ड स्टाल
जेन्ट्स स्वेटर
जेन्ट्स जैकेट
जेन्ट्स ट्रैक सूट
BUY 1 GET 2 FREE
SELECTION POINT The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050


## एक नजर

### राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों को दी जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों मीसा भारती एवं हेमा यादव को बुधवार को जमानत दे दी। मीसा भारती राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की सबसे बड़ी बेटी हैं और राज्यसभा सदस्य हैं। विशेष न्यायधीश विशाल गोगने ने ईडी द्वारा जमानत अर्जी का विरोध नहीं किए जाने पर तीनों को यह राहत दी।

### महादेव एप से जुड़े मामले में बंगाल में ईडी का छापा

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप से संबंधित धन शोधन मामले में बुधवार को पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी की। इस मामले में कई उच्च पदस्थ राजनेता और छत्तीसगढ़ के नौकरशाह शामिल हैं। साल्ट लेक में एक व्यवसायी के आवास और कार्यालय सहित राज्य में छह स्थानों पर छापेमारी की गई। उत्तर 24 परगना के इच्छापुर में व्यवसायी के एक कर्मचारी के घर और कोलकाता के हातिबागान में एक शेयर कारोबारी के आवास पर तलाशी ली गई।

### इनामी महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में एक इनामी महिला नक्सली ने बुधवार को सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने बताया कि कटे कल्याण एरिया कमेटी की नक्सली गंगी मुचाकी ने आत्मसमर्पण कर दिया। मुचाकी के सिर पर एक लाख रुपये का इनाम था।

## 6 करोड़ की फिरौती न मिलने पर कारोबारी के बेटे की हत्या

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

- नोएडा पुलिस ने गजरौला के जंगल में गड्ढे से बरामद किया शव

**अमृत विचार** : फिरौती नहीं मिलने पर प्रतिष्ठित कारोबारी के पुत्र का अपहरण कर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने कारोबारी के पुत्र के मोबाइल से मैसेज भेजकर छह करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। नोएडा पुलिस ने कारोबारी के बेटे का शव गजरौला में जंगल में गड्ढे से बरामद किया है।

टीचर्स कॉलोनी में सूर्या इलेक्ट्रॉनिक्स के स्वामी प्रदीप कुमार मित्तल का परिवार रहता है। उनका बेटा यश मित्तल (20) नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र के अजायबपुर में बैनेट यूनिवर्सिटी में बीबीए प्रथम वर्ष का छात्र था और कॉलेज के हॉस्टल में रहता था। 26 फरवरी की शाम साढे. छह बजे यश हॉस्टल से बाहर गया फिर नहीं लौटा। वार्डन की सूचना पर प्रदीप मंगलवार को हॉस्टल पहुंचे और थाना दादरी में बेटे के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। उनसे छह करोड़ की फिरौती मांगी गई थी। सर्विलांस के आधार पर नोएडा पुलिस व एसओजी ने तिगरिया भूड़ से एक युवक को उठाया था, उसकी निशानदेही पर फैक्ट्री तेवा एपीआई लिमिटेड के सामने जंगल में गड्ढे से यश का शव मिला।

## 92 कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

**नई दिल्ली।** संगीत नाटक अकादमी ने बुधवार को छह अकादमी फेलो और अभिनेता अशोक सर्राफ, राजीव वर्मा और गायिका बॉम्बे जयश्री सहित 92 कलाकारों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देने की घोषणा की। राष्ट्रीय संगीत, नृत्य और नाटक अकादमी मंचीय कला के क्षेत्र में प्रतिष्ठित कलाकारों को अकादमी फेलो के रूप में चुनती है। अकादमी ने 21 और 22 फरवरी को नई दिल्ली में हुई बैठक में छह प्रतिष्ठित हस्तियों को अकादमी फेलो के रूप में चुना। कला के विभिन्न क्षेत्रा में योगदान के कारण 92 कलाकारों को भी चुना है।

## एसडीएम हटाए, चौकी लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

सिलई बड़ा बवाल

- चौकी प्रभारी समेत 25 पर रिपोर्ट ,एसडीएम व तहसीलदार के हमराह भी आरोपी

**अमृतविचार** : गांव सिलई बड़ा में मंगलवार देर शाम हुए बवाल में जिलाधिकारी ने एसडीएम अमन देओल को मिलक से हटा दिया है। उनके स्थान पर राजेश कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस अधीक्षक ने चौकी बड़ा गांव में तैनात चौकी प्रभारी और चार सिपाहियों समेत पूरी चौकी को लाइन हाजिर कर दिया है।

मृतक किशोर के पिता गेंदन लाल ने तहरीर देकर 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। एफआईआर में एसडीएम और तहसीलदार के हमराह भी आरोपी हैं। चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह, सिपाही आदेश चौहान, सिपाही वीरेंद्र, मुतीरीन के नाम भी शामिल हैं। उधर, किशोर का शव गांव पहुंचने पर भीड़ उत्तेजित हो गई। पुलिस ने लाठियां फटकार कर भीड़ को खदेड़ा।

गांव सिलई बड़ा में ग्राम समाज की भूमि पर जाटव समाज के लोगों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर लिखा बोर्ड लगा दिया था। कुर्मी समाज के लोग विरोध कर रहे थे। मंगलवार शाम कुर्मी समाज के लोग एसडीएम और पुलिस को लेकर पहुंचे थे। बोर्ड हटाने लगे तो महिलाओं ने विरोध किया, इसपर विवाद बढ़ गया। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इस दौरान फायरिंग से कक्षा-10 के छात्र सुमेश पुत्र गेंदनलाल की मौत हो गई। पीड़ित परिजन व ग्रामीण एसडीएम व तहसीलदार के नाम एफआईआर में शामिल करने की मांग पर अड़े रहे।

### रामपुर जा रहे चंद्रशेखर संभल में नजरबंद

**संभल।** रामपुर जनपद के सिलई बड़ा गांव में दलित युवक की गोली लगने से मौत की घटना के बाद रामपुर जा रहे आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर को पुलिस ने संभल में नजर बंद कर लिया। उन्हें तीन घंटे तक लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में रोककर रखा गया। इस दौरान समर्थकों ने हंगामा किया।

## उत्तराखंड सरकार ने यूसीसी बिल राष्ट्रपति को भेजा

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बिल को राष्ट्रपति को भेजा है। राष्ट्रपति से स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा चुनाव-2022 में समान नागरिक संहिता लागू करने की घोषणा की थी। सरकार बनने के बाद सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया। कमेटी ने बीती 2 फरवरी को यूसीसी का ड्राफ्ट सरकार को सौंप दिया था। 7 फरवरी को विधानसभा में यह बिल पास हो गया था। फिर बिल राजभवन को भेजा गया था।

गड़बड़झाला — नवंबर व दिसंबर में 50 प्रतिशत से भी कम बच्चों ने खाया हॉटकुक्ड मील

## बिना भोजन और राशन के ही सुधर गई बच्चों की सेहत

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपस्थिति कम, पोषण ट्रैकर पर ज्यादा

**अमृत विचार** : प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की सेहत बिना भोजन और राशन के ही सुधर रही है। जिलों पर नवंबर व दिसंबर में उपलब्ध कराए गए हॉटकुक्ड मील यानी गर्म पका-पकाया भोजन की बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय ने समीक्षा की तो अधिकांश जिलों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों का पोषण ट्रैकर पर पंजीयन अधिक मिला, जबकि भोजन 50 प्रतिशत से भी कम बच्चों ने खाना खाया। पोषण ट्रैकर पर प्रदर्शित बच्चे और आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपस्थिति में बड़ा अंतर है।

इससे बच्चों का पंजीयन, भोजन और सूखा राशन वितरण में गड़बड़ी की आशंका है। क्योंकि बच्चों का चयन अधिक दर्शाया गया लेकिन, लाभ के समय उपस्थित कम हुए। शेष बच्चे हैं या नहीं या किन कारणों से केंद्रों पर उपस्थित नहीं हुए इसका भौतिक सत्यापन कर पता लगाया जाएगा। निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने सभी जिलाधिकारियों को समिति गठित कर भौतिक सत्यापन के लिए लिखा है।

### पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों की स्थिति

| लाभार्थी | कुल संख्या | आधार सत्यापित |
|---|---|---|
| छह माह से तीन वर्ष के बच्चे | 95,64,960 | 94,03,642 |
| तीन से छह वर्ष के बच्चे | 87,46,648 | 85,01,542 |
| गर्भवती व धात्री महिलाएं | 28,27,486 | 27,10,595 |
| गंभीर तीव्र कुपोषित बच्चे | 2,24,828 | 1,90,060 |
| 14 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाएं | 2,40,972 | 2,24,328 |

### महिला, धात्री व बच्चों के आधार सत्यापन भी पंजीयन से कम

लाभार्थी यानी बच्चे, महिलाएं, किशोरी आदि के पंजीयन और सत्यापन में भी झोल है। अधिकांश जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों पर जनवरी में छह माह से तीन वर्ष के बच्चे, तीन से छह वर्ष के बच्चे, गर्भवती व धात्री महिलाएं, गंभीर तीव्र कुपोषित बच्चे व 14 से 18 वर्ष की बालिकाएं व किशोरियों का चयन कर पोषण ट्रैकर पर पंजीयन किया गया, लेकिन दर्शाई गई संख्या के सापेक्ष लाभार्थियों का आधार सत्यापन कम है। जबकि आधार सत्यापित लाभार्थियों को ही भोजन, राशन, टीकाकरण, पोषाहार आदि लाभ मिलता है।



> पोषण ट्रैकर और बच्चों की उपस्थिति में अंतर है। इसका भौतिक सत्यापन कराने के लिए निदेशक स्तर से पत्र लिखा गया है। जिलों पर सत्यापन होने पर ही कमी पता चलेगी। उसी अनुसार सुधार किया जाएगा। – **ज्योति गौतम**, उप निदेशक बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय

## सेना को आपूर्ति की गई दवाओं में भी सेंधमारी

संवाददाता, आगरा

- गैंग के सरगना सहित 7 गिरफ्तार 40 लाख की दवा बरामद

**अमृत विचार** : दवा माफिया ने सेना में भी सेंधमारी कर डाली। जवानों के लिए उपलब्ध होने वाली दवाइयों को री-पैकेजिंग कर बाजार में बेचा जा रहा था। हरी पर्वत पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने बुधवार को इस गैंग का खुलासा करते हुए मास्टरमाइंड फरहान बेग समेत सात लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 40 लाख रुपये की दवाएं बरामद कीं। गैंग से पैकिंग संबंधी वस्तुएं, नौ मोबाइल फोन, एक कार और 16,300 रुपये भी बरामद किए। इन सभी के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

डीसीपी सिटी सूरज राय ने मीडिया को बताया कि यह गैंग उप्र सहित कई प्रदेशों में सेना को जीवनरक्षक दवाओं की डिलीवरी करता था। डीसीपी सिटी ने बताया कि फरहान बेग सेना में दवाइयों की सप्लाई के दौरान सेंधमारी को अंजाम देता था। धोखाधड़ी कर बड़ी मात्रा में दवाएं चोरी कर ली जाती थीं। उन दवाओं पर लिखे नॉट फ़ॉर सेल की चेतावनी को थिनर से मिटाकर डाई से मैन्युफैक्चरिंग की तारीख को हटा कर नई पैकेजिंग कर मन-माफ़िक दाम डाल देते थे।

## एक नजर

### 10वें सालाना उर्स पर चार को होगी कांफ्रेंस

**बदायूं।** शहीदे बगदाद आलिमे रब्बानी हजरत शैख उसैदुल हक मोहम्मद आसिम कादरी मोहद्दिस बदायूंनी रहमतुल्लाह अलैह का 10वां सालाना उर्स 4 मार्च को काजी-ए-जिला हजरत शेख अब्दुल गनी मोहम्मद अतीक मियां कादरी की सरपरस्ती में दरगाह-ए-कादरी में अदबो एहतिराम के साथ उर्स मनाया जायेगा। शहीदे बगदाद वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट के जेरे एहतिराम के बाद नमाजे ईशा दरगाह-ए-कादरी में होगा।

### सदर विधायक ने लाभार्थियों को बांटे गिफ्ट

**विजय नगला।** ब्लॉक सलारपुर मुख्यालय पर बुधवार को सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होने वाले लाभार्थियों में गिफ्ट का वितरण किया। उनके द्वारा क्षेत्र के 47 नवदंपति जोड़ों के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा दी गई पगड़ी, लहंगा, चुन्नी और ज्वेलरी का वितरण किया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अनेक पाल सिंह, सहायक खंड विकास अधिकारी खालिद अली आदि रहे।

# साइबर थाने में अब शिकायत दर्ज करा सकेंगे पीड़ित

## पुलिस लाइन में बनी 11 मंजिला बैरक और साइबर थाने का मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** पुलिस लाइन में बनी 11 मंजिला बैरक और साइबर थाने का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वर्चुअल लोकार्पण किया गया। इनके साथ मुख्यमंत्री द्वारा 2310 करोड़ से अधिक की धनराशि से 144 निर्माण कार्यों का भी शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद के साथ अन्य जिलों के लिए 2310 करोड़ रुपये से अधिक के 144 निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। लोकापर्ण के बाद जनपद में साइबर थाने में साइबर अपराध के पीड़ित ऑफलाइन व ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकेंगे। साइबर फ्रॉड की प्राथमिकी दर्ज कर टेक्निकल एक्सपर्ट प्रशिक्षित



मुख्यमंत्री के लोकापर्ण कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि रहे मौजूद।

- **अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कहा- साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों को मिलेगा न्याय**

पुलिस पदाधिकारी व तकनीकी सेल के पुलिस कर्मी साइबर अपराध के मामलों का अनुसंधान कर साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों का न्याय कर सकेंगे। साइबर थाने को कंप्यूटर, आवश्यक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर उपलब्ध करा दिए गए हैं। वहीं, पुलिस लाइन में बनी 11 मंजिला बैरक का लाभ आरक्षियों को मिलेगा।

इस मौके पर सांसद डॉ संघमित्रा मौर्य, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, पूर्व विधायक प्रेम स्वरूप पाठक, जिलाधिकारी मनोज कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार आदि उपस्थित रहे।



नवनिर्मित साइबर थाने के सामने खड़े पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



पुलिस लाइन में होता वर्चुअल संवाद का सीधा प्रसारण। ● अमृत विचार

# 29 हजार से अधिक किसानों को नहीं मिली सम्मान निधि

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **3.60 लाख किसान कर रहे थे इंतजार, खाते में राशि आते ही खिल उठे चेहरे**

**अमृत विचारः** जिले के 3.60 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में सम्मान निधि की 16वीं किस्त भेजी गई जबकि विभिन्न कारणों से 29558 किसान इससे वंचित रह गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को किसान उत्सव दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र के यवतमाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की किस्त स्थानांतरित की।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों के खाते में हर चार माह में दो हजार रुपये की दर से छह हजार रुपये स्थानांतरित किए जाते हैं। केंद्र सरकार ने सम्मान निधि की 16वीं किस्त के लिए लाभार्थियों के भलेख अंकन, बैंक खाते की आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी को अनिवार्य किया था। बीते दिनों विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जिले के 3 लाख 60 हजार 569 कृषकों के द्वारा अपना भूलेख अंकन, बैंक खाते की आधार सीडिंग एवं ई केवाईसी पूरा कराया गया। ऐसा होने से इस बार सबसे अधिक किसानों को लाभ मिल सका। जबकि ई-केवाईसी, लैंड सीडिंग और आधार सीडिंग के अभाव में जिले के 29558 किसान योजना के लाभ से वंचित रहे गए। इससे पूर्व भूलेख अंकन, बैंक खाते की आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी न होने की वजह से एक लाख 59 हजार 322 किसानों को ही 15वीं किस्त का लाभ मिल सका था। अब आधार सीडिंग, ई-केवाईसी आदि कार्य पूर्ण होने पर 201,247 किसानों को 16वीं के साथ 15वीं किस्त का भी लाभ मिला है। उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि संकल्प यात्रा के दौरान अभियान चलाकर किसानों की ई-केवाईसी कराई गई। जो किसान 15वीं किस्त से वंचित रह गए थे। उन्हें भी 16वीं और 15वीं किस्त का लाभ मिला है।

# 33 सहायिकाओं को मिली पदोन्नति

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **प्रमोशन पाने वाली आंगनबाड़ी सहायिकाओं को जनप्रतिनिधियों ने दिए नियुक्ति पत्र**
- **लखनऊ में हुए कार्यक्रम का विकास भवन में दिखाया गया सीधा प्रसारण**

**अमृत विचारः** विकास एवं पुष्टाहार विभाग के द्वारा विभाग में पूर्व से कार्यरत आंगनबाड़ी सहायिकाओं को प्रमोशन देकर उन्हें आंगनबाड़ी कार्यकत्री बनाया गया। जिसके लिए बुधवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। वहीं, जनपद में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम विकास भवन सभागार में हुआ।

जिला कार्यक्रम अधिकारी पीके सिंह ने बताया कि जिले में संचालित 2950 आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री के 565 पद रिक्त हैं। इन पदों में से 50 प्रतिशत पर सहायिकाओं का प्रमोशन किया जाना है। इसी के तहत जिले के विभिन्न विकास खंडों के आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यरत 33 सहायिकाओं का



प्रमोशन पाने वाली सहायिका को नियुक्ति पत्र देते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, साथ में सीडीओ केशव कुमार। ● अमृत विचार

प्रमोशन किया गया है। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम बुधवार को विकास भवन सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सांसद संघमित्रा मौर्य, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य और मुख्य विकास अधिकारी द्वारा प्रमोशन पानी वाली सभी 33 सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। इससे पूर्व लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री का नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखा गया।

# जाम का कारण बन रहे ऑटो चालक, लोग हो रहे परेशान

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचारः** ऑटो रिक्शा कस्बे में जाम का कारण बन रहे हैं। ऑटो चालकों द्वारा बीच राजमार्ग पर ऑटो को खड़ा कर लिया जाता है। जिसके कारण पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर के अकबराबाद पर ऑटो चालकों द्वारा अवैध तरीके से ऑटो स्टैंड बना लिया गया है। जिसके कारण राजमार्ग पर दोनों ओर चालक ऑटो को खड़ा करके पूरे दिन सवारियों को लाने- ले जाने का काम करते हैं। उसी मार्ग पर ठेले वाले भी खड़े होते हैं। बता दे पूर्व में कई बार नगर पालिका प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई है मगर सुधार नहीं हो सका है।



रोड पर लगा जाम। ● अमृत विचार

# मतदान केंद्रों पर जुटाएं सभी सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में बैठक हुई। इसमें अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा ने अधिकारियों को मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाओं में सुधार करने के आदेश दिए। साथ ही मतदाताओं को वोट करने लिए जागरूक करने के निर्देश दिए।

इस समय लोकसभा चुनाव की तैयारियां चल रही है। एडीएम ने अधिकारियों से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को समावेशी एवं सहभागी बनाने का आदेश दिया गया है। इसलिए मतदान केंद्र तथा प्रत्येक मतदेय स्थल को दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं के लिए संपूर्ण सुविधाओं सहित सुलभ बनाने का काम तीन दिन के अंदर पूरा कर



अधिकारियों को आदेशित करते एडीएम एफआर वैभव शर्मा। ● अमृत विचार

- **एडीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश, जल्द कार्य पूरा करने को कहा**

लिया जाए। जनपद में संचालित शैक्षिक संस्थानों में जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाएं। इसके लिए विभिन्न मेला, हॉट बाजार, आदि में प्रदर्शनी लगाई जाए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस कार्यक्रम की तैयारी हेतु विस्तृत रूप से रणनीति तैयार कर कार्ययोजना जनपद स्तरीय मॉनीटरिंग कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा एएस खान, जिला विद्यालय निरीक्षक डा प्रवेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम, डीपीआरओ श्रेया मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# डेंगू-मलेरिया से लोगों को बचाने की तैयारी

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचारः** गर्मियों का मौसम शुरू होते ही डेंगू और मलेरिया की रोकथाम के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। इन बीमारियों के प्रभाव से बचाने को आशा कार्यकत्रियों को तैयार किया जा रहा है। जिसके लिए बुधवार को क्षेत्र की आशा कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया गया।

मलेरिया निरीक्षक जीशान अंसारी और सनी कुमार ने प्रशिक्षण में आशा कार्यकत्रियों को बताया कि मलेरिया से बचाव के लिए हमें निम्न बिंदुओं पर फोकस करना होगा। इसमें मलेरिया से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करना, मच्छर पनपने के स्थानों का खत्म करना और यदि आपके पास कोई बुखार का मरीज आता है तो उसकी आरडीटी किट से जांच और स्लाइड बनाना और पॉजिटिव आने पर उसे दवाई उपलब्ध कराना। सभी आशा कार्यकर्ता अपने-अपने गांव के लोगों को बचाव के लिए जागरूक करें। उन्होंने आशा कार्यकत्रियों को मलेरिया एवं डेंगू



आशाओं को बताते विभाग के कर्मी।

- **मौसम को बदलते देख स्वास्थ्य विभाग ने उठाया कदम**
- **बुधवार को क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण**

के बुखार में अंतर समझाया। उन्होंने बताया कि मलेरिया में ठंड लगकर बुखार आता है एवं पसीना आकर बुखार उतर जाता है लेकिन इसमें एक दिन छोड़कर बुखार आता है। डेंगू में बुखार सात दिन तक रह सकता है। इसके साथ ही हाथ-पैरों में दर्द, जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द, सिर दर्द और शरीर पर चकत्ते होना एवं गंभीर स्थिति में मुंह एवं नाक से खून आना डेंगू के लक्षण हो सकते हैं।

# सामूहिक विवाहः परिणय सूत्र में बंधेंगे 828 जोड़े

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **जिले की पांचों तहसीलों में आयोजित किया जाएगा विवाह समारोह**
- **कार्यक्रम को संपन्न कराने को दिन भर जुटे रहे विभागीय अधिकारी**

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को जिले की पांचों तहसीलों में होगा। इस दौरान निर्धन परिवार की बेटियों की शादी कराई जाएगी। समारोह के तहत जिले में 828 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। कार्यक्रम को लेकर समाज कल्याण विभाग के अधिकारी बुधवार को तैयारियों को पूरा करने में जुटे रहे। मुख्य आयोजन शहर स्थित बदायूं क्लब में होगा।

जिले में समाज कल्याण विभाग द्वारा गुरुवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन करेगा।

इसके तहत संभावित 828 जोड़ों की शादियां कराई जाएंगी। मुख्य कार्यक्रम बदायूं क्लब में संपन्न होगा। यहां पर 224 जोड़े परिणय सूत्र में बधेंगे। जबकि बिसौली तहसील का कार्यक्रम मदन लाल इंटर कॉलेज परिसर, दातागंज, सहसवान का ब्लॉक परिसर में होगा।

### अंबियापुर ब्लॉक परिसर में होगा सामूहिक विवाह कार्यक्रम

**बिल्सी।** अंबियापुर ब्लॉक प्रांगण में 29 को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत क्षेत्र के करीब 140 जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। जिसको लेकर यहां पर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बीडीओ प्रवीन कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में अंबियापुर, इस्लामनगर और उझानी समेत नगर क्षेत्र के करीब 140 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा। सभी जोड़ों का सत्यापन का काम पूरा कर लिया गया। शादी से संबंधित वस्त्रों को भी वितरित करा दिया गया।

बिल्सी तहसील क्षेत्र का कार्यक्रम ब्लॉक अंबियापुर में होगा। बिसौली में 202, दातागंज में 180, सहसवान में 82 और अंबियापुर में 140 जोड़ो की शादी होगी। इस संबंध में जिला समाज कल्याण अधिकारी राम जनम ने बताया कि शादी के लिए ऑनलाइन आवेदन आए हैं। अंतिम समय तक यह संख्या घट-बढ़ सकती है। सभी स्थानों पर होने वाले कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा मौजूद रहकर नवविवाहित जोड़ों को आर्शीवाद दिया जाएगा।



विवाह सामग्री भेंट करते खंड विकास अधिकारी मुनव्वर खान।

### सामूहिक विवाह के लाभार्थियों को दी विवाह सामग्री

**इस्लामनगर।** बुधवार को विकास खंड कार्यालय पर बीडीओ मुनव्वर खान ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना योजना में सम्मिलित होने वाले लाभार्थियों को विवाह सामग्री भेंट की। इसमें क्षेत्र के कई जोड़ों की शादी कराई जाएगी। कार्यक्रम में चयनित लाभार्थियों को खंड विकास अधिकारी मुनव्वर खान ने विवाह सामग्री भेंट की। खंड विकास अधिकारी ने बताया की इस्लामनगर विकासखंड के सभी चयनित लाभार्थियों का विवाह कार्यक्रम अंबियापुर विकास खंड पर होगा। विवाह समारोह के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस मौके पर एडीओ पंचायत नरेश पाल, सचिव ऋषिकांत शर्मा व पंकज यादव एवं ग्राम प्रधान समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# खेतों में तेज हुई आलू की खोदाई, भंडारण शुरू



कोल्ड स्टोर के सामने खड़ी आलू से लदी ट्रैक्टर ट्राली। ● अमृत विचार

संवाददाता, ओरछी

- **भंडारण को कोल्ड स्टोरेज के सामने लग रही आलू लदी ट्रैक्टर ट्राली की लाइन**

**अमृत विचारः** खेतों में आलू की खोदाई तेज हो गई है। किसानों द्वारा उसका भंडारण भी कोल्ड स्टोरों में किया जाने लगा है। इसी के चलते कोल्ड स्टोर के सामने आलू से लदी ट्रैक्टर ट्रालियों की कतारें लगनी शुरू हो गई है। जिस कारण वाहनों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है।

बदायूं मुरादाबाद हाईवे पर कई कोल्ड स्टोर संचालित हैं। इनमें कई ओरछी चौराहे पर हैं जहां आलू से लदी ट्रैक्टर ट्रालियां पहुंचने लगी हैं। किसानों के द्वारा आलू से लदी ट्रैक्टर ट्राली को रोड पर ही बेतरतीब तरीके से खड़ा कर दिया जाता है। जिसकी वजह से हादसे की आशंका बनी रहती हैं लेकिन जिम्मेदार इस तरफ ध्यान नहीं देते। बुधवार की सुबह आधा दर्जन आलू से लदी ट्रैक्टर ट्राली कोल्ड स्टोर के बाहर खड़े करने की वजह से अन्य वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

**कार्यक्रम** शिक्षकों को नई शिक्षा नीति से होने वाले लाभों से कराया अवगत

# बीआरसी केंद्र पर मनाया 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' उत्सव



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक और बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचारः** जरीफनगर स्थित बीआरसी केंद्र पर 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षकों को नई शिक्षा नीति से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में मौजूद रहे खंड शिक्षा अधिकारी डॉ हर्षित शर्मा ने नई शिक्षा नीति में शिक्षा के क्षेत्र में आंगनबाड़ी की क्या भूमिका है इस पर प्रकाश डाला। साथ ही सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को विद्यालय को शीघ्र निपुण बनाने मे योजना बद्ध कार्य करने के लिए निर्देशित किया। वहीं, एआरपी संजीव सक्सेना ने निपुण भारत मिशन से सम्बंधित बिंदुओं की जानकारी शिक्षकों को दी। साथ ही खंड शिक्षा अधिकारी व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ललित गुप्ता द्वारा बाल वाटिका व निपुण बच्चों को मेडल और प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

### बीएसए ने बताया डिजिटल पंजिका भरने का तरीका



**बदायूं।** परिषदीय, संविलियन और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति और मध्याह्न भोजन पंजिका को डिजिटल रूप से मान्य की गई है। 26 फरवरी को महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शत प्रतिशत अनुपालन कराने को निर्देशित किया था। इसके बाद भी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने डिजिटल पंजिकाओं का उपयोग नहीं किया। बीएसए स्वाती भारती ने बुधवार को बीईओ, एसआरजी, जिला समन्वयक, एआरपी, संकुल शिक्षक-शिक्षिकाओं को निर्देशित किया कि वह विद्यालयों को उपलब्ध कराए गए टैबलेट के माध्यम से उपस्थिति पंजिका और मध्याह्न भोजन पंजिका प्रयोग करें। जिसके चलते बीएसए ने कंपोजिट विद्यालय शेखूपुर का निरीक्षण किया। अपने सामने प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापकों से टैबलेट के माध्यम से लॉगिंग कराया। डिजिटल पंजिकाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया।

# जमीन का करें उपचार, नियंत्रित होगा रेड रॉट रोग

**बदायूं, अमृत विचार :** बिसौली चीनी मिल के गन्ना विकास परिषद की ओर से गांव मझारा में किसानों की सामूहिक सभा का आयोजन किया गया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने बसंतकालीन गन्ना बुवाई के अंतर्गत 0238 प्रजाति के विस्थापन संबंधी जानकारी दी। गन्ना के बीच व जमीन के उपचार और स्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई करने को प्रेरित किया जिससे रेड रॉट रोग पर नियंत्रण किया जा सके। इसके अलावा ट्रेंच, रिंग पिट विधि से बुवाई व सहफसली के बारे में बताया। इससे अधिकतम पैदावार लेकर किसानों की आय बढ़ेगी। इसमें गन्ने की बुवाई के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी गई। मुरादाबाद के गन्ना किसान संस्थान के सुरेंद्र सिंह ने गन्ने की वैज्ञानिक खेती के बारे में विस्तार से बताया।

# महंगा होगा बदायूं-कासगंज का सफर, चुकाने होंगे टोल टैक्स

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **एनएचएआई कछला के पास बन रहा है टोल प्लाजा**

**अमृत विचारः** बरेली-मथुरा नेशनल हाईवे का चौड़ीकरण किया जाना है। इस कार्य को एनएचएआई (राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण) द्वारा किया जाएगा। कई स्थानों पर बाइपास और पुल का निर्माण होगा। वहीं पर टोल भी बनाया जाएगा। कार्यदायी संस्था द्वारा कछला में इसका निर्माण किया जाएगा। कार्य पूरा होने के बाद बदायूं से कासगंज जाने वालों के लिए सफर मंहगा हो जाएगा। उन्हें टोल देकर गुजरना होगा। इससे सफर महंगा हो जाएगा। यात्रियों की जेब पर असर पड़ेगा।

बरेली मथुरा हाईवे का चौड़ीकरण हो रहा है। जिले में 37 किमी. का हिस्सा चौड़ा किया जाना है। इसके लिए 2009 करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च होगी। इसमें से करीब 545 करोड़ की धनराशि से किसानों की भूमि को अधिग्रहण किया जाएगा। शेष धनराशि से रोड को चौड़ा करने के साथ ही बाइपास, पुल आदि का निर्माण किया जाएगा। वहीं, कछला के पास टोल भी बनाया जाएगा।

एनएचएआई के अनुसार नेशनल हाईवे पर 60 किमी. पर टोल बनाया जाना है। हाथरस से बरेली तक तीन टोल बनाए जाएंगे। इसमें पहला टोल हाथरस में गांव बरतर पर बनाया जाएगा। दूसरा बदायूं के कछला में बनाया जाना है। आखिरी टोल बरेली के मकरंदपुर धारा में बनाया जाना प्रस्तावित है। अभी जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। यह कार्य एक दो माह के अंदर पूरी हो जाएगी। इसके बाद रोड के चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इस संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार ने बताया कि नेशनल हाईवे पर नामित कंपनी द्वारा कछला में टोल बनाया जाना प्रस्तावित है। रोड के चौड़ीकरण का काम पूरा होने के बाद टोल को स्थापित किया जाएगा। फिर यहां से गुजरने वाले चालकों को टोल चुकाने होंगे।




## एक नजर

### छेड़छाड़ के आरोपी भाइयों को चार साल की सजा

**बदायूं।** थाना मूसाझाग में साल 2016 में छेड़छाड़ आदि के अंतर्गत गांव जगुआसेई निवासी भोला, अनुराग पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी। उपनिरीक्षक रामप्रसाद सिंह ने विवेचना करके आरोप पत्र दाखिल किया। कोर्ट ने चार साल की सश्रम कारावास पर पांच हजार जुर्माने की सजा सुनाई है।

# जंगल में मिला चार दिन पूर्व लापता महिला का शव, हत्या की आशंका

## बुधवार दोपहर पुलिस ने की शिनाख्त, पुलिस ने दो आरोपियों की तलाश शुरू की

संवाददाता, उसहैत

- 24 को पति के साथ खरीदारी को गई थी, पति ने ई-रिक्शा से भेजा था घर

**अमृत विचार :** थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव कोड़ा जयकरन के पास जंगल में बुधवार को दोपहर एक महिला का शव मिला। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। पुलिस मौके पर पहुंची। शव के शिनाख्त का प्रयास किया। कुछ देर के बाद महिला की पहचान थाना उसहैत क्षेत्र के गांव असमाया रफतपुर निवासी चौकीदार की पत्नी के रूप में हुई। वह चार दिन पहले लापता हो गई थी। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ महिला के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।


मृतका सुमन।

> महिला के लापता होने के बाद रिपोर्ट दर्ज की गई थी। बुधवार को महिला का शव मिला है। वह जंगल में कैसे पहुंची और मौत कैसे हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद स्पष्ट होगा। आरोपियों की तलाश की जा रही है। संदिग्ध लोगों से पूछताछ चल रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा। **– शक्ति सिंह, सीओ उझानी**

बुधवार सुबह लगभग आठ बजे गांव कोड़ा जयकरन निवासी किसान जंगल से होते हुए गुजर रहे थे। रास्ते में अजीब से दुर्गंध आई। किसानों ने आसपास देखा तो पास में ही शव मिला। महिला साड़ी पहनी हुई थी। उसके दाहिने हाथ पर सुमन राजीव गुदा था। कलाई में लाल रंग की चूड़ी और कड़ा पहनी थी। अंगूठी भी पहनी थी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव देखकर अंदाजा हो रहा था कि वह तीन से चार दिन पुराना होगा। प्रभारी निरीक्षक राजित राम ने महिला का फोटो सोशल साइट्स और थानों के ग्रुप पर शेयर किया। पता चला कि थाना उसहैत क्षेत्र के गांव असमया रफतपुर के चौकीदार बृजेश कुमार की पत्नी सुमन 24 फरवरी दोपहर तीन बजे से लापता हैं। पुलिस ने बृजेश कुमार को बुलाकर फोटो दिखाया तो उन्होंने सुमन के रूप में शिनाख्त की। उन्होंने बताया कि वह थाना उसहैत में चौकीदार हैं। वह अपने पत्नी के साथ उसहैत बाजार में खरीदारी करने गए थे। सामान खरीदने के बाद उन्होंने सुमन को घर जाने के लिए ई-रिक्शा में बैठा दिया। कहा कि वह ड्यूटी जा रहे हैं। शाम को उनके भाई देवेंद्र ने फोन करके बताया कि सुमन घर पर नहीं पहुंची हैं।

उन्होंने तलाश की तो ग्रामीणों ने बताया था कि थाना अलापुर क्षेत्र के गांव म्याऊं निवासी विनेश पाल पुत्र आशाराम और उनके गांव का सुमित पुत्र पप्पू उनकी पत्नी को ले गए हैं। 26 फरवरी को तहरीर देने के बाद पुलिस ने 28 फरवरी को दोनों के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। महिला की गला दबाकर हत्या करने की आशंका है। नामजद दोनों आरोापियों की तलाश की जा रही है। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## दुष्कर्म की बजाय छेड़छाड़ में दर्ज की रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** एक युवक ने अपने गांव निवासी महिला के घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली उझानी क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एसएसपी को शिकायत पत्र भेजकर बताया कि उनके गांव का एक युवक सप्ताह भर पहले तमंचे के बल पर उसके साथ गलत काम किया। डर की वजह से महिला ने अपने पति को कुछ नहीं बताया था। 27 फरवरी की रात 12 बजे पति और बेटे के खेत पर होने के दौरान उक्त युवक ने तमंचा दिखाकर उसके साथ गलत काम किया तब तक आठ वर्षीय की बेटी के चिल्लाने पर आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। आरोप है कि दुष्कर्म के बाद भी छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने ही महिला का मेडिकल परीक्षण कराया। उझानी के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। महिला अपने बयान में कह दें तो धाराएं बढ़ाई जाएंगी।

# चंडीगढ़ में रहता है परिवार घर से आभूषण-नगदी उड़ाए


घर में चोरी की जानकारी देता पीड़ित परिवार। ● अमृत विचार

संवाददाता, सहसवान

- भवानीपुर खल्ली में चोरों ने एक घर में चोरी की वारदात को दिया अंजाम

**अमृत विचार :** कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव भवानीपुर खल्ली में मंगलवार रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाया। घर के पांच कमरों से आभूषण और नगदी चोरी कर लिए गए। पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

गांव निवासी शमीम शाह पुत्र सलीम शाह ने बताया कि उनका परिवार चंडीगढ़ में रहकर मजदूरी करता है। उनकी छोटी बहन मानसिक रूप से परेशान है। जिसके चलते पूरा परिवार घर पर ताला डालकर चंडीगढ़ में रहकर बहन का इलाज करा रहा है। घर पर सभी भाइयों के अलग-अलग कमरे हैं। बुधवार को चाचा अलीम शाह ने फोन करके बताया कि उनके घर के कमरों में ताले टूटे पड़े हैं। घर का सामान इधर-उधर फैला पड़ा है। वह लोग चंडीगढ़ से गांव पहुंचे। घर के भीतर से सोने-चांदी के आभूषण, पीतल के बर्तन, नगदी गायब मिले। पहले भी गांव में चोरी हो चुकी है। पुलिस घटनाओं का खुलासा करने में नाकाम रही है।

# प्रधान की पावर हुई सीज लेकिन निलंबित नहीं किया जा सका सचिव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- डीएम के निर्देश के बाद भी फाइल को दबाए बैठे हैं अधिकारी
- गांव में कराए गए विकास कार्य में 13 लाख रुपये का किया है गबन

**अमृत विचार:** आरसीसी सेंटर के निर्माण और सामग्री खरीदारी में प्रधान और सचिव द्वारा 13 लाख रुपये से अधिक की धनराशि का गबन किया गया। इस प्रकरण में प्रधान की पावर सीज हो चुकी है लेकिन अभी तक सचिव निलंबित नहीं हो सका है। जबकि सचिव को निलंबित करने के आदेश डीएम द्वारा दिए गए हैं। उसके बाद भी फाइल डीडीओ कार्यालय में धूल फांक रही है।

> सीकरी के सचिव से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उसने अभी दिया नहीं है। उसके जवाब के बाद कार्रवाई की जाएगी। **– श्वेतांक पांडेय**, जिला विकास अधिकारी।

पिछले साल डीपीआरओ द्वारा आसफपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत सीकरी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्हें गांव में अनियमितताएं मिली थीं। जिसकी रिपोर्ट उनके द्वारा डीएम को दी गई। निरीक्षण रिपोर्ट देखने के बाद डीएम ने दो सदस्यीय कमेटी बनाकर गांव में हुए विकास कार्य की जांच के आदेश दिए। टीम द्वारा गांव में पहुंचकर जांच की। पता चला कि आरआरसी सेंटर के निर्माण और उसके संचालन के लिए खरीदी गई धनराशि में 13 लाख से अधिक की धनराशि का गबन किया गया है। जांच अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट डीएम को सौंपी थी। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद डीएम ने प्रधान ज्योति की वित्तीय पावर को सीज कर दिया। साथ ही गांव में विकास कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया।

सचिव अवधेश कुमार को निलंबित करने के आदेश डीएम ने दिए हैं। इस बात को लेकर दो माह का समय गुजरने जा रहा है। लेकिन अभी तक सचिव के खिलाफ कार्रवाई न हो सकी है। सचिव के निलंबन संबंधी फाइल डीडीओ कार्यालय में धूल फांक रही है।

## मशीन निकली खराब, रुपये वापस नहीं कर रहा विक्रेता

**सहसवान, अमृत विचार :** थाना उघैती क्षेत्र के गांव तेहरा निवासी ओमप्रकाश पुत्र तारा सिंह ने बताया कि वह भाजपा के बूथ संख्या 5 के अध्यक्ष हैं। उन्होंने छह महीने पहले कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव महलोली निवासी युवक से एक लाख 40 हजार में खेत से मूंगफली निकालने वाली मशीन खरीदी थी। उस दौरान तय हुआ था कि अगर मशीन काम न करे या नहीं चली तो वह मशीन वापस कर देंगे। ओमप्रकाश मशीन लेकर घर आए। चलाकर देखा लेकिन मशीन खराब निकली।बेचने वाले ने मशीन वापस नहीं ली। तब से पुलिस के चक्कर लगा रहे हैं। रिपोर्ट दर्ज नहीं हो रही। उन्होंने सीओ कार्यालय में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# ट्राली के नीचे सो रहे किसान की कुचलकर मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


मृतक रवेंद्र पाल।

**अमृत विचार :** कोतवाली उझानी क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान चीनी मिल पर गन्ना लेकर गया था। रात को नींद आ गई तो वह एक ट्राली के नीचे सो गया। नंबर आने पर ट्रैक्टर चालक ने गन्ना लदी ट्राली आगे बढ़ा दी। जिसकी नीचे कुचलकर किसान की मौत हो गई। सूचना पर रिश्तेदार और ग्रामीण पहुंचे। पुलिस ने बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया है।


पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद परिजन। ● अमृत विचार

- गन्ना तौल कराने को लेकर कर रहा था इंतजार
- नींद आने पर ट्राली के नीचे लेटे, चालक ने बढ़ाई

कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव बसंत नगर निवासी रवेंद्र पाल उर्फ पप्पू (50) पुत्र सूरजपाल मंगलवार रात ट्रैक्टर-ट्राली से गन्ना लेकर कस्बा शेखूपुर स्थित दि किसान सहकारी चीनी मिल गए थे। जहां गन्ने की तौल में समय लग रहा था। गन्ना लदे ट्रैक्टर-ट्रालियों की लाइन लगी थी। उन्हें नींद आ रही थी तो वह एक ट्रैक्टर में लगी ट्राली के नीचे लेट गए। उनकी आंख लग गई। गहरी नींद में सो गए। ट्रैक्टर-ट्रालियों की लाइन आगे बढ़ने लगी। इसी दौरान उस ट्रैक्टर-ट्राली का चालक पहुंच गया। उसने ट्रैक्टर आगे बढ़ा दिया। ट्राली के पहिया से कुचलकर नीचे सो रहे रवेंद्र पाल गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। अन्य किसानों ने उनके परिजनों को सूचना दी। कुछ समय के बाद उनके ग्रामीण और रिश्तेदार पहुंच गए। घायल रवेंद्र को जिला अस्पताल लाया गया। चिकित्सक ने इलाज शुरू किया। इलाज के दौरान रवेंद्र पाल की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जहां रिश्तेदारों ने बताया कि रवेंद्र पाल के दो बेटे हैं। दोनों बेटे बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। पोस्टमार्टम को बेटे पहुंचे। परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं दी गई है।

# बिना टिकट यात्रा कराने पर नौ परिचालकों पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- अलग-अलग तिथियों पर चेकिंग के आधार पर इन परिचालकों का कटा 23 हजार मानदेय

**अमृत विचार :** रोडवेज बसों में यात्रियों को बिना टिकट के यात्रा कराई जा रही है। ऐसे ही नौ संविदा परिचालकों के खिलाफ मानदेय कटौती की कार्रवाई की गई है। सभी का 23 हजार रुपये मानदेय काटा गया है।

निगम के निरीक्षकों ने अलग-अलग तिथियों पर रास्ते पर दौड़ रही रोडवेज बस का अचानक निरीक्षण किया था। नौ बसों में 15 लोग और एक बच्चा बिना टिकट के मिला था। एक बस में दो नियम विरुद्ध दो क्विंटल सामान ले जाया जा रहा था। निरीक्षकों ने सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को रिपोर्ट दी। जिसके आधार पर संविदा परिचालक विनोद कुमार, बालचंद्र गौतम, प्रसून गुप्ता, अमृत लाल, पवन कुमार की बसों में बिना टिकट दो-दो यात्री मिलने पर दो-दो हजार रुपये मानदेय काटा है। राघव कुमार, कृष्ण कुमार, धर्मवीर सिंह के मानदेय से चार-चार हजार रुपये काटे गए हैं। राघव कुमार व कृष्ण कुमार की तैनाती वाली रोडवेज बस में दो-दो यात्री बिना टिकट मिले थे जबकि धर्मवीर सिंह की बस में दो क्विंटल सामान अवैध रूप से ले जाया जा रहा था। वहीं, संविदा परिचालक अतुल कुमार सक्सेना की तैनाती वाली रोडवेज बस में एक व्यक्ति और एक बच्चा बिना टिकट मिलने पर डेढ़ हजार रुपये मानदेय काटा है। इस तरह परिचालकों का दो हजार का मानदेय एक बार और चार हजार का मानदेय दो बार में काटा जाएगा।

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक डीके चौबे ने बताया कि बिना टिकट यात्रा कराना नियम के खिलाफ है। नौ बसों में बिना टिकट यात्री मिले थे। जिसके चलते संविदा परिचालकों के खिलाफ मानदेय काटने की कार्रवाई के साथ भविष्य के लिए सचेत किया गया है।

# ग्वालियर की एसीपी बताकर सर्राफ से 26700 रुपये की ठगी

संवाददाता, उझानी

- सराफा व्यापारी का आरोप- पुलिस ने दबाव बनाकर ट्रांसफर कराए थे रुपये
- ठगी का एहसास होने पर दी तहरीर, कस्बा इंचार्ज ने आरोप गलत बताए

**अमृत विचार :** एक सराफा व्यापारी के पास किसी महिला का फोन आया। उसने खुद को ग्वालियर की एसीपी बताया। व्यापारी ने समझा कि उधर से कोई ठग है। उसने फोन काट दिया और पुलिस को सूचना दी। इसक बाद पुलिस उनकी दुकान पर पहुंची। आरोप है कि पुलिस ने दबाव बनाकर उस नंबर पर 26 हजार 700 रुपये ट्रांसफर करा दिए। व्यापारी ने थाने में तहरीर दी है।

कोतवाली उझानी क्षेत्र के ज्वैलर्स आलोक कुमार अग्रवाल के पास बुधवार दोपहर लगभग एक बजे फोन आया था। उधर से कोई महिला बोल रही थी। उसने खुद को एसीपी बताया तो सर्राफ का माथा ठनका और ठगी के लिए कॉल समझकर फोन काट दिया। इसके बाद कोतवाली पहुंचे और वहां मिली एक महिला सिपाही को जानकारी दी। सिपाही ने अफसरों कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें वापस भेज दिया। वह अपनी दुकान पर आ गए। आरोप है कि कुछ समय के बाद कस्बा इंचार्ज और कुछ पुलिसकर्मी उनकी दुकान पर आए और उन्हें साथ ले गए। कस्बा इंचार्ज ने कहा कि उनके पास आया मोबाइल नंबर ग्वालियर एसीपी का है। वह जो बोल रही हैं, वैसा करो। सर्राफ के अनुसार इसके बाद एक सिपाही ने कहा कि उन्हें फोन करने वाली एसीपी बहुत तेज हैं। वह कोई केस रफा-दफा करने को बोल रही हैं तो कर दो। बाद में कस्बा इंचार्ज ने उस नंबर पर फोन करके व्यापारी की बात कराई। आरोप है कि फोन पर उन्हें डराया-धमकाया गया। उनके मोबाइल नंबर पर एक कोड भेजा गया। 26 हजार 700 रुपये ट्रांसफर करने का दबाव बनाया। पुलिस ने रुपये ट्रांसफर कराने के बाद उन्हें छोड़ा। ज्वैलर्स आलोक ने बताया कि खुद को एसीपी बताने वाली महिला ने दोबारा फोन किया और फिर से रुपये मांगे। तब उन्हें एहसास हुआ कि उनके साथ ठगी हुई है। उन्होंने कस्बा इंचार्ज को फोन किया, जो बंद बता रहा था। सराफा व्यापारी ने प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

इस बाबत कस्बा इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि व्यापारी ने गलत आरोप लगाया है। उन्होंने खुद ही किसी को रुपये ट्रांसफर किए थे। दुकान पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। उसमें देखा जा सकता है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी।

## सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप, किया हंगामा

**विजय नगला, अमृत विचार :** बरेली निवासी एक व्यक्ति ने जमीन की नींव खुदवाना शुरू किया। जिसको ग्रामीणों ने ग्राम समाज की जमीन बताकर हंगामा किया।

मामला थाना बिनावर क्षेत्र के गांव रसूलपुर का है। बुधवार को बरेली निवासी अपनी खरीदी जमीन की नींव खुदवा रहे थे। जेसीबी से काम चल रहा था। सूचना मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जमीन ग्राम समाज की बताते हुए हंगामा शुरू कर दिया। अजय पाल, सोरन सिंह, प्रेमपाल, धर्मपाल सिंह, नन्हूं सिंह, अरुण सिंह, धर्मपाल आदि ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले उक्त व्यक्ति ने गांव के उत्तरी दिशा स्थित मंदिर के पास सात बीघा जमीन खरीदी थी। सांठगांठ करके सात बीघा जमीन में मंदिर की जमीन भी मिला ली गई। थाना बिनावर पुलिस मौके पर पहुंच कर समझाया पर वे नहीं माने। फोन पर एक माननीय द्वारा आगे की जांच कार्रवाई करने के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हो गए।

# अवैध रेत खनन पर नहीं हो रही कार्रवाई


रोड पर दौड़ती रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली। ● अमृत विचार

संवाददाता, कादरचौक

- धंधेबाजों ने बनाया है कादरचौक के गांव सुरेली में खनन प्वाइंट
- दिन रात ओवरलोड सफेद रेत भरी दौड़ती हैं ट्रैक्टर ट्रालियां

**अमृत विचार:** सफेद रेत के धंधेबाजों का काला कारनामा देखना है तो रात में एक बजे से तड़के छह बजे तक अढौली रेल फाटक के पास आ जाइए। अंधेरे में सफेद रेत के कारोबारियों को सेंटिंग के बलबूते बालू से ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को ग्राहकों तक पहुंचाने में कार्रवाई का डर नहीं सताता।

रेत का कारोबार अब से नहीं बल्कि पिछले दो- चार महीना से चल रहा है। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में ओवरलोड बालू होने के बाद भी पुलिस और एआरटीओ की नजर नहीं पड़ती। कादरचौक क्षेत्र में गंगा किनारे खनन का कोई प्वाइंट भी नहीं है। विभागीय अफसर भी सब जानते हैं। फिर भी आर्थिक फायदे के लिए धंधेबाजों पर कार्रवाई नहीं की जाती है। बताते हैं कि खनन प्वाइंट कासगंज जिले में है।

# घूस लेने का आरोपी लेखपाल निलंबित

संवाददाता ,दातागंज

- पीड़ित ने लेखपाल को रुपये देते समय बना लिया था वीडियो, कर दिया था वायरल
- वीडियो का संज्ञान लेने के बाद एसडीएम ने की लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई

**अमृत विचार:** लेखपाल को महिला से एक लाख रुपये लेना महंगा पड़ गया। दरअसल घूस में रुपये देते समय महिला ने आरोपी लेखपाल का वीडियो बना लिया था, जिसे वायरल कर दिया। वायरल वीडियो एसडीएम के पास पहुंच गया। इसको गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने आरोपी लेखपाल को निलंबित कर दिया है।


पीड़ित महिला, जिससे मांगे थे रुपये। ● अमृत विचार

तहसील के गांव तरसुरा निवासी रिंकू शर्मा की 17 सितंबर 2022 को संदिग्ध हालातों में मौत हो गई। परिजनों के पास पुश्तैनी जमीन करीब 50 बीघा थी। इसमें से करीब 17 बीघा जमीन रिंकू के नाम थी। उसकी मौत के बाद यह 17 बीघा जमीन कानून के हिसाब से उसकी पत्नी पिंकी शर्मा के नाम आनी चाहिए थी। फौती के लिए पिंकी शर्मा ने इलाके के लेखपाल विनोद पुरी से संपर्क किया। जमीन की फौती अपने नाम कराने की गुहार लगाई। आरोप है कि लेखपाल फौती बनाने के नाम पहले टालमटोल करते रहे। उसके बाद उनके द्वारा महिला से डेढ़ लाख रुपये की डिमांड की गई। पीड़ित महिला का कहना है कि लेखपाल के परेशान करने पर घर वालों के साथ लेखपाल के घर पहुंचकर एक लाख रुपये दिए। जिसका उसने चुपचाप वीडियो भी बना लिया। लेखपाल ने जब उसका काम नहीं किया तो उसने अपने रुपये वापस मांगे।

आरोप है कि लेखपाल ने दूसरे हल्के पर अपना ट्रांसफर करा लिया। महिला ने डीएम से लेकर मुख्यमंत्री तक से शिकायत की। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो महिला ने लेखपाल को रुपये देते हुए बनाया गया वीडियो वायरल कर दिया।

वायरल वीडियो एसडीएम दातागंज के पास पहुंचा। जिसको संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने लेखपाल विनोद पुरी को निलंबित कर दिया है।

## तीन गांवों में सीसी रोड और एक में बरातघर का शिलान्यास


ललबुझिया में सीसी रोड का शिलान्यास करते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने गांव ललबुझिया, अंतिनगला, कंडेला में सीसी रोड और गांव आमगांव में बरातघर का शिलान्यास किया। ग्रामीणों ने सदर विधायक का स्वागत किया और उनके प्रयास की सराहना की।

सदर विधायक ने कहा कि बुधवार को कई गांवों में सड़कों का शिलान्यास किया है जिससे कई गांवों के लोगों को लाभ मिलेगा। विधानसभा क्षेत्र के हर गांव का विकास उनकी मंशा है। क्षेत्र में लगातार काम हो रहे हैं। विधायक बनाया है तो सभी के सुख दुख में साथ देना और गांवों का विकास उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव, मंडल महामंत्री राम चरण पाल, आर्येंद पटेल, गववर सिंह, पुष्पेन्द्र यादव, अंकित शाक्य, दीपक कश्यप रामफल आदि उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर चालक की हत्या मामले में कोर्ट में चार्जशीट दाखिल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में दातागंज तिराहे के पास 23 दिसंबर 2023 को प्लाट में मिट्टी डालने के दौरान युवक की बुलडोजर चालक ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेजा। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तमंचा की लैब से जांच कराने के बाद रिपोर्ट प्राप्त की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है।

- 23 दिसंबर की रात प्लाट पर मिट्टी डालने के दौरान की थी हत्या
- हत्या में प्रयुक्त तमंचा की लैब से जांच कराने के बाद की कार्रवाई

गांव नगला शर्की निवासी अनिल कुमार ट्रैक्टर चलाते थे। वह प्लाटों में मिट्टी डालने का काम करते थे। भतीजा साहिल कुमार को अपने साथ में रखकर काम करा रहे थे। वह बुलडोजर चलाता था। उनके साथ में शहर के मोहल्ला नेकपुर निवासी विपिन झा भी काम करता था। 23 दिसंबर 2023 रात मिट्टी डालने के दौरान फोन पर साहिल और विपिन झा के बीच झगड़ा हो गया था। रात में ही विपिन झा प्लाट पर पहुंचा। साहिल की तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी। अपने हाथ में भी गोली मारी थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके उसे जेल भेजा था। फॉरेंसिक टीम ने जांच की। साक्ष्य एकत्र करके विपिन झा के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि साक्ष्यों के आधार पर चार्जशीट दाखिल हुई है।

## युवक को गोली मारने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं।** थाना अलापुर क्षेत्र के गांव बिलहरी निवासी एजाज ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका निकाह सबीरुल निशा के साथ हुआ था। दोनों में आए दिन विवाद होता रहता है। मंगलवार शाम भी उन दोनों के बीच विवाद हुआ था। सबीरुल निशा ने मायका पक्ष को जानकारी दी। आरोप है कि एजाज के साढ़ू जाने आलम, सास मेहरूनिशा, साली सबुलिया उनके घर पहुंच गए। गाली-गलौज की और फायरिंग शुरू कर दी। घर में भगदड़ मच गई। इसी बीच उनके पिता इशाक को गोली के छर्रे लग गए। आरोप है कि उन लोगों ने चाकू से भी हमला किया। इसमें उनकी मां नसीमा बेगम घायल हो गईं। जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की है।




# बेसिक स्कूलों में स्टील के बर्तनों में बनेगा खाना

## बर्तनों की खरीदारी करने के लिए महानिदेशक शिक्षा ने दिए निर्देश

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार:** जिले में संचालित परिषदीय स्कूलों में एल्युमिनियम के बर्तनों की जगह अब स्टील के बर्तनों में खाना बनाया जाएगा। जिसके निर्देश महानिदेशक शिक्षा ने बीएसए को दिए हैं। आदेश प्राप्त होने के बाद विभागीय अधिकारी द्वारा बर्तनों की खरीदारी के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है।

महानिदेशक शिक्षा कंचन वर्मा ने बीएसए को भेजे आदेश में कहा है कि एल्युमिनियम के बर्तन में भोजन बनाने से लीचिंग का खतरा रहता है। इससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जिले में 2155 प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और संविलियन विद्यालय संचालित हैं। इनमें करीब 3.42 लाख से अधिक बच्चे पंजीकृत हैं। इन बच्चों को दोपहर का खाना निःशुल्क दिया जाता है। स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के लिए दोपहर में भोजन बनाने के लिए एल्युमीनियम के बर्तनों का प्रयोग किया जाता है। महानिदेशक शिक्षा ने बीएसए को भेजे अपने पत्र में कहा कि एल्युमिनियम के बर्तन में भोजन पकाने की अवधि व तापमान का ध्यान न रखने से लीचिंग का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए विद्यालयों में भोजन पकाने के लिए जो भी बर्तन खरीदे जाएंगे, वह स्टील के होंगे।

- **सभी स्कूलों में अब तक एल्युमीनियम के बर्तनों में बनता रहा है मध्याह्न भोजन**

"महानिदेशक शिक्षा के आदेशानुसार कार्य किया जाएगा। वैसे कई स्कूलों में स्टील के बर्तनों में खाना बनाया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर स्टील के बर्तनों की खरीद कर ली जाएगी।

– **हिना खान,** डीसी एमडीएम।

### एल्युमीनियम के बर्तनों में खाना पकाने के नुकसान

एल्युमीनियम के बर्तनों में खाना पकाने से वो खाने से आयरन और कैल्शियम जैसे तत्वों को सोख लेता है। इसका मतलब अगर खाने के साथ एल्यूमीनियम पेट में जाता है तो यह शरीर से आयरन और कैल्शियम सोखना शुरू कर देता है। इससे हड्डियां कमजोर हो सकती हैं।

# दो वार्ड ब्यॉय निलंबित, चिकित्सक से मांगा स्पष्टीकरण

**बदायूं, अमृत विचार :** पति के नाक पर हमले में घायल महिला सोमवती मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंची थी। आरोप है कि चिकित्सक ने पीड़िता से उसके अनुसार रिपोर्ट तैयार करने के लिए रुपये मांगे। महिला के परिजनों ने हंगामा किया था। वहीं, चिकित्सक ने इसे झूठ बताया था। इस मामले में सीएमएस ने वार्ड ब्यॉय दीक्षित कुमार और राजू उर्फ महेंद्र को निलंबित कर दिया है। वहीं चिकित्सक का स्पष्टीकरण तलब किया है। सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह ने बताया कि दो वार्ड ब्यॉय को निलंबित किया गया है। चिकित्सक से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। फिर कार्रवाई होगी।

**11 अभियुक्तों को किया जिला बदर: बदायूं :** जिला मजिस्ट्रेट ने आपराधिक प्रवृत्तियों में लिप्त 11 लोगों को छह माह के लिए जिला बदर किया है। इसमें थाना उसावां, दातागंज के दो-दो, उझानी, बिनावर, बिसौली आदि स्थानों के आरोपी शामिल हैं।

# पंचायत चेयरमैन लेंगे भाजपा की सदस्यता



कार्यक्रम में मौजूद पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**संवाददाता,उसहैत**

- **संकल्प यात्रा में दी योजनाओं की जानकारी**


**अमृत विचार:** कस्बे में संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा पदाधिकारियों ने लोगों को शासन की योजनाओं से अवगत कराया। स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर एसपी सिंह ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। पूर्ति निरीक्षक राजेंद्र कुमार ने लोगों को राशन वितरण की जानकारी दी। वहीं, पंचायत चेयरमैन नवाब हसन ने प्रधानमंत्री की प्रशंसा कर भारत विकसित संकल्प यात्रा में मंच से लखनऊ पहुंचकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने की घोषणा की। कार्यक्रम में एमपी सिंह, जाकिर, हसरत, मुजीब,अली जान, फरजान नवाब, आले हसन आदि मौजूद रहे।

# पापियों के नाश को पृथ्वी पर जन्म लेते हैं परमात्मा

**संवाददाता, बिल्सी**

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव रिसौली में ग्राम देवता मंदिर पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। जिसके पांचवें दिन कथा वाचक ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म एवं राजा परीक्षित का प्रसंग सुनाया।

कथावाचक आचार्य रविकांत पाठक महाराज ने कहा कि जब पृथ्वी पर पापियों का बोझ सहन नहीं कर पा रही थी, तब सभी देवता ब्रह्मा जी एवं शिव के साथ क्षीर सागर में भगवान की स्तुति करने लगे। तब भगवान श्री हरि ने प्रसन्न होकर देवताओं को बताया कि मैं वासुदेव और देवकी के घर कृष्ण रूप में जन्म लूंगा और वृंदावन में मां यशोदा व नंदबाबा के घर बाल लीलाएं करूंगा। इसलिए आप सब भी उस समय धरती पर किसी ना किसी रूप में उपस्थित रहना। उन्होंने बताया कि जब भगवान ने पृथ्वी पर श्रीकृष्णा का अवतार धारण किया तब सभी देवता और स्वयं ब्रह्मा व शिव जी भी भगवान की लीलाओं के साक्षी बने थे। कथावाचक ने राजा परीक्षित की कहानी का भी प्रसंग बड़े सुदर से सुनाया। इस मौके पर गंगा सिंह, छुट्टन सिंह, सोनू शर्मा, पन्नालाल शर्मा, रामरतन कश्यप, शीशपाल कश्यप, पूनेश सिंह, कौशल शर्मा, राजेन्द्र चौहान, विनय माहेश्वरी, संतोष माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।



कथा का वर्णन करते कथावाचक आचार्य रविकांत पाठक।

- **गांव रिसौली स्थित मंदिर पर चल रहा है श्रीमद्भागवत कथा का कार्यक्रम**

# धूमधाम से मनाया जैन मंदिर पदमांचल का वार्षिक उत्सव

**बिल्सी,अमृत विचार:** कस्बा स्थित 1008 पदम प्रभु दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र पदमांचल का गुरुवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। उत्सव के दौरान माहौल भक्तिमय बना रहा।

मुरादाबाद से पधारे नरेंद्र कुमार जैन ने सर्वाधिक रुपयों की बोली लेकर भगवान जिनेंद्र स्वामी का जलाभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त किया। वहीं, मंदिर में भक्तों के द्वारा पदम प्रभु स्वामी का विधान पाठ एवं णमोकार मंत्र का जाप किया गया।

साथ ही भगवान को लड्डू का भोग लगाया गया। इसके अलावा भक्तों के द्वारा पद्मांचल जैन मंदिर के प्रणेता स्रोत रहे 105 विज्ञान सागर महाराज की मूर्ति का जलाभिषेक करने के साथ ही पूजन किया गया।

इस मौके पर समाज के अध्यक्ष मृगांक कुमार जैन, अनिल जैन सोनी, संतोष जैन, प्रशांत जैन, वितेन्द्र जैन, नीरज जैन आदि मौजूद रहे।

# तंबुओं का शहर बसाकर रोवर्स-रेंजर्स ने बनाया बिना बर्तन भोजन

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** नेहरू मैमोरियल शिवनारायण दास महाविद्यालय में चल रहे प्रशिक्षण शिविर के समापन पर रोवर्स-रेंजर्स ने तंबुओं का शहर बसाकर बिना बर्तन भोजन बनाया। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. आशीष कुमार सक्सेना ने स्काउट ध्वज फहराया।

अध्यक्षता कर रहे स्काउट संस्था के जिला मुख्यायुक्त डॉ. वीपी सिंह सोलंकी ने कहा कि स्काउटिंग जीवन जीने की कला और वर्तमान समस्याओं का समाधान है। डॉ. मोहन लाल मौर्य ने कहा कि श्रेष्ठ संस्कारों से देवत्व का उदय होता है। स्काउट संस्था के पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि ट्रेनिंग प्राप्त करने वाले रोवर्स-रेंजर्स 5 मार्च से बरेली कॉलेज में होने वाले रोवर्स-रेंजर्स समागम में प्रतिभाग करेंगे, जिसमें बरेली व मुरादाबाद मंडल के महाविद्यालय शामिल होंगे। इसमें तंबुओं का शहर बसाकर रोवर्स-रेंजर्स ने बिना बर्तन भोजन बनाया। शिविर में महाराणा प्रताप क्रू प्रथम, इंदिरा गांधी रेंजर टीम द्वितीय, भीमराव आंबेडकर क्रू तृतीय स्थान पर रहा। बेस्ट रोवर अमन कश्यप व देव माहेश्वरी और

बेस्ट रेंजर रिया कश्यप को चुना गया। रेंजर कांची वर्मा और रिया उपाध्याय को सांत्वना पुरस्कार मिला। डॉ. सत्यम मिश्रा, प्रिंस विशाल दीक्षित, अनमोल निधि निर्णायक के रूप में रहे।

रेंजर प्रभारी रुचि चौहान और रोवर प्रभारी लक्ष्य सिंह चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन डीओसी मो. असरार ने किया। मुकेश बाबू शर्मा, डॉ. प्रदीप चौरसिया, सारांश वशिष्ठ, डॉ. शिवराज कुमार, डॉ. प्रशांत कोहली, डॉ. संजीव कुमार सक्सेना, डॉ. विक्रांत उपाध्याय, डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. रवि भूषण पाठक, डॉ. सत्यम मिश्रा, अर्चना, डॉ. गौरव रस्तोगी आदि मौजूद रहे।



शिविर के समापन पर प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथि।

- **एनएमएसएन दास पीजी महाविद्यालय में चल रहे शिविर का हुआ समापन**

## रिसौली में कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

**बिल्सी ।** तहसील क्षेत्र के गांव रिसौली मोहन पट्टी में श्रीमद्भागवत कथा से पहले गांव में महिलाओं द्वारा धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मोहन पट्टी से आरंभ हुई, जो नागा बाबा मंदिर, सिद्ध इंदरमन बाबा मंदिर, नंदा देवी मंदिर, सती मंदिर पर होती हुई रनापटटी, नगूपटटी, भिकापटटी, समपुरा पट्टी एवं मुख्य बाजार में होती हुई कथा स्थल ग्राम देवता मंदिर पर पंहुची। इससे पहले यहां कथावाचक आचार्य रविकांत पाठक कलश की स्थापना एवं पोथी पूजन समेत कई धार्मिक अनुष्ठान कराए। इस मौके पर पंडित सोनू शर्मा, पन्नालाल शर्मा, गंगा सिंह, अनिल सिंह, वीरेश सिंह, मुन्ना सिंह, संतोष माहेश्वरी, विनय माहेश्वरी, रामरतन कश्यप आदि रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582










# पात्रों को योजनाओं की दी जानकारी

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद शीराज आलम ने भाजपा संगठन द्वारा आवंटित मोहल्ला लोची नगला के बूथ संख्या 141 पर लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता बिट्टन ने बताया कि सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, समग्र ग्राम विकास योजना के लाभार्थियों की जानकारी के लिए घर-घर कार्यकर्ता जाकर फीडबैक लेंगे।

मोहम्मद शीराज आलम ने कहा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के अनुरूप केंद्र की सरकार ने बिना भेदभाव गांव, गरीब, किसान, महिला, नौजवान के हितों के लिए जो कार्य किया। वह 140 करोड़ देशवासियों के जीवन में व्यापक परिवर्तन का कारक बना है। विपक्ष बुरी तरह हताश है और अपनी हार मान चुका है।

मंडल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नसीम खान, नौरंगी कश्यप, मनोज, हरिराम, आकाश वर्मा आदि उपस्थित रहे।



लोची नगला में महिला को योजना के बारे में जानकारी देते शीराम आलम।

# छात्राओं को बताया परिश्रम का महत्व

**उझानी, अमृत विचार:** बांके बिहारी कन्या (पीजी) महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर का आयोजन चयनित ग्राम गंगोरा में चल रहा था। जिसका समापन मंगलवार को हो गया। समापन पर वक्ताओं ने छात्राओं से कर्तव्य और निष्ठा का महत्व समझाया। इसके अलावा छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। साथ ही गांव में जागरुकता रैली निकाली।

कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य डा. नीरज कुमार रस्तोगी ने स्वयं सेविकाओं को संदेश दिया कि हमें अपने कर्तव्य का निर्वाहन ईमानदारी एवं पूर्ण निष्ठा से करना चाहिए। डॉ शालभा यादव ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

# बाबा इंटरनेशनल स्कूल में मिलेगी कोटा जैसी शिक्षा




कार्यक्रम में मौजूद तक्षशिला और कॉलेज के पदाधिकारी।

**संवाददातात, बिल्सी**

**अमृत विचार:** बाबा इंटरनेशनल स्कूल में तक्षशिला इंस्टिट्यूट ने सेमिनार में बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियर बनने के बारे में जानकारी दी।

असिस्टेंट मैनेजिंग डायरेक्टर चिरंजीवी शर्मा ने बच्चों को बताया कि तक्षशिला इंस्टीट्यूट द्वारा अब नगर में दिल्ली और कोटा की तरह शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। स्टडी मैटेरियल ,कोचिंग क्लासेस के लिए तक्षशिला प्रसिद्ध है। वाइस प्रेसिडेंट रोहित श्रीवास्तव ने कहा कि करियर बनाने के लिए हमें भीड़ से अलग होना पड़ेगा। डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य है कि क्षेत्र के बच्चे डॉक्टर और इंजीनियर बने। प्रधानाचार्या रूपा माहेश्वरी ने कहा कि विद्यालय अब क्षेत्र के बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियरिंग की शिक्षा भी उपलब्ध करायेगा।डायरेक्टर साधना वार्ष्णेय, राज कुमार गुप्ता सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

## अंबेडकर पार्क में चलाया स्वच्छता अभियान



**बदायूं।** राजकीय महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविकाओं द्वारा शिविर लगाया गया। जिसके पांच दिन स्वयंसेवी छात्राओं ने डॉ भीमराव आंबेडकर पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया। उनके द्वारा पार्क के परिसर एवं बाहर के क्षेत्र की साफ सफाई की गई। शिविर के द्वितीय सत्र में मुख्य अतिथि रहे एडवोकेट हरी प्रताप सिंह राठौड़ ने स्वयंसेवी छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वयंसेवक का अर्थ बताया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के नरेंद्र से लेकर स्वामी विवेकानंद होने तक के जीवन वृतांत पर प्रकाश डाला। इसके बाद छात्राओं ने स्वच्छता एवं मतदान शीर्षक पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ वंदना तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ भावना सिंह ने किया।

## बच्चों ने ताज का किया दीदार



**बदायूं।** मदर एथीना स्कूल प्रबंधन द्वारा स्कूली बच्चों को शैक्षिक भ्रमण के तहत आगरा ले जाया गया। जहां उन्होंने ताजमहल को देखा। साथ ही उसके विषय में जानकारी प्राप्त की। ताज महल भ्रमण के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को उसके ऐतिहासिक महत्व से अवगत कराया। बताया कि मुगल बादशाह शाहजहां ने अपनी बेगम मुमताज की याद में इस ऐतिहासिक इमारत का निर्माण कराया था। बच्चों ने ताजमहल प्रांगण में भ्रमण कर वहां के अद्भुत सौंदर्य को निहारा। विद्यालय की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण विद्यार्थियों में आत्मविश्वास के साथ-साथ स्वावलंबन की भावना का विकास करते हैं।

# गोमाता की पूजा से प्रसन्न होते हैं 33 कोटि देवी-देवता

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- अमांपुर में हुआ आरएसएस का शाखा संगम कार्यक्रम

**अमृत विचार :** अमांपुर के बैकुंठी देवी राष्ट्रीय शिशु सदन में बुधवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा शाखा संगम कार्यक्रम में वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण एवं समरसता पर जोर दिया। गो-माता के संरक्षण पूजा और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही शाखाओं में तीर्थ नगरी सोरों के प्रचार प्रसार पर भी बल दिया गया।

गो- संवर्धन प्रमुख प्रधानाचार्य जागन सिंह सोलंकी ने कहा कि गांव का किसान गाय चराता है। शहर का व्यक्ति कुत्ते को टहलाता है। गाय के बछड़े को संस्कृत में वत्स कहा जाता है। गाय की पूजा करने से 33 कोटि देवता प्रसन्न होते हैं। नगर को पर्यावरण युक्त व पॉलीथिन मुक्त बनाने का भी आह्वान स्वंय सेवकों से किया। कहा कि स्वयं सेवक सामाजिक सद्भाव, समरसता, पर्यावरण संरक्षण, ग्राम्य विकास और कुटुंब प्रबोधन की गतिविधियों के द्वारा सांस्कृतिक भारत का निर्माण करें। प्रधानाचार्य श्रीराम सोलंकी, राहुल साहू, दरवेश फौजी, कुमरलाल दरोगाजी, रामखिलाड़ी उपाध्याय, विजय सोलंकी, धीरज गुप्ता सर्राफ, चित्रर सिंह, रूद्रप्रताप सिंह, विजय प्रकाश गुप्ता, आकाश गुप्ता सर्राफ, पुष्पेंद्र वर्मा, अनंत यदुवंशी, प्रशांत आर्य, आयुष गुप्ता आदि स्वंय सेवक मौजूद थे। शाखा संगम में एकल गीत रामखिलाड़ी उपाध्याय ने गाया।

# विद्युत उपभोक्ता को स्थाई लोक अदालत से मिला न्याय

**कासगंज, अमृत विचार :** नगला इंद्रजीत अर्जुनपुर की शारदा देवी ने स्थाई लोक अदालत में प्रार्थना पत्र दिया कि उन्होंने 129104 रुपये नलकूप संयोजन के लिए जमा किए थे। विभाग की लापरवाही से पूरा सामान नहीं मिला और विभाग मनमानी करता रहा। न्यायालय ने अधिशासी अभियंता का जवाब तलब किया। दोनों पक्षों को जाना। इसके के बाद विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों के जवाब से न्यायालय एवम वादी संतुष्ट हुआ। स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष चंद्रशेखर प्रसाद, सदस्य बसंत शर्मा एवं डॉ. सपना अग्रवाल ने निस्तारण कर दिया है। बसंत शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों ने समझौता के आधार पर बाद के निस्तारण में सहमति दे दी है विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों का पक्ष संतोषजनक रहा इसलिए बाद का निस्तारण त्वरित गति से हुआ।

# साइबर अपराध रोकने में पुलिस को मिलेगी सहायता

## जिले में साइबर सेल थाना शुरू, मुख्यमंत्री के लखनऊ कार्यक्रम का दिखाया गया लाइव प्रसारण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** सोरों स्थित अस्थाई पुलिस लाइन में बुधवार को साइबर सेल थाने का आरंभ हुआ। जनप्रतिनिधियों ने लोकार्पण किया। लखनऊ के मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया।

साइबर थाने का आरंभ करते हुए सदर विधायक देवेंद्र राजपूत एवं अमांपुर के विधायक हरिओम वर्मा ने कहा कि आम जनता की सुरक्षा को लेकर प्रदेश की सरकार सजग है। बीते सालों में प्रदेश की कानून व्यवस्था में आमूल चूक सुधार हुआ है। अपराधी और गुंडे सलाखों के पीछे हैं। पुलिस को भी अपराधियों और अपराध पर नकेल कसने की छूट मिली हुई है। विधायकों ने कहा कि साइबर सेल थाने का थाना खुल जाने से साइबर अपराधों के रोकने में पुलिस को मदद मिलेगी।

डीएम सुधा वर्मा ने भी साइबर अपराध को रोकने में थाने की भूमिका पर चर्चा की। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि आज लखनऊ लोक भवन स्थित आडिटोरियम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के 1523 थानों पर साइबर सैल थानों का शुभारंभ किया गया है।

उन्होंने इसे पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबी कश्यप, सोरों पालिकाध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे, सीओ अजीत सिंह चौहान मौजूद रहे।


पुलिस लाइन में साइबर थाने का लोकार्पण करते विधायक देवेंद्र राजपूत, हरिओम वर्मा, डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

### प्रचार वाहन को हरी झंडी देकर किया रवाना

साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए जिला पुलिस द्वारा प्रचार वाहन को तैयार कराया गया है। यह वाहन लोगों के बीच जाकर उन्हें साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करेगा और इसकी रोकथाम के तरीके बताएंगा। प्रचार वाहन को पुलिस लाइन से सदर विधायक देवेंद्र राजपूत, अमांपुर के विधायक हरिओम वर्मा, डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# हत्या के चार दोषियों को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- दोषियों पर लगाया 30-30 हजार रुपये का अर्थदंड
- जर्माना अदा न करने पर भुगतनी होगी अतिरिक्त सजा

**अमृत विचार :** युवक की मारपीट कर हत्या मामले में न्यायालय ने चार आरोपियों को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने दोषियों को आजीवन करावास की सजा और 30-30 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर दोषियों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

आठ मई 2017 को सोरों कोतवाली के ग्राम न्यौली निवासी मुकेश की मारपीट कर हत्या कर दी गई थी। शव जंगल में मिला था। मामले में भाई हरीशंकर ने सोरों कोतवाली में नामजदों के विरुद्ध मुकदाम दर्ज कराया था। जांच अधिकारी ने मामले की विवेचना करते हुए आरोपी महावीर, हरवंश, भगवती, आरती के विरुद्ध न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की। न्यायालय उपस्थित आए आरोपियों ने घटना से इंकार करते हुए स्वयं को झूठा फंसाया जाना बताया और परीक्षण की मांग की। अभियोजन पक्ष की ओर पैरवी करते हुए जिला शासकीय अधिवक्ता संदीप मिश्रा ने घटना के पक्ष में गवाहों और सबूतों को पेश किया। दोनों पक्षों की बहस सुनने और पत्रावली पर उपलब्ध सक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने आरोपियों को हत्या का दोषी माना और प्रत्येक को आजीवन कारावास की सजा एवं 30-30 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# जेल में न जाने पाए कोई प्रतिबंधित सामग्री

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** डीएम, एसपी ने बुधवार को पचलाना स्थित जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों को निर्देशित किया कि जेल में कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाए। साथ ही मेस पहुंचकर भोजन की गुणवत्ता और जेल परिसर में सफाई व्यवस्था बनाए रखने को कहा। डीएम ने जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों के बीमार होने पर अस्पताल में उनके उपचार की बेहतर व्यवस्था रहे।

डीएम सुधा वर्मा एवं एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया। सभी व्यवस्थाएं अच्छी मिलीं। अधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान कारागार में निरुद्ध बंदियों के समस्याओं को सुनते हुए आवश्यक निर्देश दिए। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवत्ता एवं कारागार की सफाई व्यवस्था ठीक पाई गई। इसके बाद डीएम, एसपी ने जेल अस्पताल, बैरक, मेस, जेल परिसर में निरीक्षण किया। डीएम, एसपी ने कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं सुवविधाओं के संबंधित में जानकारी ली । सभी कार्य नियमानुसार सही ढंग से किए जाएं। जेल परिसर की साफ-सफाई के संबंधित में कारागार कर्मियों को निर्देश दिए गए।


जिला जेल का निरीक्षण कर बाहर आतीं डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

- डीएम, एसपी ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण
- मेस में भोजन की गुणवत्ता एवं सफाई व्यवस्था रखने के निर्देश

# आधुनिक शिक्षा में कंप्यूटर महत्वपूर्ण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** मोहनपुरा के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कंप्यूटर कक्ष की स्थापना की गई। संभाग निरीक्षक ने फीता काटकर कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा में कंप्यूटर की महत्वा बताई।

मोहनपुरा के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मोहनपुरा मे कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन करते हुए संभाग निरीक्षक रमाकांत ने कहा कि आधुनिक युग में शिक्षा के लिए कंप्यूटर की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि विद्यालय की कक्षाओं में कंप्यूटर लग जाने से बच्चों को शिक्षा में सहायता मिलेगी। संरक्षक जुगल किशोर पुंढीर एवं जिला मंत्री सुखवीर सिंह एडवोकेट ने कहा कि विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के लिए कंप्यूटर शिक्षा का माध्यम है। प्रबंध समिति के अध्यक्ष ठाकुर प्रेमवीर सिंह गुरहार एडवोकेट ने आभार व्यक्त किया। हरिशंकर गोला, नरेश कुमार नंदन, प्रधानाचार्य ज्वाला प्रसाद, रघुवीर, हर प्यारी बहन, रामोतार, सुरेंद्र सक्सेना, निर्दोष गुरहार, देवेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।


कंप्यूटर कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन करते संभाग निरीक्षक रमाकांत।

- संभाग निरीक्षक ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कंप्यूटर कक्ष का फीता काटकर किया उद्घाटन

# हाई स्कूल, इंटरमीडिएट की परीक्षा में रहे कड़े इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- बुधवार को हुई वैकल्पिक विषयों की परीक्षा, अधिकारी पल पल बनाए रहे नजर, लेते रहे अपडेट

**अमृत विचार:** बुधवार को हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की वैकल्पिक विषयों की परीक्षा हुई। परीक्षा में कड़े इंतजाम रहे। अधिकारी पल-पल अपडेट लेते रहे और परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर निरीक्षण करते रहे। कहीं भी अनुचित सामग्री का उपयोग करते हुए नहीं पाया गया। देर शाम रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई।

हाईस्कूल संस्कृत व संगीत वादन एवं इंटर में अर्थशास्त्र व चित्रकला की परीक्षा हुई। 3353 परीक्षार्थी शामिल हुए। 231 परीक्षार्थी नहीं पहुंचे। प्रश्नपत्र सरल आने से परीक्षार्थियों के चेहरे खिल उठे। परीक्षा में पहली पाली में हाईस्कूल संस्कृत व इंटर अर्थशास्त्र की परीक्षा हुई। संस्कृत में पंजीकृत 440 में से 425 ने परीक्षा दी। 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। अर्थशास्त्र की परीक्षा में 1171 परीक्षार्थी पंजीकृत रहे। जिसमें से 1119 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। 52 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं आए। दूसरी पाली में हाईस्कूल संगीत वादन में पंजीकृत 43 में से 41 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इंटर चित्रकला में पंजीकृत 1930 में से 1768 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। 162 ने परीक्षा नहीं दी।

> परीक्षा सकुशल संपन्न हुई है। कहीं भी अनुचित सामग्री का उपयोग नहीं पाया गया है। सीसीटीवी कैमरा के फुटेज भी कंट्रोल रूम से देखे गए। परीक्षा की कड़ी निगरानी की जा रही है।
> -पीके मौर्य, डीआईओएस

# सिंचाई को मिलेगी निर्बाध आपूर्ति बनाए जा रहे 25 कृषि फीडर

- स्वर्णिम योजना के तहत निर्बाध रूप से किसानों को दी जाएगी बिजली

**कासगंज, अमृत विचार :** किसानो को कृषि की सिंचाई के लिए बिजली की समस्या न हो इसके लिए जिले में 25 कृषि पोषक फीडर बनाए जा रहे हैं। जिनमें से कुछ फीडर जल्द ही चालू होंगे। जबकि कुछ फीडर अगले वर्ष तक सुचारू हो सकेंगे। किसानों को निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति दी जा सकेगी। विद्युत वितरण खंड कासगंज के अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि किसानों को सिंचाई के लिए अवाध विद्युत आपूर्ति मिल सके इसके लिए सरकार द्वारा स्वर्णिम विद्युत योजना लागू की गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य किसानों को निरंतर विद्युत की आपूर्ति देना है। किसानों को सिंचाई और उनके घरों की बिजली आपूर्ति के लिए फीडर अलग अलग किए जाएंगे। इसके लिए जिले में 25 कृषि पोषक फीडर बनाए जा रहे हैं। जिनमें से 11 फीडर जल्द ही चालू हो जाएंगे। जबकि शेष फीडर वर्ष के अंत तक शुरू हो सकेंगे।



# राजनैतिक क्षेत्र में उपेक्षित हैं कुशवाह, शाक्य

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** कुशवाह, शाक्य, मौर्य और सैनी समाज की बैठक शहर के मुहल्ला नाथूराम में हुई। बैठक में समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं राजनैतिक उपेक्षा पर चिंता जताई गई। समाज के उत्थान के लिए एक मंच की जरूरत पर बल दिया गया। सर्वसम्मति से संजय कुशवाह को शाक्य, सैनी, मौर्य, कुशवाह समाज का अध्यक्ष बनाया गया।

अध्यक्षता करते हुए रमेश चंद्र कुशवाह ने कहा कि जिले में कुशवाह, शाक्य, सैनी, मौर्य समाज की बड़ी आबादी है। समाज राजनैतिक दृष्टि से उपेक्षित है। जरूरत एक संगठन बनाकर समाज को समर्पित करने की है। संचालन कर रहे डा. हरीपाल कुशवाह ने कहा कि उदासीनता के कारण ही आज न तो राजनैतिक पहचान है और न ही समाज का उत्थान हुआ है। बैठक में राजू कुशवाह, मनोज शाक्य, आलोक कुशवाह, दिनेश सैनी, रतनेश सैनी, पदम प्रिय कुशवाह, अजय कुशवाह, धनेंद्र कुशवाह, कन्हैया कुशवाह मौजूद रहे।


कुशवाह, शाक्य समाज के अध्यक्ष संजय कुशवाह का स्वागत करते पदाधिकारी।

- समाज के उत्थान के लिए मंच की जरूरत पर दिया गया बल

**जल्द वापसी की आशा** — रूस की सेना में कासगंज के युवक को भर्ती करने का मामला, विदेश मंत्रालय का आया बयान

# विदेश मंत्रालय सक्रिय, वतन वापसी की जगी उम्मीद

संवाददाता, गंजडुण्डवारा

**अमृत विचार:** कस्बे के युवक को हेल्पर की नौकरी के बहाने रूस ले जाकर सेना में भर्ती कर देने के मामले में युवक की वतन वापसी की उम्मीद परिवार लगाए बैठा है। खबरें मीडिया मे प्रसारित होने के बाद विदेश मंत्रालय सक्रिय हो गया है। मंत्रालय ने रूस की सरकार के सामने उठाया है, जिससे रूस में फंसे अरबाव के पिता अशरफ हुसैन की उम्मीद भी जगी है। कई भारतीय रूस की सेना में काम कर रहे हैं और कई भारतीय यूक्रेन में युद्ध के मोर्चे पर तैनात हैं। इन भारतीयों को लाखों रुपये की नौकरी का लालच देकर रूस बुलाया गया था और वहां उन्हें सेना में भर्ती कर लिया गया, जिसमें कस्बा के मोहल्ला आवाजी निवासी अरबाव भी शामिल है। उसकी वतन वापसी को अरबाव के परिवार ने प्रधानमंत्री से मदद की गुहार लगाई थी।

**विदेश मंत्रालय ने एक्स पर बयान किया जारी :** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोमवार को एक्स पर बयान जारी कि कि हमने कुछ त्रुटिपूर्ण मीडिया रिपोर्ट्स देखी हैं जिस में कुछ भारतीय रूस की सेना से छुटकारे के लिए मदद मांग रहे हैं। ऐसे हर मामले की जानकारी मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास को दी गई है। दूतावास ने इस मामले को रूस की सरकार के सामने उठाया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली स्थित रूसी दूतावास के सामने भी मामले को रखा है। इसके बाद कई भारतीयों को छोड़ भी दिया गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा ' 'हम इस मामले को प्राथमिकता के आधार पर देख रहे हैं और रूस की सरकार के संपर्क में हैं ताकि भारतीयों को जल्द से जल्द रूस की सेना से निकाल वतन वापस लाया जा सके।

**भाई के संपर्क में है अरबाव :** इस संबंध अरबाव के भाई तारिक ने बताया कि उनका भाई उनके सम्पर्क मे है और दो दिन पहले ही उससे बात हुई लेकिन अभी उसने वतन वापसी के सम्बंध में सहायता मिलने की कोई बात नहीं बताई है। स्थानीय पुलिस ने घर पहुंचकर सम्बंधित जानकारी जरूर जुटाई है।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084

डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900 , 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 29 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
* इनवेजव रेडियोलॉजी की जाँचे छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था
*एंट्री लेवल

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज



नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें

विशेष चिकित्सा:- • भूख न लगना • कब्ज • अपच • गैस • खाने के बाद शौचालय जाना • शारीरिक अंगों का विकास रूकना • पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना • 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। • बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। • कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। • बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। • खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।

शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।



नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें

सैक्स समस्यायें
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
• शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
• हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
• इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
• वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
• ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
• योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
• मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)

विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांकः- 10 मार्च 2024, रविवार
24 मार्च 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# भाकियू ने समस्याओं के समाधान के लिए एसडीएम को दिया ज्ञापन

## सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने, कोटेदार पर कार्रवाई की मांग

संवाददाता, जलेसर/अवागढ़



मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए किसान। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन किसान के राष्ट्रीय महासचिव से प्रताप सिंह अंशु ने जलेसर और अवागढ़ क्षेत्र की दर्जनों समस्याओं के समाधान हेतु उप जिलाधिकारी जगमोहन गुप्ता को ज्ञापन सौंपा है।

राष्ट्रीय महासचिव के अनुसार नूह खास में सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाने एवं पुलिया सड़क निर्माण कराये जाने की मांग की। अवागढ़ विकासखंड के ग्राम सरानी में राशन डीलर द्वारा फर्जी राशन कार्डों के सहारे भ्रष्टाचार पर कार्रवाई के अलावा ग्राम पंचायत बेरनी में सरकारी नाली व गूल दबंग से मुक्त कराकर सिंचाई हेतु व्यवस्था की मांग की। पुरानी फर्द पर ही रियल टाइम खतौनी एक मौजा की कई गाटाओं की एक की जाए जिससे किसानों का नुकसान बच सके। ग्राम पंचायत नरहुली एवं अब्दुल हईपुर में गोवंशों को गोशाला में भेजने समेत अन्य मांगें भी थी। प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह जिला अध्यक्ष प्रबल प्रताप, प्रदेश प्रभारी विक्की ठाकुर, झलके ठाकुर, मोनू गौतम, आदित्य, कुलदीप सिंह, श्रवण कुमार, बालवीर, सोनू शरद गोस्वामी आदि मौजूद थे।

## अग्निशमन प्रशासनिक भवन का लोकार्पण आज

**जलेसर।** अग्निशमन भवन का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर 29 फरवरी को प्रातः 10:00 बजे भवन का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा कॉन्फ्रेंस के जरिए किया जाएगा। लोकार्पण के मौके पर केंद्रीय मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल, एटा के सांसद राजवीर सिंह राजू भैया जनपद के समस्त विधायक एवं प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी मुख्य अग्निशमन अधिकारी रमेश कुमार तिवारी ने दी।

# एमएलसी के हाथों स्मार्टफोन पाकर छात्राओं के खिले चेहरे

**एटा, अमृत विचार :** पुष्पादेवी गर्ल्स कॉलेज गांधी मार्केट एटा में प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत बुधवार को 206 छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किए गए। कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि एमएलसी आशीष यादव, कॉलेज सचिव डा. संजय यादव, डा. अनुपम यादव द्वारा किया गया। उसके बाद बच्चों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। आशीष यादव ने कहा कि छात्राएं देश के भविष्य की निर्माता हैं। जिसका प्रारंभ अच्छे संस्कार और शिक्षा से होता है। प्राचार्या सीमा यादव ने भी विचार रखे। राजकीय मेडिकल कालेज के एच.ओ.डी. डा. मनोज यादव, सभासद मुन्नालाल, पूर्व प्रधान योगेश यादव, सपना तोमर, गीता सिंह, मंदाकिनी शर्मा, नीतू सिंह, सुप्रिया पाल, नीलम, वंदना यादव, पूजा यादव समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## हत्या के इरादे से चलाई गोली

**जैथरा।** जैथरा थाना क्षेत्र के गांव ततरई निवासी सुखवीर सिंह ने अदालत के आदेश से अभियोग दर्ज कराया कि 31 जनवरी 2024 को गांव के शीशराम समेत पांच लोगों ने घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की, तथा हत्या के इरादे से गोली चलाई। उपनिरीक्षक कपिल ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
RISAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में



अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ!
परामर्श शुल्क
₹2~~0~~0/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार
प्रातः 09:00 से 03 बजे तक
हेल्पलाइन नं०
6398018900
उपलब्ध सुविधायें :-
• निःसन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, • टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
• इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, • ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
• उच्चतम सफलता दर, • विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

# एडीजी ने पुलिस लाइन में मीटिंग हॉल का किया उद्घाटन

**एटा, अमृत विचारः** अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ द्वारा जनपद एटा के वार्षिक निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन का भ्रमण किया गया। पुलिस लाइन एटा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा राजेश कुमार सिंह द्वारा को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। आधुनिकृत मीटिंग हॉल का शिला पट्टिका के अनावरण व फीता काट कर उद्घाटन किया गया।

बलवा ड्रिल, सब्सिडियरी पुलिस कैंटीन, आरओ, भोजनालय, जिम्नेजियम हाल, पुलिस चिकित्सालय, परिवहन शाखा, क्वार्टर गार्द, जी 11 नई बिल्डिंग तथा आदेश कक्ष का निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। थाना प्रहरियों को साइकिल, टॉर्च आदि वितरण कर, उनका उत्साह वर्धन करते हुए उनसे संवाद स्थापित कर उनको ड्यूटी एवं कर्तव्यों के निर्वहन के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध योगेन्द्र सिंह समेत आदि उपस्थित रहे।

# 134 अभ्यर्थियों का रोजगार मेले में किया गया चयन



वीरांगना अवन्तीबाई महिला महाविद्यालय में साक्षात्कार में उपस्थित अभ्यर्थी।

संवाददाता, एटा

**अमृत विचारः** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, एटा द्वारा बुधवार को वीरांगना अवन्तीबाई (पीजी) महिला महाविद्यालय में रोजगार मेले में 216 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिनमें से 134 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न कम्पनियों द्वारा किया गया।

रोजगार मेले में पांच कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। एलआईसी में 42 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया और 35 अभ्यर्थियों का चयन कम्पनी द्वारा किया गया। होली हर्ब्स कम्पनी में 48 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया और 43 अभ्यर्थियों का चयन कम्पनी द्वारा किया गया। जी4एस सिक्योर सॉल्यूशंस इण्डिया प्रालि में 19 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया और 11 अभ्यर्थियों का चयन कम्पनी द्वारा किया गया। एसबीआई लाइफ में 50 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया और 32 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इसके अलावा रियालंस जियो कम्पनी में 57 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया और 13 अभ्यर्थियों का चयन किया गया।

# मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित बैरक का किया वर्चुअल लोकार्पण



बैरक के लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक मनीष असीजा, एसएसपी सौरभ दीक्षित, भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप और महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार। • अमृत विचार

संवाददाता, फिरोजाबाद

• लाइन में 150 कर्मचारियों के लिए बनाये गये हैं बैरक, हॉस्टल एवं साइबर क्राइम थाना

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को वर्चुअली कार्यक्रम में 773.22 लाख की लागत से पुलिस लाइन में बने बैरक, हॉस्टल और थाना साइबर क्राइम का लोकार्पण किया। पुलिस लाइन में 150 पुलिस कर्मियों हेतु नवनिर्मित बैरक का निर्माण किया गया है। साथ ही जनपद में स्थित थाना साइबर क्राइम का भी वर्चुअल लोकार्पण किया गया है। मुख्य अतिथि विधायक सदर मनीष असीजा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित एवं नगरायुक्त घनश्याम मीणा के अलावा अपर पुलिस अधीक्षक नगर सर्वेश कुमार मिश्रा, ग्रामीण कुमार रणविजय सिंह सहित क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन, क्षेत्राधिकारी नगर, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी थाना साइबर क्राइम एवं पुलिस के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार साले की मौत, जीजा गंभीर

**जलेसर, अमृत विचारः** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार जीजा-साले गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल ले जाने से पहले ही साले की मौत हो गई, जबकि घायल जीजा को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

जनपद हाथरस जंक्शन के गांव बरवाना निवासी साला विकास (25) पुत्र सत्यवीर सिंह अपने जीजा सोनू पुत्र सुनहरीलाल निवासी नौजलपुर थाना मटराक जिला अलीगढ़ के साथ मोटरसाइकिल से मौसी के घर जलेसर लौट रहा था। मंगलवार की देर रात जलेसर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत जलेसर-सासनी रोड स्थित पथवारी मंदिर के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना होते ही आरोपी चालक मय गाड़ी के फरार हो गया। घायलों को उपचार के लिए स्वास्थ्य केन्द्र में दाखिल कराया गया जहां विकास की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल सोनू को डाक्टर ने हायर सेंटर रेंटर कर दिया।

## निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर लगाकर किया उपचार

**जलेसर, अमृत विचार :** विकासखंड क्षेत्र के गांव फाजिलपुर में बुधवार को राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालय जलेसर के द्वारा निःशुल्क आयुर्वेदिक कैंप व योग सेशन का आयोजन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ मनोज कांत के निर्देशन में किया गया। शिविर में एएमओ डॉ. शबनम राजपूत द्वारा ग्रामीण जनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर बदलते मौसम के अनुसार अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने व आयुर्वेद के अनुसार दिनचर्या, आहार विहार आदि अपने प्रतिदिन के जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। योग प्रशिक्षक अनिल कुशवाहा द्वारा रोगानुसार योग का प्रशिक्षण दिया तथा प्रतिदिन योग करने को प्रेरित किया। शिविर में योग सहायक सचिन कुमार, भृत्य राजकुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

## टप्पेबाज महिलाओं ने सोने की जंजीर और अंगूठी लूटी

**एटा, अमृत विचार :** निधौलीकलां थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम मनौरा निवासी सीमा ई-रिक्शा में बैठकर जा रही थी। उसी ई-रिक्शा में सवार अन्य महिलाओं ने उसके बैग की चैन खोलकर सोने की चेन और सोने की अंगूठी निकला ली। पीड़िता नगर के नन्नूमल चैराहा पर पहुंची तो उसने बैग की चैन खुली पाई। देखा तो उसकी अंगूठी और जैन गायब थी। पुलिस टप्पेबाज महिलाओं की तलाश कर रही है।

# खेल महोत्सव में प्रदीप एवं कृष्णा राजपूत चैंपियन



चैंपियन छात्र-छात्रा को पुरस्कार प्रदान करते बैंक प्रबंधक एवं प्राचार्य। • अमृत विचार

संवाददाता, जलेसर

**अमृत विचारः** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 40वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक किशोरी लाल अग्रवाल एव विशिष्ट अतिथि आगरा रोड के प्रबंधक रहे।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विभा ने पुष्पगुच्छ तथा डॉव विजय सिंह चौधरी ने शाल उड़ाकर स्वागत उनका स्वागत और सम्मान किया। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खेल महोत्सव में प्रदीप एवं कृष्णा राजपूत चैंपियन बने हैं। कार्यक्रम की शुरुआत 3000 मीटर की प्रतियोगिता से हुई। मुख्य अतिथि एव महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्या द्वारा विजेता छात्र छात्राओं को मैडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रा वर्ग में चैंपियन छात्रा का पुरुष्कार कृष्णा राजपूत तथा छात्र वर्ग में चैंपियन छात्र का पुरस्कार प्रदीप कुमार ने प्राप्त किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ने कहा कि हार जीत खेलों का अंग है इससे निराश होने की जरूरत नहीं अगले वर्ष के लिए जोरदार तैयारी करें।

# मुठभेड़ में दो लुटेरे दबोचे, एक गोली लगने से हुआ घायल

**फिरोजाबाद, अमृत विचारः** एसओजी, सर्विलांस और थाना खैरगढ़ पुलिस मंगलवार की रात्रि में बिल्टीगढ़ बाइपास पुल से खैरगढ़ रोड पर चैकिंग कर रही थी। खैरगढ़ की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों को रोकने का प्रयास किया, तो बाइक सवार बदमाश ने फायर कर दिया। जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल शिवा पुत्र पूरन सिंह निवासी नगला धरमा थाना किशनी जनपद मैनपुरी और उसके साथी शिवम पुत्र सत्यपाल निवासी सिकंदर थाना एका जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ग्रामीण कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया है।

आरोपी शिवम ने बताया कि यह घटनाएं वह अपने शोक पूरे करने के लिए करते हैं। मोटर साइकिल और मोबाइल लूटने के बाद इन्हें बेच देते हैं और उनसे जो पैसा मिलता है, उससे हम सभी अपने शौक पूरे करते हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपनी सम्पत्ति का भाग जो मुझे बंटवारे में 1/2 भाग मिला है वह अपनी स्वेच्छा से अपनी मां हुस्न आरा के नाम नगर पंचायत अभिलेख में दर्ज कराना चाहता हूँ। इस पर किसी को आपत्ति हो तो वह अधिशासी अधि नगर पंचायत फतेहगंज (प.) को 30 दिन के अन्दर दे सकता है। मियाद बाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। **इफ्फत उल्ला खां, नि.-मोहल्ला अंसारी, वार्ड 5, फतेहगंज (प.), तह. मीरगंज, जिला बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### केरल में वाम दल और हम एक दूसरे का चुनावी विरोध करते रहेंगे: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र वायनाड से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा की पत्नी एनी राजा के चुनावी मैदान में उतारे जाने को लेकर बुधवार को कहा कि कई राज्यों में वाम दल और कांग्रेस एक दूसरे के सहयोगी हैं, लेकिन केरल में दोनों दल एक-दूसरे का चुनावी विरोध करते रहेंगे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने वायनाड लोकसभा क्षेत्र से एनी राजा को अपना उम्मीदवार बनाया है। भाकपा विपक्षी गुट 'इंडिया' का हिस्सा हैं। इस बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा, "वाम दल पूरी तरह से 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा हैं। हमेशा यह समझा गया है कि यह गठबंधन अपने घटक दलों को विभिन्न राज्यों विशेषकर केरल में एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ने से नहीं रोकता है।" उन्होंने कहा, "कांग्रेस और वामपंथी दल अलग-अलग राज्यों में सहयोगी हैं, लेकिन केरल में वे एक-दूसरे का चुनावी विरोध करते रहे हैं और करते रहेंगे।

### कांग्रेस की बंगाल इकाई के नेता कौस्तव बागची ने इस्तीफा दिया

**कोलकाता।** कांग्रेस की पश्चिम बंगाल इकाई के नेता कौस्तव बागची ने बुधवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया और आरोप लगाया कि पार्टी संगठन में नेताओं का सम्मान नहीं किया जाता है। बागची ने अपना इस्तीफा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेजा और इस्तीफे की प्रतियां पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख अधीर रंजन चौधरी और महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर को भी भेजीं। बागची ने कहाइ शायद अब लोग मुझे पार्टी विरोधी कहेंगे। लेकिन, मैं एक बात बार-बार कह रहा हूं कि मैं कांग्रेस द्वारा 'भ्रष्ट' तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से हाथ मिलाने के खिलाफ हूं। उनकी भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने का संकेत दिया। उन्होंने कहा आपको एक या दो दिन इंतजार करना होगा। सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा।

# लोस चुनाव: उम्मीदवारों के नामों पर भाजपा नेताओं ने किया मंथन

## मप्र, हरियाणा, राजस्थान और उत्तराखंड के नेताओं के साथ की गईं बैठकें

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए कई राज्यों में पार्टी के संभावित उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए बुधवार को मंथन किया। पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची के लिए नामों को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक बृहस्पतिवार को होने की संभावना है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मध्य प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और उत्तराखंड सहित कई राज्यों के पार्टी नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। इसी तरह की बैठकें अब तक उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के नेताओं के साथ हुई हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक पहली सूची में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शाह जैसे दिग्गजों के नाम शामिल होने की उम्मीद है। उनके अनुसार कई ऐसी सीट पर भी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जा सकती है जिनपर 2019 के चुनावों में भाजपा को पराजय का सामना करना पड़ा था।

साल 2019 के चुनाव के समय भाजपा की पहली सूची में मोदी और शाह के भी नाम शामिल थे। शाह उस समय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे और उन्होंने गांधीनगर से पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ा था। साल 2019 में नामों की सूची निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने के बाद ही जारी की गई थी। इस बार यह स्थिति अलग होने जा रही है। भाजपा ने पिछले दिनों पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के दौरान चुनावों की घोषणा से काफी पहले अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी, खासकर उन सीटों पर जो पांच साल पहले वह हार गई थी। पार्टी लोकसभा चुनाव में इस पहल को बरकरार रखना चाहती है। मोदी ने इस साल अप्रैल-मई में संभावित लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए 370 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है जबकि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के लिए यह लक्ष्य 400 से अधिक सीटें जीतने का है।

### सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध: शाह



**नई दिल्ली।** केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' योजना के तहत अब तक तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे किसानों के खातों में डाली जा चुकी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को यह बात कही। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एक केंद्रीय योजना है, जिसमें भारत सरकार सौ प्रतिशत योगदान देती है। यह योजना एक दिसंबर, 2018 से चालू है। योजना के तहत, जिन किसानों के पास खेत हैं, उन्हें तीन समान किस्तों में हर साल 6,000 रुपये दिए जाते हैं। यह धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है। शाह ने 'एक्स' पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। आज मोदी जी 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' की 16वीं किस्त के तहत 21 हजार करोड़ से अधिक की राशि नौ करोड़ से अधिक किसानों को सीधे उनके बैंक खातों में भेजेंगे। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से अब तक करोड़ों किसानों को फायदा हुआ है। उन्होंने आगे लिखा, अबतक 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' से करोड़ों किसान लाभान्वित हुए हैं। उन्हें तीन लाख करोड़ से अधिक की राशि सीधे प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से दी गई है। डीबीटी के जरिये भुगतान करने वाली यह दुनिया की सबसे बड़ी योजना है। शाह ने कहा कि यह योजना किसानों के जीवन को आसान बनाने और कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में ऐतिहासिक साबित हुई है।

### कांग्रेस केरल में 16 लोकसभा सीटों पर लड़ेगी चुनाव, जल्द होगी उम्मीदवारों की घोषणा

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि पार्टी केरल में 16 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और विपक्षी गठबंधन 'यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट' (यूडीएफ) में सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया गया है। उसने कहा कि पार्टी अपने उम्मीदवारों के बारे में पहले से ही स्पष्ट है और उनके नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

कांग्रेस ने यह भी स्पष्ट किया कि गठबंधन में दूसरा सबसे बड़ा सहयोगी 'इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग' इस बार एक और लोकसभा सीट देने के संबंध में व्यावहारिक बाधाओं को लेकर संतुष्ट हो गया है। ये घोषणाएं यूडीएफ अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष वी.डी. सतीशन ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में की। इस दौरान केरल प्रदेश कांग्रेस समिति (केपीसीसी) प्रमुख के सुधाकरण भी मौजूद रहे। पिछले चुनावों की तरह आईयूएमएल आगामी लोकसभा चुनावों में दो सीट- मलप्पुरम और पोन्नानी से चुनाव लड़ेगी। केरल की 20 लोकसभा सीट में से कांग्रेस 16 पर, आईयूएमएल दो पर, केरल कांग्रेस (जे) एक पर और आरएसपी एक सीट पर चुनाव लड़ेगी।

### दुष्कर्म मामले में निलंबित डीएसपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**गया।** बिहार के गया जिले की एक अदालत ने 2017 में एक दलित लड़की से बलात्कार करने के आरोप में निलंबित पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। निलंबित डीएसपी (मुख्यालय) कमला कांत कुमार ने मंगलवार को गया में विशेष पॉस्को न्यायाधीश अतिसार कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण किया था।

एक अधिकारी ने बताया कि अदालत ने मामले में सुनवाई की अगली तारीख एक मार्च तय की है। निलंबित डीएसपी की जमानत याचिका को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉस्को) अदालत ने खारिज कर दिया था। इसके बाद पत्रकारों से बात करते हुए विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार ने कहा, ''कमला कांत पर 2017 में गया में अपने आधिकारिक आवास पर एक नाबालिग दलित लड़की के साथ बलात्कार करने का आरोप है। लड़की के परिवार ने 27 मई 2021 को महिला थाने में मामला दर्ज कराया था और तब से पूर्व डीएसपी गिरफ्तारी से बच रहे थे।


## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति-बरेली

नवीन मण्डी स्थल, पीलीभीत रोड- 243122
E-mail: bareillymandi@gmail.com

पत्रांक: कृ.उ.म.स./2024-1245 | **दुकान आवंटन सूचना** | दिनांक: 26.02.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन मंडी स्थल बरेली की सुपर मार्केट एवं नवीन मण्डी उपमण्डी स्थल नरियावल में निर्मित किसान बाजार की दुकानों का आवंटन/नीलामी दिनांक 18.03.2024 समय प्रात: 11:30 बजे मण्डी समिति के सभाकक्ष में की जायेगी। अत: इच्छुक व्यक्ति मण्डी समिति बरेली के कार्यालय से रू. 250.00 नकद जमा करके आवंटन प्रार्थना पत्र प्राप्त कर पूर्ण रूप से भरकर पंजीकरण की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट जो मण्डी समिति बरेली के पक्ष में देय हो एवं जाति प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड के साथ संलग्न कर दिनांक 16.03.2024 की सायं 04:00 बजे तक मण्डी समिति बरेली के कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कर दें। दुकानों का विवरण एवं पंजीकरण का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र.स. | दुकानों की श्रेणी | कुल संख्या | दुकानों में आरक्षण का विवरण दुकान संख्या | | | विकलांग अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु | न्यूनतम प्रीमियम | पंजीकरण धनराशि | दुकान आवंटन का स्थान दिनांक/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनु. जाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | सामान्य | | | | |
| 01. | सुपर मार्केट बरेली | 15 | 35,41, 45, 49,53 | 37,39,43, 47,51, 55,57,61 | 56, 58 | - | 614250 | 62000 | कार्यालय मण्डी समिति, बरेली दिनांक- 18.03.2024 समय:- 11:30 प्रात: |
| 02. | सुपर मार्केट नरियावल | 11 | 05,11,15 | 3,7,9,13,17 | 2,4,6 | - | 459750 | 46000 | '' |

दुकानों के आवंटन हेतु प्रार्थना पत्र के साथ पंजीकरण धनराशि का बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य है। प्रीमियम एवं यूजर चार्ज पर 18% प्रतिशत जी.एस.टी. देय होगी। शेष शर्तें किसी भी कार्यदिवस में मण्डी समिति बरेली के कार्यालय में देखी जा सकती है।

सचिव
कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बरेली

नगर मजिस्ट्रेट / सभापति
कृषि उत्पादन मण्डी समिति, बरेली


### खालिद की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने 2020 के उत्तर-पूर्व दिल्ली दंगे मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र उमर खालिद की जमानत याचिका पर पुलिस से जवाब तलब किया।

खालिद 2020 के उत्तर-पूर्व दिल्ली दंगों की कथित व्यापक साजिश का आरोपी है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी नियमित जमानत संबंधी खालिद की नयी अर्जी पर सुनवाई कर रहे थे। जमानत अर्जी पर जवाब दाखिल करने और बहस के लिए 11 मार्च की तारीख तय की गई है।

## जम्मू-कश्मीर के सांबा में सीमा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 'होमस्टे' की शुरुआत

सांबा, एजेंसी

पूर्व सरपंच मोहन सिंह भट्टी ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास 'होमस्टे' की शुरुआत की है। तीन साल पहले भारत और पाकिस्तान के बीच नए सिरे से संघर्षविराम लागू होने के बाद जमीनी स्थिति में स्पष्ट बदलाव आया है।

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने हाल में सीमा पर शांति के मद्देनजर सीमा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रामगढ़ सेक्टर में प्रसिद्ध बाबा चमलियाल मंदिर के नजदीक होमस्टे के निर्माण के लिए अपनी मंजूरी दे दी थी। अतीत में भारत-पाकिस्तान के बीच सौहार्द के प्रतीक माने जाने वाले बाबा चमलियाल मंदिर में हजारों भक्त आते हैं, खासकर वार्षिक मेले के अवसर पर यहां श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगता है। भट्टी ने फत्वल के अपने दाग चन्नी गांव में दो मंजिला 'होमस्टे' बनाया है। उन्होंने आगंतुकों को सीमा पर रहने का एहसास कराने और सीमा पार से गोलाबारी की स्थिति में किसी भी क्षति को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय के रूप में भूमिगत बंकर भी बनाया है। भट्टी ने कहा, सीमा पर अपनी यात्रा में, आप सबकुछ देख सकते हैं, लेकिन बंकर नहीं, जिसका उपयोग हम सीमा पार गोलाबारी के दौरान करते रहे हैं। सांबा के उपायुक्त अभिषेक शर्मा ने कहा कि जिले में 55 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कई स्थान हैं जिनमें बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करने की क्षमता है जैसे चमलियाल मंदिर, 300 साल पुराना मंदिर बामू चक, बाबा बाली करण और बाबा सिद्ध गोरिया। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती निवासियों, विशेषकर युवा उद्यमियों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिल रही है जो अपने घरों को 'होमस्टे' में बदलने के लिए तैयार हैं।

### सरकार किसानों के साथ बातचीत के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को कहा कि सरकार प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन अभी तक कोई बैठक तय नहीं हुई है। मुंडा ने आईसीएआर 95वीं वार्षिक आम बैठक में यह भी कहा कि इस संबंध में जल्द समाधान खोजने की जरूरत है।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, खुटार- शाहजहाँपुर

पत्रांक : सी-670/क्ष.पं./निविदा/2023-24 | दिनांक- 26.02.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग तथा केन्द्रीय वित्त आयोग (टाइड/अनटाइड) के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो को कराये जाने हेतु समस्त पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदायें दिनांक 12-03-2024को अपरान्ह 12:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो कि दिनांक 12-03-2024 को अपरान्ह 2:00 बजे निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के द्वारा गठित कमेटी द्वारा खोली जायेगी। इच्छुक पंजीकृत निविदादाता जो कि आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो निविदा फार्म निविदा प्रकाशित होने के उपरान्त किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 12.03.2024 पूर्वान्ह 12:00 बजे तक विकास खण्ड खुटार-शाहजहाँपुर कार्यालय से निविदा फार्म शुल्क रु. 500.00/1000.00 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त) नकद जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित दिनांक व समय के उपरांत प्राप्त होने वाली निविदा स्वत: निरस्त मानी जायेगी। निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते विकास खण्ड पर निविदा प्रकाशन के उपरांत किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा मूल्य+ 18% GST | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मीटिंग हाल का जीर्णोद्धार | पंचम राज्य वित्त | 10.00 | 1000+GST | 20000 | 02 माह |
| 2. | मीटिंग हाल में प्रकाश व्यवस्था एवं बैठने की व्यवस्था | पंचम राज्य वित्त | 10.00 | 1000+GST | 20000 | 02 माह |
| 3. | टाह खुर्द कलां में मन्दिर के पास से तिराहे तक इंटरलॉकिंग कार्य | पंचम राज्य वित्त | 10.00 | 500+GST | 20000 | 02 माह |
| 4. | पनौती खुर्द में त्रिलोकपुर रोड से शहीद गुरजीत सिंह के मकान तक इंटरलॉकिंग कार्य | पंचम राज्य वित्त | 10.00 | 1000+GST | 20000 | 02 माह |
| 5. | हरिहरपुर में राजेश शुक्ला के घर से अखिलेश तिवारी के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य | पंचम राज्य वित्त | 5.00 | 500+GST | 10000 | 01 माह |
| 6. | नरेन्द्र सिंह के घर के पास से सरक्षित सिंह (कोटेदार) के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य (धनसिंघपुर) | पंचम राज्य वित्त | 10.00 | 1000+GST | 20000 | 02 माह |
| 7. | रसवां खुर्द निकट बण्डा चौराहा गोला रोड बाइपास राम आश्रय मास्टर के घर से लेकर राजेन्द्र कुमार के मकान तक इंटरलॉकिंग कार्य | पंचम राज्य वित्त | 10.00 | 1000+GST | 20000 | 02 माह |
| 8. | नवदिया नवाजपुर में सुनीता देवी के घर से ज्वालाप्रसाद के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य | पंचम राज्य वित्त | 10.00 | 1000+GST | 20000 | 02 माह |
| 9. | सिल्हुआ में बाबन गंगा में विकल के खेत से बल्ला के खेत तक इंटरलॉकिंग कार्य | पंचम राज्य वित्त | 10.00 | 1000+GST | 20000 | 02 माह |
| 10. | झदिया में बाबा ज्वाला तिराहे से पश्चिम के सतनाम सिंह के घर तक खड़ंजा कार्य निर्माण | पंचम राज्य वित्त | 10.00 | 1000+GST | 20000 | 02 माह |
| 11. | मलिका में विपिन त्रिवेदी के मकान से तुला राम के बग्गर तक इंटरलॉकिंग तथा एक तरफ नाली निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 10.00 | 1000+GST | 20000 | 02 माह |
| 12. | सिमरइ में डामर रोड से मदन लाल जाटव के मकान तक इंटरलॉकिंग तथा एक तरफ नाली निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 4.50 | 500+GST | 9000 | 01 माह |
| 13. | मोहनपुर में सामुदायिक शौचालय से प्रमोद वर्मा के मकान तक इंटरलॉकिंग कार्य | पंचम राज्य वित्त | 5.00 | 500+GST | 10000 | 01 माह |
| 14. | रामपुर कलां में टाह मार्ग से माधौपुर चौराहे से चमराबोझी गौशाला की ओर खड़ंजा कार्य निर्माण | केन्द्रीय वित्त अनटाइड फण्ड | 10.00 | 1000+GST | 10000 | 02 माह |
| 15. | ग्राम जादौपुर में अजमूल के घर से लेकर दन्ने के घर तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | केन्द्रीय वित्त अनटाइड फण्ड | 8.00 | 1000+GST | 10000 | 02 माह |
| 16. | दिलीपपुर में रामवीर के मकान से गांव के दक्षिण तालाब तक नाला निर्माण कार्य | केन्द्रीय वित्त टाइड फण्ड | 10.00 | 1000+GST | 20000 | 02 माह |
| 17. | रसवां कलां में खंडसारी चीनी मिल के उत्तर कोने से दक्षिण नाले तक नाला निर्माण कार्य | केन्द्रीय वित्त टाइड फण्ड | 6.00 | 1000+GST | 12000 | 02 माह |
| 18. | सिल्हुआ में दुर्गा माता मन्दिर पर वाटर कूलर की स्थापना | केन्द्रीय वित्त टाइड फण्ड | 2.25 | 500+GST | 4500 | 01 माह |
| 19. | चांदपुर में चौराहे पर वाटर कूलर की स्थापना | केन्द्रीय वित्त टाइड फण्ड | 2.25 | 500+GST | 4500 | 01 माह |
| 20. | नवदिया नवाजपुर में मस्जिद के पास वाटर कूलर की स्थापना | केन्द्रीय वित्त टाइड फण्ड | 2.25 | 500+GST | 4500 | 01 माह |
| 21. | खजुरिया में साई मन्दिर वाटर कूलर की स्थापना | केन्द्रीय वित्त टाइड फण्ड | 2.25 | 500+GST | 4500 | 01 माह |

**मुख्य नियम व शर्त-**

1. प्रत्येक निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि को एफ. डी. आर./ एन. एस. सी. खण्ड विकास अधिकारी खुटार-शाहजहाँपुर के पक्ष में बन्धक हो, को संलग्न किया जाये।
2. निविदादाता को निविदा के साथ सौ रुपये के स्टाम्प पर स्वरू घोषणा पत्र शपथ पत्र संलग्न करना होगा तथा निविदा स्वीकृति उपरान्त स्वयं के व्यय पर सौ रुपये के स्टाम्प पर अनुबन्ध गठित करना होगा व स्टाम्प पर फोटो घोषणा पत्र इन शर्तो के साथ कि यह किसी भी संस्था द्वारा ब्लैकलिस्टेड नहीं हुए हैं।
3. निविदादाता के किसी भी विवाद का निस्तारण माननीय न्यायलय जनपद शाहजहाँपुर के अधीन निहित होगा।
4. जमानत धनराशि निविदा की 10 प्रतिशत होगी, जो कि निविदा स्वीकृति के उपरान्त धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत को समायोजित करते हुये शेष 8 प्रतिशत को एफ.डी. आर/एन.एस.सी. के रूप में खण्ड विकास अधिकारी खुटार के पक्ष में बन्धक कराकर जमा करना होगा ।
5. धरोहर धनराशि एवं जमानत धनराशि को नगद व चेक के रूप में स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा प्रेषित की जाने वाली निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
7. निविदादाता का विकास खण्ड में पंजीकृत होना आवश्यक है अन्यथा की स्थिति में प्राप्त होने वाली निविदा स्वत: निरस्त मानी जायेगी ।
8. निविदा की शर्तो के उल्लंघन होने/करने की दशा में निर्णय लिए जाने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा ।
9. किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत/निरस्त किये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
10. निविदा खोले जाने की तिथि को अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।
11. समस्त कार्य उपलब्ध धनराशि के अनुसार ही कराये जायेंगे।

प्रमुख
क्षेत्र पंचायत-खुटार

खण्ड विकास अधिकारी
विकास खण्ड-खुटार



## कार्यालय नगर पंचायत बण्डा जनपद शाहजहाँपुर

पत्रांक : 262/न.पं.ब./ई निविदा/23-24 | दिनांक : 28 फरवरी 2024

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी के द्वारा मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना/15वाँ वित्त आयोग/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में कार्य की लागत की सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है :-

**मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो की पुन: निविदा का प्रकाशन**

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | बिड सिक्योरिटी (ई.एम.डी.) | निविदा का मूल्य (18%GST सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | शाहजहाँपुर | मो. पटेल नगर में राघवेन्द्र के मकान से छोटेलाल के मकान तक व मनीष के मकान से रामाधार के मकान तक नाली व सी.सी. सड़क निर्माण का कार्य | 607520.00 | 51485.00 | 717.00 | तीन माह |
| 2 | शाहजहाँपुर | नगर पंचायत बण्डा में खुटार रोड पर सोनू टेन्ट से गुड्डू तक आर.सी.सी. कवर्ड नाली का निर्माण कार्य | 3726170.00 | 315777.00 | 4397.00 | तीन माह |
| **15वाँ वित्त से स्वीकृत अवशेष कार्य की पुन: निविदा प्रकाशन** | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 3 | शाहजहाँपुर | नगर में विभिन्न स्थानों पर स्थापित कराने हेतु 28 नगर इण्डियामार्का-2 हैण्डपम्पों का अधिष्ठापन कार्य। (प्रति नग 69385.18) | 1942785.00 | 194279.00 | 2292.00 | तीन माह |
| **राज्य वित्त आयोग से स्वीकृत अवशेष कार्य की पुन: निविदा प्रकाशन** | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | शाहजहाँपुर | मो. सुनासीर नाथ में पिंकू के मकान से शिवचन्द्र सिंह के मकान तक नाली व इण्टरलॉक सड़क निर्माण कार्य। | 1038395.00 | 88000.00 | 1038.00 | तीन माह |
| 2 | शाहजहाँपुर | मो. पटेल नगर में शशि के मकान से लीलाधर के मकान तक व साईड गली अरूण के मकान तक नाली व इंटरलॉक सड़क निर्माण कार्य। | 753999.00 | 63898.00 | 890.00 | तीन माह |

2. वेबसाईट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता की तिथि 01.03.2024 समय प्रात: 10:00 बजे।
3. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय 09.03.2024 को 2:00 बजे तक।
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 09.03.2024 को 4:00 बजे से।
5. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी व ई-निविदा की शर्तो/नियमों के लिए कृपया वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर लाग इन करें, तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

(सत्येन्द्र प्रकाश)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बण्डा, शाहजहाँपुर

(मो. इसहाक)
अध्यक्ष
नगर पंचायत बण्डा, शाहजहाँपुर

यज्ञो दानमध्ययनं तपश्च चत्वार्येतान्यन्वेतानि सणि।
दम: सत्यमार्जवमानृशंस्यं चत्वार्येतान्यनुयान्ति संत:॥

यज्ञ, दान, अध्ययन तथा तपश्चर्या –ये चार गुण सज्जनों के साथ रहते हैं और इंद्रियदमन, सत्य, सरलता तथा कोमलता–इन चार गुणों का सज्जन पुरुष अनुसरण करते हैं।


## संपादकीय

# देश में अमीरों का बढ़ना

देश के बाहर रहने वाले भारतीय नवाचार को बढ़ावा देने, व्यवस्थाओं और देशों के साथ मजबूत वैश्विक संबंध बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह जुड़ाव पैसा कमाने और निवेश के अवसर पैदा करती है जिससे भारत में धनी व्यक्तियों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलती है। भारत में अत्यधिक अमीर व्यक्तियों की संख्या बीते साल यानी 2023 में सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई है। बुधवार को जारी नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। वर्ष 2028 तक अति-अमीरों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि की संभावना है। द वेल्थ रिपोर्ट 2024 में भविष्यवाणी की गई है कि 2023 में 13,263 से बढ़कर 2028 तक 19,908 हो जाएगी। अगर अलग-अलग देशों की बात की जाए तो तुर्किए में अमीरों की संख्या में सालाना आधार पर सबसे अधिक 9.7 प्रतिशत बढ़ी है। इसके बाद अमेरिका में अमीरों की संख्या 7. 9 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया में 5.6 प्रतिशत और स्विट्जरलैंड 5.2 प्रतिशत बढ़ी है। रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर अमीरों की संख्या अगले पांच वर्षों में 28.1 प्रतिशत बढ़कर 8,02,891 होने का अनुमान है। द वेल्थ रिपोर्ट में कहा गया है कि 2028 तक एशिया-पैसेफिक में किसी अन्य क्षेत्र के मुकाबले ज्यादा दौलत बनेगी। अमीर लोग अपनी निवेश योग्य संपत्ति का 17 प्रतिशत विलासिता की वस्तुओं में लगाते हैं। उनकी पहली प्राथमिकता लक्जरी घड़ियां होती हैं। इसके बाद कलाकृतियों और आभूषण का नंबर आता है। 'क्लासिक' कारें चौथे स्थान पर हैं। इसके बाद लग्जरी हैंडबैग, वाइन, दुर्लभ व्हिस्की, फर्नीचर, रंगीन हीरे और सिक्कों का स्थान आता है। हालांकि वैश्विक स्तर पर बेहद अमीर लोगों की पसंद लक्जरी घड़ियां और क्लासिक कारें हैं। अमीर लोगों ने अपनी संपत्ति का करीब 32 प्रतिशत हिस्सा देश के भीतर और बाहर आवासीय संपत्तियों में निवेश किया हुआ है। सवाल है कि क्या भविष्य में इन क्षेत्रों में ग्रोथ बनी रहेगी या संपत्ति सृजन करने वाले ये लोग यूरोप, अमेरिका या उत्तरी अमेरिका की ओर जाएंगे।

वास्तव में भारत की अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है। कम घरेलू मुद्रास्फीति और संभावित ब्याज दर में कटौती अर्थव्यवस्था को और भी मजबूत बनाने में मदद करेंगे देश में अमीरों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी इस बात का प्रमाण है कि धन सृजन के बदलाव वाले युग में भारत वैश्विक आर्थिक क्षेत्र में समृद्ध और बढ़ते अवसरों के प्रमाण के रूप में खड़ा है। घरेलू मुद्रास्फीति के जोखिमों को कम करने और दरों में कटौती की संभावना से भारतीय अर्थव्यवस्था में और तेजी आएगी।

# जलवायु परिवर्तन की मार से प्रभावित पहाड़



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

सत्तर दिन की बर्फबारी 15 दिन में सिमटने से दिसंबर और जनवरी में हुई लगभग 80-90 प्रतिशत कम बर्फबारी की भरपाई तो हो नहीं सकती। उसके बाद गर्मी शुरू हो जाने से साफ जाहिर है कि जो थोड़ी सी बर्फ पहाड़ों पर आई है, वह जल्दी ही पिघल जाएगी।

इस साल का जनवरी महीना कश्मीर के लिए अभी तक का सबसे गरम रहा। वहीं फरवरी जाते-जाते इस राज्य को बर्फ की घनी चादर में लपेट चुकी है। मौसम विभाग की माने तो फरवरी के आखिरी दिनों में फिर से जमकर बर्फबारी होगी। 23 फरवरी की रात गुलमर्ग में शून्य से 10.4 और पहलगाम में 8.6 डिग्री नीचे तापमान वाली रही। धरती के स्वर्ग कहलाने वाले कश्मीर में देर से हुई बर्फबारी क्या महज एक असामान्य घटना है या फिर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का संकेत? यह बात गौर करने की है कि बीते कुछ सालों में कश्मीर लगातार असामान्य और चरम मौसम की चपेट में है। अभी 21 फरवरी को गुलमर्ग में बर्फीले तूफान का आना भी चौंकाने वाला है। जान लें देर से हुई बर्फबारी से राहत तो है, लेकिन इससे उपजे खतरे भी हैं।

सत्तर दिन की बर्फबारी 15 दिन में सिमटने से दिसंबर और जनवरी में हुई लगभग 80-90 प्रतिशत कम बर्फबारी की भरपाई तो हो नहीं सकती। उसके बाद गर्मी शुरू हो जाने से साफ जाहिर है कि जो थोड़ी सी बर्फ पहाड़ों पर आई है, वह जल्दी ही पिघल जाएगी। अर्थात् आने वाले दिनों में एक तो ग्लेशियर पर निर्भर नदियों में अचानक बाढ़ आ सकती है और फिर अप्रैल में गर्मी आते-आते वहां पानी का अकाल हो सकता है। भारत में हिमालयी क्षेत्र का फैलाव 13 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों (अर्थात् जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल) में है, जो लगभग 2500 किलोमीटर। भारत के मुकुट कहे जाने वाले हिमाच्छादित पर्वतमाला की गोदी में कोई पांच करोड़ लोग सदियों से रह रहे हैं। चूंकि यह क्षेत्र अधिकांश भारत के लिए पानी उपलब्ध करवाने वाली नदियों का उद्गम है। साथ ही यहां के ग्लेशियर धरती के गरम होने को नियंत्रित करते हैं, सो जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से यह सबसे अधिक संवेदनशील है। जलवायु परिवर्तन की मार से सर्वाधिक प्रभावित उत्तराखंड के पहाड़ जैसे अब अपना संयम खो रहे हैं-देश को सदानीरा गंगा-यमुना जैसी नदियां देने वाले पहाड़ के करीब 12 हजार प्राकृतिक स्रोत या तो सूख चुके हैं या फिर सूखने की कगार पर हैं। इस सर्दी में हिमालय, हिंदू कुश और काराकोरम में बर्फबारी की असामान्य अनुपस्थिति के चलते गर्म तापमान रहा है। चरम ला नीना-अल नीनो स्थितियों और पश्चिमी विक्षोभ मौसम इस तरह असामान्य रहा। जलवायु संकट के प्रतीक ये बदलाव पर्वतीय समुदायों और हिंदूकुश-हिमालयी क्षेत्र में जल सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा करते हैं।

> यह समझना होगा कि सर्दियों में कम बर्फबारी का कारण अल-नीनो नहीं है। अल-नीनो के कारण केवल गर्मियों और मानसून की बारिश प्रभावित होती है। महज एक या दो साल बर्फ रहित सर्दी का जिम्मेदार 'जलवायु परिवर्तन' को ठहरना भी जल्दबाजी होगा। यह अभी वैज्ञानिक कसौटी पर सिद्ध होना बाकी है। विदित हो कि पहाड़ों पर रहने वाले लोग आजीविका के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। वे अपना निर्वाह खेती और पशुधन पालन से करते हैं। उनके खेत छोटे होते हैं। लगभग बर्फ रहित या देर से सर्दी का प्रभाव उन लोगों के लिए विनाशकारी हो सकता है। ऊंचे पहाड़ों पर खेतों में बर्फ का आवरण आमतौर पर एक इन्सुलेशन कंबल के रूप में कार्य करता है।

यह समझना होगा कि सर्दियों में कम बर्फबारी का कारण अल-नीनो नहीं है। अल- नीनो के कारण केवल गर्मियों और मानसून की बारिश प्रभावित होती है। महज एक या दो साल बर्फ रहित सर्दी का जिम्मेदार'जलवायु परिवर्तन'को ठहरना भी जल्दबाजी होगा। यह अभी वैज्ञानिक कसौटी पर सिद्ध होना बाकी है। विदित हो कि पहाड़ों पर रहने वाले लोग आजीविका के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। वे अपना निर्वाह खेती और पशुधन पालन से करते हैं। उनके खेत छोटे होते हैं। लगभग बर्फ रहित या देर से सर्दी का प्रभाव उन लोगों के लिए विनाशकारी हो सकता है। ऊंचे पहाड़ों पर खेतों में बर्फ का आवरण आमतौर पर एक इन्सुलेशन कंबल के रूप में कार्य करता है। बर्फ की परत से उनके फसलों की रक्षा होती है, कंद-मूल जैसे उत्पादों की वृद्धि होती है, पाले का प्रकोप नहीं हो पाता। साथ ही बर्फ से मिट्टी का कटाव भी रुकता है। पूरे हिमालय क्षेत्र में कम बर्फबारी और अनियमित बारिश से क्षेत्र में पानी और कृषि वानिकी सहित प्रतिकूल पारिस्थितिक प्रभाव पड़ने की संभावना है। अगर तापमान जल्दी ही बढ़ जाता है तो देर से होने वाली बर्फबारी और भी अधिक त्रासदी दायक होगी। इससे जीएलओएफ (हिमनद झील के फटने से होने वाली बाढ़) अचानक बाढ़ आएगी और घरों, बागानों और मवेशियों को बहा ले जाएगी। गर्मी से यदि ग्लेशियर अधिक पिघले तो आने वाले दिनों में पहाड़ी राज्यों में स्थापित सैंकड़ों मेगावाट की जल विद्युत परियोजनाओं पर भी संकट आ सकता है। लंबे समय तक सूखे के कारण झेलम और अन्य नदियों का जल स्तर अभी से नकारात्मक सीमा में है।

कश्मीर में जल शक्ति विभाग के मुख्य अभियंता संजीव मल्होत्रा स्वीकार करते हैं कि समय पर बर्फबारी और बारिश की कमी के कारण सतही जल स्रोतों के जल स्तर में उल्लेखनीय कमी आई है। प्रसिद्ध भूवैज्ञानिक और इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी कश्मीर के कुलपति, शकील अहमद रोमशू का कम और बेमौसम बर्फ को लेकर अलग ही आंकलन है। उनका कहना है इससे कश्मीर घाटी में प्रदूषण स्तर बढ़ेगा और स्वास्थ्य जोखिम भी पैदा होंगे। उत्तराखंड में मसूरी से ऊपर बर्फबारी और बारिश न होने से मौसम खुश्क बना हुआ था, बारिश की कमी और पाले की मार से किसानों की फसलें दम तोड़ गई जिसके चलते पहाड़ी क्षेत्र चकराता में जहां किसान कैश क्रॉप कहीं जाने वाली फसल अदरक, टमाटर, लहसन, मटर पर ही अपनी आजीविका के लिए निर्भर रहता है, ये सभी फसलें इन दिनों बदहाली के दौर से गुजर रही हैं। वहीं पहाड़ी क्षेत्र में समय से बर्फ न गिरने की वजह से सेब, आड़ू और खुमानी की पैदावार कमजोर हो गई।


हमारे देश की संपन्न अर्थव्यवस्था का आधार खेती है और खेती बगैर सिंचाई के हो नहीं सकती। सिंचाई के लिए अनिवार्य है कि नदियों में जल-धारा अविरल रहे, लेकिन नदियों में जल लाने की जिम्मेदारी तो उन बर्फ के पहाड़ों की है, जो गर्मी होने पर धीरे-धीरे पिघलकर देश को पानीदार बनाते हैं। साफ है कि आने वाले दिनों में न केवल कश्मीर या हिमाचल, बल्कि सारे देश में जल संकट खड़ा होगा है। जल संकट अपने साथ सवाल यह उठाता है कि इस अनियमित मौसम से कैसे बचा जाए? ग्लोबल वार्मिंग या अल-नीनो को दोष देने से पहले हमें स्थानीय ऐसे कारकों पर विचार करना होगा जिससे प्रकृति कूपित है।

जून 2022 में गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान (जीबीएनआईएचई) द्वारा जारी रिपोर्ट 'एनवायरमेंटल असेसमेंट ऑफ टूरिज्म इन द इंडियन हिमालयन रीजन' में कड़े शब्दों में कहा गया था कि हिमालयी क्षेत्र में बढ़ते पर्यटन के चलते हिल स्टेशनों पर दबाव बढ़ रहा है। इसके साथ ही पर्यटन के लिए जिस तरह से इस क्षेत्र में भूमि उपयोग में बदलाव आ रहा है वो अपने आप में एक बड़ी समस्या है। जंगलों का बढ़ता विनाश भी इस क्षेत्र के इकोसिस्टम पर व्यापक असर डाल रहा है। यह रिपोर्ट नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश पर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ और सीसी) को भेजी गई थी। इस रिपोर्ट में हिमाचल प्रदेश में पर्यटकों के वाहनों और इसके लिए बन रही सड़कों के कारण वन्यजीवों के आवास नष्ट होने और जैवविविधता पर विपरीत असर की बात भी कही गई थी।

## प्रसंगवश

# नहीं हो रहा सिद्धांतों पर अमल

इस समय वातावरण में भगवानों की धूम है। इसमें राम सर्वोपरि हैं और कृष्ण भी काफी हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि भक्ति भावना की बाढ़ आ गई है। दरअसल लोकसभा के चुनाव सर पर हैं और भारत की जनताधर्म-प्राण है। अतः इस धर्माभियान से बहुसंख्यक हिंदू मत बटोरने को चेष्ठा की जा रही है। अगर वास्तविक भक्ति होती तो इन भगवानों के द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों पर भी अमल होना चाहिए था, जो नहीं हो रहा है। अब देखिए 'राम लाए गए' तो घोषित हो चुका, अब रामराज्य लाने को कहा जा रहा है। रामराज्य जैसा था उसे कौन नहीं जानता। वन में जब भरत श्रीराम को वापस लाने हेतु मनाने गए हैं, तब राम ने उनसे कुछ कुशल प्रश्न पूछे हैं। वे कुशल प्रश्न राम द्वारा भरत को दिए गए राजनीतिक उपदेश ही हैं जिनसे राज्य संचालन करने की अपेक्षा की गई है। वाल्मीकि रामायण के अयोध्या कांड/अध्याय 100 में एक आदर्श राज्य चलाने के ये सिद्धांत संरक्षित हैं। इस अध्याय के श्लोक 26 में श्रीराम कहते हैं कि 'क्या तुम ऐसे अमात्य नियुक्त करते हो, जो घूस न लेते हों और अंदर बाहर से निश्छल और शुचि हों?'-अमात्यानुपधातीतान् पितृ पैतामहान्शुचीन्।/ श्रेष्ठाञ्छ्रेष्ठेषु कच्चित्व नियोजयसि कर्मसु।। यानी नैतिकता, शुचिता, ईमानदारी अभीष्ट थी, लेकिन इस समय क्या हो रहा है। अभी हुए राज्यसभा सदस्यों के निर्वाचन हेतु मतदान में विधायक वोटरों ने जमकर क्रास वोटिंग की। यह पाला बदल सत्तारूढ़ भाजपा के पक्ष में हुआ। इसे हृदय परिवर्तन कौन मानेगा? गांव की कहावतें हैं, 'जेहिके हाथ लोई। तेहिका सब कोई' तथा 'छूंछा को पूछा'। इसके पहले के भी तमाम उदाहरण हैं। चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में भाजपा द्वारा की गई बेईमानी पर तो देश की सबसे बड़ी अदालत ने जोर का तमाचा मार ही दिया है। अतः यह सिद्ध है कि मौजूदा रामभक्ति कागजी है। रही श्रीकृष्ण जी की बात, तो उनकी जन्मभूमि मथुरा में बने मंदिर से सटे मुस्लिम स्थापत्य को हटाने का शोशा चुनाव कालीन भावनात्मक उन्माद सृजित करने का जरिया है, उनके सिद्धांत तो माने नहीं जा रहे। उन्होंने तो गीता में कर्म का सिद्धांत प्रतिपादित किया है, लेकिन ये मुफ्त राशन और न जाने क्या क्या देकर अकर्मशीलता को ही बढ़ावा दे रहे हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

# बच्चों के विकास पर समाज की सोच का प्रभाव

आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भले है ही और शायद अगले दो साल में हम तीसरी हो जाएं, लेकिन अगर हम दुनिया की सबसे बड़ी आबादी न होते तो फिर देखते कि हमारा स्थान दुनियावी अर्थव्यवस्था में कहां है? हमें गर्व है कि हम दुनिया के सबसे बड़े मजदूर निर्यातक देश हैं। जबकि यह शर्मिंदगी की बात है। हमने मालिक बनना सीखा ही नहीं, हमें मजदूरी में ही मजा आता है। इसके मूल में हमारी यही सोच है कि लिखो पढ़ो लेकिन खेलो मत!

क्या आप जानते हैं, कक्षा का एक सुशील और होनहार पढ़ाकू विद्यार्थी जीवन की प्रतियोगिता में पिछड़ क्यों जाता है? क्योंकि वह किताबी कीड़ा होता है, किताब के बाहर की दुनिया का उसे अंदाजा भी नहीं होता, लेकिन एक शरारती, नटखट और ठीक-ठाक पढ़ने वाला विद्यार्थी जीवन की दौड़ में हमेशा आगे रहता है। भारत के अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को घूमने से रोकते हैं, खेलने से रोकते हैं, पर्यटन की मनाही करते हैं। ऐसे में किसी बच्चे का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास कैसे होगा?

भारतीय समाज की सीमित सोच बच्चों के विकास को अवरुद्ध कर देती है। इस वजह से अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में आयोजित "परीक्षा पे चर्चा" कार्यक्रम में कहा कि मोबाइल ही नहीं, बल्कि किसी भी चीज की अति किसी का भला नहीं कर सकती है। हर चीज के लिए एक मापदंड होना चाहिए, उसका एक आधार होता है। किसी भी चीज का कितना उपयोग करना चाहिए, इसका विवेक होना बहुत जरूरी है।



डॉ.धीरज सिंह
मुंबई

> समाज और परिवार की बात करूं तो दानवीरता के गुणों को हमने सिर्फ किताबों तक सीमित कर दिया है। इनकी हम बस मिसाल देते हैं, पर हम ऐसा व्यवहार अपने आचरण में नहीं लाते हैं।

टेक्नोलॉजी से हमें दूर नहीं भागना चाहिए, बल्कि उसका सकारात्मक उपयोग करना चाहिए, तकनीक को हौआ न बनाएं। शिक्षकों द्वारा छात्रों को प्रेरित करने की भूमिका पर जोर देने की बात कही, इससे छात्रों की हौसला अफजाई होती है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। इस वजह से उनका डर जाता रहता है, वे तनाव मुक्त रहते है। शिक्षक मशीन की तरह पढ़ाते हैं और बच्चे भी मशीन की तरह रट्टा लगाते हैं। विषय का विश्लेषण या समीक्षा नहीं करते, ऐसे में मष्तिष्क का विकास कैसे होगा?

हर विद्यार्थी अपने आप में विशेष होता है। विशेष गुण, विशेष व्यवहार, विशेष परिवेश, विशेष परिवार से होता है। इसलिए एक विशेष अलहदा व्यक्तित्व का धनी होता है, इसलिए उसे किसी से जलन नहीं रखनी चाहिए। किसी से नकारात्मक प्रतियोगिता नहीं होनी चाहिए। जीवन में अगर बहुत आगे जाना है तो अपने आप से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, अपने को मांजना और धार लगानी चाहिए। भारतीय माता-पिता भी ऐसे व्यवहार को बढ़ावा देते है, जबकि यह नकारात्मक है। विद्यार्थियों में नोट्स, किताब शेयर करने की आदत विकसित करनी चाहिए, न कि उन्हें अपने पास दबाकर रखनी चाहिए। बांटने की आदत से विद्यार्थी में विकास होता है, मस्तिष्क विकास करता है। नेतृत्व करने का गुण विकसित होता है। व्यवहार और व्यक्तित्व महान बनता है, लेकिन भारतीय समाज और परिवार मुंह बांटने या देने की परंपरा नहीं मिलती है। समाज और परिवार की बात करूं तो दानवीरता के गुणों को हमने सिर्फ किताबों तक सीमित कर दिया है। इनकी हम बस मिसाल देते हैं, पर हम ऐसा व्यवहार अपने आचरण में नहीं लाते हैं। गुठली जमीन में रोपेंगे नहीं तो पेड़ नहीं होंगे। फिर फल कहां से खाएंगे? खेतों में अनाज छिटेंगे नहीं तो फसल कैसे लहलहाएगी? अपने बच्चों को हमें अगर बेहतरीन इंसान बनाना है, उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है तो हमें अपने बच्चों को देने का गुण भी सीखना होगा। प्रकृति का नियम है, लेने वाले का हाथ हमेशा नीचे और देने वाले का हाथ हमेशा ऊपर होता है। एक डरा, सहमा और अपने आप में सिमटा बच्चा दुनिया के साथ कदमताल कैसे कर सकता है? भारत को विश्व गुरु बनाना है तो विद्यार्थियों का विकास करना बहुत जरूरी है। यह जिम्मेदारी सिर्फ शिक्षक या माता पिता या परिवार या फिर समाज की अकेले नहीं है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी माता-पिता, परिवार, समाज और शिक्षकों की सामूहिक है। किसी एक के प्रयास से कुछ हासिल नहीं होने वाला, सबको मिलकर कोशिश करनी होगी और तब जाकर भारत के विश्व गुरु होने की परिकल्पना साकार होगी।

## सोशल फोरम

# बड़ा सच

चालीस से साठ की उम्र में आप कैसा जीते हैं, आपकी असल खबर इसी बात से लगती है। मेरे वे सभी मित्र जो बाईस-चौबीस की उम्र में खूब कसरत पहलवानी करते थे। पैंतालीस आते-आते ढह गए।

वे जो सरकारी नौकरी के शुरुआती सालों में ईमानदारी और चुस्त प्रशासन की बातें करते थे। देर सवेर सुस्त और भ्रष्ट अधिकारियों में ढल गए, वे जो सच्ची पत्रकारिता की बात करते थे, दलाल बन गए। छात्र राजनीति में जो सर्वहारा और क्रांति की बात करते थे बाद में सुविधा भोगी नेता बन गए, जो खूब सादगी पसंद दिखते थे। महंगी नुमाइशों से आजिज नहीं आते। आप असली आदमी किसे कहेंगे।। पच्चीस साल के उस आदर्शवादी युवा को या कि पचास साल के इस भ्रष्ट प्रौढ़ को। वह संभावना थी यह असलियत है।

सत्य की खोज जारी रही कि नहीं- यह बीस वर्ष उसका लिटमस टेस्ट है। जवानी में प्रायः सभी ईमानदार होते हैं-ऊर्जा और प्रेरणा से ओत-प्रोत, बदलाव और क्रांति की आग से धधकते। धर्म-अधर्म, पूजा-कर्मकांड, सही-गलत।। सभी को अनुभव की कसौटी पर कस कर देख लेना चाहते हैं। मगर मध्य वय वाले आते-आते अधिकतर का फीता ढीला पड़ जाता है।

यह बीस वर्ष बता देते हैं कि आपके भीतर जो कुछ भी था उसकी जड़े कितनी गहरी थीं। चालीस आते-आते सब मुलम्मा उखड़ जाता है और असली धातु सामने आ जाती है। आप जो बातें करते थे उन्हें जीते हैं कि नहीं? आपने जो पढ़ा, सुना, गुना।। उससे कैसा मनुष्य निर्मित हुआ? अगर चालीस से साठ की उम्र में आप वही जीवन जी रहे हैं, जो बाकी सब, तो आप भी वही आदमी हैं जैसे बाकी सब। आपकी कहीं पढ़ी बातें, किताबें, तर्क फिलॉसफी मिट्टी के मोल हैं अगर वह आपके जीवन में जड़ें न जमा सकीं। चालीस से साठ कसौटी है।

तमाम झंझावात और चुनौतियों से जूझने के बाद जिन जीवन मूल्यों पर आप कायम हैं, वही आपकी वास्तविक संपदा है। वही आपके ज्ञान और दर्शन का निचोड़ है, वही आप हैं। इससे इतर आप जो भी बातें करते हैं, वह मूल्यहीन हैं।

–फेसबुक वॉल से



डॉ.सलिल समाधिया
जबलपुर

## राग वसंत

# संदली हवाओं पर करती धूप बिछौना

गुनगुनी धूप कुहासे की नमी से भीगी लताओं की पत्तियों को बहुत दुलार से पोंछने लगी। शीत की मार से सिहरा-सिमटा बगल का बूढ़ा वृक्ष कुछ उदास कुछ प्रफुल्ल नजरों से यह देखकर उम्मीद से भर उठा। वह जाग रहा था। उसे याद नहीं कि ठीक से वह कब सोया था। वह जगा ही तो रहता है। मौसम के मिजाज और थपेड़ों से जूझता हुआ वह बूढ़ा वृक्ष नींद के आगोश में जाने के लिए जब भी तैयार हुआ कोई न कोई कारण उसे जागने के लिए विवश करता रहा। उसे सन्नाटा भी सोने नहीं दिया। आज भी सन्नाटे उसे परेशान करते हैं, मगर वह बूढ़ा वृक्ष कभी शिकायत नहीं करता। आखिर सन्नाटे जाएं भी तो जाएं कहां, लेकिन सन्नाटे जब भी वासंतिक परिवेश में जंगल-जंगल घूमते छाते हैं और फिर लौटकर जब अमड़ाइयों में आते हैं तो मंजड़ियों का मधुर संगीत ध्वनित हो उठता है। बूढ़ा वृक्ष प्रसन्नता से लहालोट हो जाता है। उसे नई पौध के उल्लास से ऊर्जा मिलती है।

मनुष्य-समाज का बूढ़ा आदमी भी अपनी नई पीढ़ियों को फूलता-फलता देखकर जिजीविषा से भर जाता है। उसके भीतर भी हरियाली के कल्ले फूटने लगते हैं। वह स्वप्निल हो जाता है और देखता है कि कैसे उसके घर-परिवेश में वासंती ऊर्जा की नवल तरंगें लहरा रही हैं। वसंत सबके लिए आता है। वसंत बिना शोर मचाए आता है मगर हां। जब वह आ जाता है तो शोर मचता है और उस शोर में वसंत भी शामिल हो जाता है, तब वसंत भी शोर मचाता है। साधु की तरह वसंत आता है और चोर-आचरण को ओढ़कर आंख-मिचौली का खेल शुरू कर देता है। वसंत कभी ऐसे ही आया था देवाधिदेव महादेव की समाधि को तोड़ने के लिए। वह आया था रति की केली-क्रियाओं में डूबता-लहराता हुआ। समाधिस्थ शिव को जगाने के लिए राग-रंग-गंध के ज्वार पर ज्वार कामदेव ने उठाए। काम की हर लहर शिव को छूकर निकलती रही। शिव अटल अविचल रहे। शिव को प्रसन्न करने और रिझाने हेतु अनेकानेक प्रयोजनों-संयोजनों से कामदेव ने काम लिए मगर सबके सब विफल रहे। शिव की स्थिति से जैसे ही महादेव विलग हुए कि कामदेव को सफलता मिल गई। महादेव की समाधि टूटी। उनका शिवत्व जाग गया। उन्होंने काम को भस्म कर दिया। काम अनंग हो गया। वसंत के साथ चुपके से आ जाता है अनंग और अंग-अंग में मरोड़ उठाने लगता है। समस्त इंद्रियों काम के वशीभूत हो जाती हैं। दृष्टि, श्रवण, स्पर्श, गंध और स्वाद सब जागृत हो जाते हैं और कसमसाने लगते हैं। वसंत की मादकता, उसकी रसमयता, उसकी चंचलता सब वेगवती हो जाती है। वसंत के उफान को संभालना सबके बस की बात नहीं है। महायोगी भगवान शंकर हों या योगेश्वर श्रीकृष्ण सबने वासंतिक प्रहार का रूपांतरण किया और उसे प्रेम में उदात्त बना दिया। प्रेम वसंत का शाश्वत अमृतत्व है। प्रेम में अंतर्भुक्त होकर अनंग अंतरंग हो जाता है, अनंत छंद बन जाता है, परम आनंद का विराट वैभव हो जाता है। शिव काम को अंतर्लीन करके प्रेम के महा ऐश्वर्य हो गए, वे अर्धनारीश्वर हो गए।

वसंत के आते ही धरती का बहुरंगा कुसुमित आंचल वातावरण में लहरने-फहरने लगता है। गंध की तरंगों पर मचलती हुई मलय बयार संदल-संदल हो उठती है। बहकी-बहकी चाल के साथ बहती हुई बयार जिधर से भी गुजरती है उधर को बौरा देती है। बौरा जाता है बौर-बौर। बौरा जाते हैं भौंरों के दल के दल। बौराया वन-उपवन गंध और गुंजारों से गूंज उठता है। बागों का नजारा देखने योग्य हो जाता है - कलियों की अठखेलियां, बौराई हर डाल।/ पात पात में झूमती, आतुर छूती गाल।।वसंत की धूल भी फूलों से होड़ लेने लगती है। छोटे- बड़े चिड़ियों के झुंड पर झुंड बवंडर बनकर उड़ने-फिरने लगते हैं। रंग-बिरंगी तितलियां भी निःशब्द फूलों की महमह करती खिली-अधखिली पंखुड़ियों पर हौले से बैठ जाती हैं। जाने कैसे परागों को पीती हैं तितलियां कि पराग उनके पंखों में फैलकर जम जाता है। छूते ही तितलियों के पंख झर जाते हैं पराग और मुलायमियत की गुदगुदी से तृप्त हो जाती हैं उंगलियां।

वसंत की बेटियां ये तितलियां अब बहुत कम दिखतीं हैं। गुलशन की आवारगी और गुलों की बदमिजाजी ने शालीन-कुलीन तितलियों को भयभीत कर दिया है। बदतमीजी से बचती है तितलियां। प्रकृति की आनंदित आकृतियां ये तितलियां रूपगर्विता नहीं होती हैं। ये तो शांत, स्निग्ध, निश्छल, ज्योत्स्ना स्नात सदा निर्मल और निर्द्वंद्व होती हैं। निर्द्वंद्व को भी छल-छंद में फंसकर विवश हो जाना पड़ता है। प्रकृति का सौंदर्य जब, जहां, जिस रूप में प्रकट और उजागर होता है वहीं उसे नष्ट करने वाले भी मंडराने लगते हैं। रंग, गंध और सौंदर्य के शत्रु भरे पड़े हैं। आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री लिखते हैं -'गंध की अनंत वेदना वसंत है।' वसंत को देखकर प्रसन्नता होती है, उसे समझकर आश्चर्य होता, उसे जीकर अद्भुत अनुभूतियां होती हैं। वसंत को आत्मसात करके आत्मा आनंदित होती हैं। कहना अत्युक्ति नहीं कि-रोम रोम पुलकित हुआ, फड़क रहे हर अंग।/ जाने किसने कर दिया, मौसम का यह रंग।।



डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

> वसंत की बेटियां ये तितलियां अब बहुत कम दिखतीं हैं। गुलशन की आवारगी और गुलों की बदमिजाजी ने शालीन-कुलीन तितलियों को भयभीत कर दिया है। बदतमीजी से बचती है तितलियां। प्रकृति की आनंदित आकृतियां ये तितलियां रूपगर्विता नहीं होती हैं।

# विज्ञान समाज का सौतेला बेटा

विज्ञान दिवस का कहीं कोई जिक्र नहीं। इसलिए क्योंकि सौतेले बेटे से काम पूरा लिया जाता है पर उसे सम्मान नहीं दिया जाता, प्यार नहीं किया जाता। प्यार तो हम भावना से करते हैं। विज्ञान तर्क करता है, भावना के आड़े आता है, असुविधा जनक प्रश्न उठाता है। हम मिथकों के आगोश में कहानियों की थपकियों के सहारे सुकून से सोना चाहते हैं, विज्ञान बेदर्द है, नशे का दुश्मन है। इसलिए हम उसे इस्तेमाल कर लेते हैं, पर श्रेय नहीं देते। कितने सुकून में हैं हम लोग वो जमाना भूलकर, जब हजारों लोग हैजे से मर जाते थे। चेचक, टीबी तो बहुत बड़ी बात है, एंटीबायोटिक के आविष्कार से पहले मामूली घाव होने पर भी लोग मर जाते थे। हम जिंदा बचे रहने के लिए कभी विज्ञान का धन्यवाद नहीं करते। कोरोना में कोई चमत्कार काम नहीं आया, कोई धर्म गुरु, धर्म स्थल काम नहीं आया। अब हम बच गए हैं तो उन्हीं बाबाओं के पास फिर पहुंच गए हैं। नए बच्चे इंजीनियरिंग डॉक्टरी की पढ़ाई करते हैं, ताकि नौकरी मिल जाए फिर अपने अंधविश्वासों की आरामगाह में लौट जाते हैं। मेरे एक मित्र की इंजीनियर बेटी ने एक दिन मुझे सुहाग चिन्हों से बीमारी दूर करने का विज्ञान समझाया। इसमें कोई नई बात नहीं है। दुनिया हमेशा से ऐसी ही थी। लोगों ने गैलीलियो से माफी मंगवाई, तर्क की बात करने वाले ब्रूनो को जिंदा जला दिया। इस घटा घोप में, पता नहीं वो कौन लोग थे जिन्होंने संविधान की धारा 51 ए में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने को नागरिकों का कर्तव्य बताया। आज जब हर ओर चमत्कारों का जय घोष है, संविधान के इस प्रावधान पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए।



संजय वर्मा
इंदौर

# 12 टेलीग्राम व 3 व्हाट्सएप चैनल पर लीक हुआ पेपर

## सिपाही भर्ती मामले में एसटीएफ के हाथ लगा अहम सुराग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- क्यूआर कोड का मामला आया सामने, तेज हुई जांच
- साइबर विशेषज्ञ जुटे क्यूआर कोड का आईपी ऐड्रेस खंगालने में

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले की जांच में जुटी एसटीएफ को छानबीन और पकड़े गए लोगों से पूछताछ में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। इससे जल्दी ही असल गुनहगार तक पहुंचने की एसटीएफ टीम को उम्मीद जगी है। बोर्ड को मिले पेपर लीक के 15 सौ सबूतों और जांच-पड़ताल से अभी तक यह पता चला कि 12 टेलीग्राम और 3 व्हाट्सएप चैनल पर पेपर लीक हुआ। लिहाजा एसटीएफ टीम ने टेलीग्राम और इन व्हाट्सएप चैनलों नजर टिका दी है।

एसटीएफ को वाट्सऐप पर एक और भी ग्रुप की सूचना मिली है। पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक के नाम से ऑपरेट हो रहे इस ग्रुप को एसटीएफ ने रडार पर रखा है। इस ग्रुप से जुड़े लोगों की भी कुंडली खंगाली जा रही है।

इसी क्रम में एसटीएफ टीम कानपुर में पकड़े गए वकील से लगातार पूछताछ कर रही है। इस दौरान कई संदिग्धों के नाम सामने आए हैं। वकील ने साल्व्ड पेपर उपलब्ध कराने वाले जिस युवक का नाम लिया है, वह अभी भी एसटीएफ के शिकंजे से बाहर है। टीम का मानना है कि पेपर लीक कांड में वह युवक मजबूत कड़ी साबित हो सकता है। उम्मीद है कि उस युवक से वायरल पेपर आखिर किस प्लेटफार्म से ऑरिजिनेट हुआ, इस बाबत जानकारी मिल सकेगी।

वहीं, दूसरी ओर एसटीएफ टीम को जांच के दौरान एक नया मामला, 'क्यूआर कोड' का सामने आया है। आशंका है कि इसी क्यूआर कोड के जरिए पेपर आउट हुआ है। इसी कोड के जरिए साल्व्ड पेपर विभिन्न जिलों में भेजी गई। टीम अब इस कोड के बारे में जानकारी जुटाने में जुटी। इसके लिए एसटीएफ मे साइबर क्राइम के जानकारों को लगाया गया है। साइबर क्राइम की टीम इस क्यूआर कोड को जेनरेट करने वाले मोबाइल या कंप्यूटर का आईपी एड्रेस का पता लगाने में जुटी हुई है।

## 13 आईएएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार ने मंगलवार की देर रात 13 आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। रजनीश दुबे को राजस्व परिषद का अध्यक्ष बनाया गया है। झांसी के मंडलायुक्त आदर्श सिंह को आबकारी आयुक्त बनाया गया है। यह पद कुछ समय से खाली चल रहा था। आईएएस डॉ. बलकार सिंह को प्रदेश का नया आवास आयुक्त बनाया गया है। सचिव कृषि राजशेखर को जल निगम ग्रामीण के पद पर तैनाती दी गई है।

राजेश कुमार सिंह को प्रमुख सचिव सहकारिता बनाया गया है। वह प्रमुख सचिव कारागार भी बने रहेंगे। बीएल मीणा को प्रमुख सचिव उद्यान एवं रेशम के पद पर भेजा गया है। रवींद्र कुमार प्रमुख सचिव पशुधन व दुग्ध विकास व विमल दुबे को मंडलायुक्त झांसी बनाया गया है। चैत्रा वी को मंडलायुक्त अलीगढ़ बनाया गया है। मनोज कुमार से उद्यान विभाग का चार्ज हटा लिया गया है। पी गुरू प्रसाद प्रमुख सचिव राजस्व होंगे। रणवीर प्रसाद एमडी विद्युत उत्पादन निगम, राजशेखर एमडी पेयजल मिशन ग्रामीण को बनाया गया है।

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को आजीवन कारावास

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में चार साल पहले हुए नाबालिग किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म व वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोपियों को पॉक्सो कोर्ट ने दोषी करार देते हुए दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपियों पर 17 लाख 30 हजार रुपये अर्थदंड की भी सजा सुनाया है। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने दोषियों को हिरासत में लेकर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

बताते चलें कि वर्ष 07 जुलाई 2020 को इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में नाबालिग वादिनी ने शीबू और नाजिम सहित तीन अन्य अज्ञात पर सामूहिक दुष्कर्म करने और वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोप में तहरीर देकर एससी/एसटी और सामूहिक दुष्कर्म सहित आईटी एक्ट की संगीन धाराओं में केस दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमे की विवेचना के दौरान 6 अभियुक्तों के नाम प्रकाश में लाये। इस आरोपियों में अभियुक्त आसिफ को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान व शेष अन्य को गिरफ्तार कर जेल भेजते हुए पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। पुलिस की प्रभावी पैरवी और वादिनी के प्रयासों के मद्देनजर अपर सत्र न्यायाधीश एससी/एसटी कोर्ट न्यायाधीश निशा झा ने मामले की सुनवाई कर बुधवार को 5 दोषियों को सामूहिक दुष्कर्म और 2 अभियुक्तों को आईटी एक्ट (वीडियो वायरल करने) के आरोप सहित एक अभियुक्त को घटना को सुनियोजित तरीके से रचने और छेड़छाड़ के आरोप में दोषी करार देते हुए कारावास के साथ जुर्माने की सजा सुनाई है।

### इन आरोपियों को हुई सजा

नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म मामले में कोर्ट ने आरोपी शीबू, आसिफ खान, आबिद, आरिफ खान, सालिम खान को पॉक्सो एक्ट तथा 67 आईटी एक्ट के अपराध में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास सहित प्रत्येक दोषी पर को 2,40,000 रुपये (कुल 12 लाख रुपये) अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने आरोपी दानिश और नाजिम को दोषी करार देते हुए 5 वर्ष की जेल सहित प्रत्येक को 2,20,000 रुपये (कुल 04 लाख 40 हजार रुपये) अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

## सार-संक्षेप

### तीन जिलों के एसपी समेत छह आईपीएस बदले

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन ने बुधवार को तीन जिलों के एसपी समेत छह आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। अमेठी के पुलिस कप्तान इलामारन जी. को मऊ के एसपी के पद पर भेजा गया है, जबकि एसपी तकनीकी सेवाएं अनूप कुमार सिंह को अमेठी का एसपी बनाया गया है। शासन से जारी सूची के मुताबिक मऊ के एसपी अविनाश पांडेय को पीलीभीत का एसपी बनाया गया है, जबकि पीलीभीत के एसपी अतुल शर्मा द्वितीय को आगरा कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। सीबीसीआईडी में तैनात सुनीता सिंह को 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर का सेनानायक और आगरा पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त रवि कुमार को 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर का सेनानायक बनाया गया है।

### कृषि क्षेत्र में प्रदेश को सहयोग करेगा आस्ट्रेलिया

**लखनऊ, अमृत विचार :** आस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ओएएम ने बुधवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उच्चायुक्त ने कृषि क्षेत्र में प्रदेश का सहयोग देने का आश्वासन दिया। उच्चायुक्त ने कृषि मंत्री को बताया कि वह दो क्षेत्रों कृषि व कृषि शिक्षा के क्षेत्र में भारत के साथ कार्य करने व प्रदेश में कृषि विश्वविद्यालय की शाखा खोलने का इच्छुक है जिसमें भारतीय छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। उच्चायुक्त ने कहा कि कृषि क्षेत्र में माइक्रो इरीगेशन, उत्पादन व तकनीकी हस्तानांतरण के क्षेत्र में आस्ट्रेलिया की तकनीकी टीम चर्चा के लिए लोकसभा चुनाव के बाद कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### मुस्लिम बंदी ने रामलला को समर्पित किया मेहनताना

**अयोध्या कार्यालय :** भव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला को फतेहपुर जेल में निरुद्ध मुस्लिम बंदी जियाउल हसन ने झाड़ू लगाने के बदले मिले मेहनताने से डेढ़ महीने की कमाई को समर्पित किया है। जिसे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने स्वीकार करते हुए खाते में जमा भी कर दिया है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि जियाउल हसन पुत्र सिराज हसन फतेहपुर के रामजानकी पुरम का रहने वाला है। बंदी के आग्रह पर जेल अधीक्षक ने 1075 रूपये का चेक बनवाकर कारसेवकपुरम भेजा है। यह चेक प्राण प्रतिष्ठा से पहले जनवरी में ही जारी किया गया है।


### पद्मश्री अनूप जलोटा को मिलेगा शान-ए-अवध अवार्ड



**लखनऊ, अमृत विचार :** हुनर क्रिएशंस क्राफ्ट एसोसिएशन की ओर से भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा को शान-ए-अवध अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। आगामी आठ मार्च को छावनी स्थित सूर्या प्रेक्षागृह में यह अवार्ड दिया जायेगा। एक शाम लखनऊ के नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में मध्य कमान प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस सुब्रहमण्यम अनूप जलोटा को यह सम्मान प्रदान करेंगे। इस मौके पर आईएएस अधिकारी डॉ. हरिओम और गायिका अंकिता कपूर सुरों की महफ़िल सजाएंगे। मध्य कमान के चीफ ऑफ़ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा और प्रमुख सचिव संस्कृति व पर्यटन मुकेश मेश्राम विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। हुनर क्रिएशंस के सचिव जफर नबी ने बताया कि हुनर क्रिएशंस कला और संस्कृति में विशिष्ट योगदान देने वाले प्रमुख कलाकारों को सम्मानित करने और नयी प्रतिभाओं का हुनर निखारने और उन्हें रोजगारोन्मुख कार्यक्रमों से जोड़ने का काम कर रही है। अनूप जलोटा से पहले इस अवार्ड से प्रख्यात सरोद वादक उस्ताद अमजद अली खां, संतूर वादक पं. शिवकुमार शर्मा, फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी, रेखा भारद्वाज, सोनू निगम और तलत अजीज जैसे कलाकारों को सम्मानित किया जा चुका है। जफर नबी ने बताया कि इस आयोजन में अनूप जलोटा की गायकी का लुत्फ़ तो मिलेगा ही साथ ही डॉ. हरिओम और युवा गायिका अंकिता कपूर के गीत भी सुनने को मिलेंगे। वायस ऑफ़ प्योरिटी और रेडियो सिटी सुपर सिंगर की रनर अप रह चुकी अंकिता कपूर उदित नारायण, विनोद राठौड़ और शान जैसे गायकों के साथ मंच साझा कर चुकी हैं।

# अवैध संबंधों को सुरक्षा देकर समाज में अराजकता नहीं फैला सकता कानून

विधि संवाददाता, प्रयागराज




**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक विवाहित महिला और उसके लिव-इन पार्टनर द्वारा दाखिल सुरक्षा याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि कोर्ट ऐसे रिश्ते की रक्षा नहीं कर सकती है, जो कानून द्वारा समर्थित नहीं है। अगर कोर्ट ऐसे अवैध संबंधों को संरक्षण देगी तो इससे समाज में अराजकता फैल जाएगी।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की एकलपीठ ने पिंकी और अन्य की याचिका को 2000 रुपए जुर्माने के साथ खारिज करते हुए पारित किया। महिला मुस्लिम धर्म से संबंधित है और उसका लिव-इन पार्टनर हिंदू है। महिला को अपने पति से जान का खतरा है, इसलिए उसने हाईकोर्ट के समक्ष सुरक्षा याचिका दाखिल की। महिला ने पति पर आरोप लगाया कि वह शराबी है और नियमित रूप से उसके साथ मारपीट करता है, इसलिए वह अपनी 5 साल की बच्ची के साथ अपने लिव-इन पार्टनर के साथ रहने लगी। उसने आगे तर्क दिया कि अपने जीवन की सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ के समक्ष भी एक आवेदन दिया था, लेकिन उसे सुरक्षा प्रदान नहीं की गई। उसके तर्कों का खंडन करते हुए सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची ने अपने पति से तलाक की कोई डिक्री प्राप्त नहीं की है। अतः वह विपक्षी की कानूनन पत्नी है। इसके अलावा उसने अपने पति से अलग रहने का कोई स्पष्ट कारण भी नहीं बताया। वह केवल अपने आजाद और स्वतंत्र रवैये के कारण गैरकानूनी ढंग से धर्मांतरण कर अपने लिव-इन पार्टनर के साथ रह रही है। इस प्रकार उसके रिश्ते को कानून द्वारा संरक्षित नहीं किया जा सकता है। अंत में कोर्ट ने महिला और उसके लिव-इन पार्टनर को सुरक्षा पाने का हकदार नहीं माना और उसकी हरकतों को व्यभिचार का नाम दिया।

## सड़क हादसे में मां, दो बेटे और बेटी की मौत

**बांदा, अमृत विचार :** बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बुधवार दोपहर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे बाइक पर सवार मां, दो बेटे और बेटी की मौत हो गई। एएसपी, सीओ नरैनी व कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंचे।

बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव निवासी लाला भइया पत्नी सीमा (38) दो पुत्र रवि (18) व बाबू (6) तथा पुत्री आरती (8) के साथ साले अमित की ससुराल लामा गांव विवाह समारोह में गए थे। बुधवार दोपहर लाला भइया बस से गांव के लिए चले। बेटा रवि अपनी मां सीमा, भाई बाबू और बहन आरती को बाइक से लेकर बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे से गांव लौट रहा था। बेलगांव पुलिस चौकी के पास तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। रवि और बाबू की मौके पर ही मौत हो गई। घायल सीमा व आरती को पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा। जहां सीमा और आरती ने भी दम तोड़ दिया।

# पेपर लीक: युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



युवा कांग्रेसी प्रदर्शनकारियों को रोकती पुलिस। ● अमृत विचार

- पुलिस से नोकझोंक, धक्कामुक्की कई कांग्रेसी चोटिल

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक, युवाओं पर अत्याचार, बढ़ती बेरोजगारी के विरोध में बुधवार को प्रदेश युवक कांग्रेस ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया। बैरीकेडिंग लगाकर रोकने पर पुलिस से धक्कामुक्की में कई प्रदर्शनकारी घायल भी हो गए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर शाम को रिहा कर दिया।

युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के आवाहन पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से सैकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेसी मुख्यमंत्री आवास घेरने के लिए निकले। इन प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने बैरीकेडिंग लगाकर मालएवेन्यू के सुन्नी वक्फ बोर्ड कार्यालय के पास रोक लिया। इस पर कांग्रेसियों की पुलिस से नोकझोंक और धक्कामुक्की हो गई। इसमें कई कांग्रेसजनों को चोटें भी आई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें बसों से इको गार्डेन ले जाया गया। देर रात सभी को रिहा कर दिया गया। श्रीनिवास ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जबसे भाजपा की योगी सरकार आई है तबसे सारी भर्तियों के पेपर लीक हो रहे हैं, चाहे आरओ, एआरओ हो, लेखपाल भर्ती हो, पुलिस भर्ती हो। योगी सरकार युवाओं के साथ धोखा कर रही है। सरकार बेरोजगार युवाओं को भर्ती के नाम पर छलने का काम कर रही है। भर्ती परीक्षा के नाम पर जो युवाओं से धन ले रही है उसमें सरकार भ्रष्टाचार कर रही है।

# लोस चुनाव से पहले अखिलेश की किलेबंदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- गुड्डू जमाली को लिया साथ, आजमगढ़ लोस उपचुनाव में सपा की जीत के बने थे रोड़ा

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वांचल में किलाबंदी मजबूत करने के तहत गुड्डू जमाली को साथ ले लिया है। शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली इससे पहले बसपा के नेता थे। काफी समय से अखिलेश यादव के संपर्क में थे। बुधवार को सपा के लखनऊ मुख्यालय में अखिलेश यादव की मौजूदगी में पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने गुड्डू जमाली और उनके साथियों को पार्टी में शामिल करते हुए सभी का स्वागत किया।

गुड्डू जमाली दो बार के विधायक रहे हैं और वह सफल कारोबारी भी हैं। जमाली सपा की तरफ से इस बार विधानपरिषद भेजने पर भी उठे एक सवाल पर अखिलेश ने असहमति नहीं दिखायी। आजमगढ़ सीट पर हुए पिछले उपचुनाव में सपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव की हार के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार बताए जा रहे गुड्डू जमाली ने कहा कि आज ये वक्त की जरूरत है। वह दिल की आवाज सुनकर सपा में आए हैं। मजहब के नाम पर कोई हमें नहीं बांट सकता। पत्रकारों को संबोधित करते हुए गुड्डू जमाली ने कहा कि मुझ पर हिन्दू भाइयों का बड़ा अहसान है। सपा में शामिल होने का फैसला हमारे दिल ने किया है जिसने कहा कि आज की तारीख में यही एक बदलाव की उम्मीद है।

जमाली के मुताबिक, बसपा में मैं 13 साल रहा। पार्टी प्रमुख मायावती को भाजपा के खिलाफ लड़ाई में शामिल होना चाहिए था। जब यह नहीं हुआ तो हम लोग क्या करते? गुड्डू जमाली ने कहा कि अब वह जीवन भर सपा में रहेंगे। कहा कि मैं लालची नहीं हुआ। मैं सौदा नहीं करता हूं। हम लोगों को मजहब के नाम पर बांटने की कोशिश की जा रही है। हम दिलो जान से पीडीए के लिए लगेंगे। इस मौके पर अखिलेश यादव ने भी भाजपा पर जमकर हमला बोला। अखिलेश ने कहा कि एक समय में समुद्र मंथन हुआ था। आने वाले लोकसभा चुनाव में संविधान मंथन होगा।

### आजमगढ़ उपचुनाव में गुड्डू का दिखा था दम

लखनऊ। गुड्डू जमाली आजमगढ़ की मुबारकपुर सीट से 2012 और 2017 में बसपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीते थे। आजमगढ़ के लोस उप चुनाव में समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव 8 हजार वोटों से हार गए थे। भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ को 3 लाख 12 हज़ार वोट मिले थे। धर्मेंद्र यादव को 3 लाख 4 हज़ार और बसपा के शाह आलम उर्फ़ गुड्डू जमाली को 2 लाख 66 हज़ार मत मिले थे। गुड्डू जमाली के कारण मुस्लिम वोटों का बंटवारा हो गया थ जिसका फायदा भाजपा को मिला। चुनाव बाद वो समाजवादी पार्टी चले आए थे, लेकिन 2022 के विसभ. चुनाव में पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया तो वे फिर मायावती के साथ चले गए। सूत्रों मुताबिक, वह फिर लोस. चुनाव लड़ने की तैयारी में थे। अगर वे फिर चुनाव लड़ते तो मुस्लिम वोटर बंट जाते।

## शिक्षा व्यवस्था में हुए सुधार की होगी समीक्षा

**लखनऊ, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2023-23 में अभी तक हुए सुधार और संचालित सरकारी योजनाओं के प्रगति की समीक्षा होगी। इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक ने सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया है। आगामी 4 मार्च को दोपहर 1 बजे से शुरू होने वाली इस बैठक में शैक्षिक सत्र 2023-24 में बेसिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों व योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की जायेगी। शिक्षा महानिदेशक की ओर से जारी निर्देश में विद्यालयों के 19 पैरामीटर पर भी बात होगी।


## वर्ग पहेली-357

**बाएं से दाएं**

4. 1. किसी पदार्थ का गोल या चपटा टुकड़ा, कड़ी
5. पानी के किनारे रहने वाली एक सफ़ेद चिड़िया जिसकी चोंच और पैर काले होते हैं।
7. ऐसा व्यक्ति जिसमें उदात्त विचारों की क्षमता न हो, तुच्छ या नीच विचार वाला व्यक्ति।

**ऊपर से नीचे**

1. जलपानगृह, कॉफ़ी शॉप, छोटा रेस्तरां।
2. धूप संबंधी, धूप में प्रयुक्त किया जाने वाला।
3. रस की धारा, ख़ुशी की धारा।
5. 1. एक प्रकार का बड़ा मुगदर जो दोनों हाथों से घुमाया जाता है 2. करेल घुमाने की कसरत।
6. दूसरों को देखने में प्रवृत्त करना, प्रस्तुत करना; प्रकाश डालना, प्रदर्शित करना, खोलना, दर्शाना, प्रकट करना, सामने लाना, ज़ाहिर करना, उजागर करना, उद्‌घाटित करना।



### वर्ग पहेली - 356 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | | | | 2 तु | |
| गा | | 3 सु | | ल | |
| ना | | हा | | नी | |
| | 4 कु | व | ल | य | |
| 5 र | ल | ना | | | 6 खु |
| | प | | | | र |
| 7 इ | ति | हा | स | | हा |

## सुडोकू-74

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 4 | | | 6 | 1 | |
| | 1 | | | 6 | | | | 9 |
| | | | 3 | 5 | | | 2 | |
| | | 5 | | | | 3 | | 8 |
| 4 | | | 8 | | 6 | | | 2 |
| 8 | | 7 | | 9 | | 1 | | |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| 2 | | | | 3 | | | 4 | |
| | 6 | 9 | | | 4 | | 5 | |

### सुडोकू - 73 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 3 | 5 | 7 | 1 | 2 | 8 | 4 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 9 | 5 | 6 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 3 | 2 | 7 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 4 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 7 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 01 मार्च 06.21 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 10.22 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** – आज आपके व्यवहार से लोग काफी प्रसन्न रहेंगे जिसका लाभ आपको कार्यक्षेत्र में भी मिलेगा। जॉब में आपको पदोन्नति मिल सकती है। परिवार में किसी मांगलिक कार्य की रूपरेखा बन सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**वृष** – आज ऋण चुकाने के लिए समय उपयुक्त है। घर और व्यवसाय दोनों को पूरा समय देंगे। दर्शनशास्त्र जैसे विषयों पर आपकी रुचि बढ़ सकती है। कानूनी अड़चनें दूर होने के योग बन रहे हैं। शासन का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन** – आज ऑफिस में आपकी कार्यशैली पर सवाल खड़े हो सकते हैं। प्रिय व्यक्तियों से झगड़ा हो सकता है। मन में किसी गलती को लेकर आत्मग्लानि का भाव उत्पन्न होगा। शेयर और लाटरी से जुड़े कार्यों में निवेश से हानि हो सकती है।

**कर्क** – आज उच्च शिक्षा में अड़चने आ सकती हैं। माता का विशेष स्नेह प्राप्त होगा। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। जॉब में तालमेल बिठाना पड़ेगा। वैवाहिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

**सिंह** – आज कार्यक्षेत्र में आपको महत्वपूर्ण कार्य करने पड़ेंगे। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। ससुराल पक्ष से संबंध मधुर रहेंगे। व्यावसायिक समस्याएं दूर होंगी।

**कन्या** – आज आपको त्वरित प्रतिक्रिया देने से आपको बचना चाहिए। बेवजह के विवादों से दूर रहें। महत्वपूर्ण कार्य करते समय मन को शांत रखें। आपकी कोई कीमती वस्तु चोरी हो सकती है। मीडिया क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय खराब है।

**तुला** – आज आर्थिक स्थिति में बड़े बदलाव हो सकते हैं। भोग-विलास में प्रवृत्त रहेंगे। बड़े-बुजुर्गों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। आप अपने शौक वाले कार्य कर सकते हैं। अल्प मेहनत से अच्छा लाभ प्राप्त कर पाएंगे। आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृश्चिक** – आज कारोबारी यात्रा करनी पड़ेगी। जीवनसाथी के व्यवहार में रूखापन होगा। आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना पड़ सकता है। ऑफिस में आपकी मेहनत को महत्व नहीं मिलेगा। एकाग्रता में कमी हो सकती है। महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो सकते हैं।

**धनु** – आज कारोबार में लाभ-वृद्धि के योग बन रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे जातकों के लिए समय शानदार है। नई जॉब की खोज पूरी होगी। नए प्रोजेक्ट्स को लेकर उत्साह होगा। लोग आपसे सलाह लेना पसंद करेंगे।

**मकर** – आज कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। नई तकनीक और स्किल सीखने के लिए दिन बहुत अच्छा है। दूसरों से अपने मन की बातें शेयर न करें। नए प्रयोग कर सकते हैं। विवाह योग्य जातकों को मनोनुकूल विवाह संबंध मिल सकते हैं।

**कुंभ** – आज व्यापार में नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। निवेश के लिए समय बहुत अच्छा है। उच्च अधिकारियों के संबंध मधुर होंगे। स्थायी संपत्ति खरीद सकते हैं। परिवार के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है

**मीन** – आज जोखिम भरे निवेश से दूर रहें। बच्चों की जिद पर अंकुश लगाकर रखें। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह हो सकते हैं। ऑफिस में सहकर्मियों से विवाद हो सकता है। व्यापार में बिक्री कम होगी। कुसंगति भारी पड़ सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जुआरी
सुबह : 11.25
धड़कन
शाम : 06.44

SONY MAX
झूम बराबर झूम
सुबह : 11.30
ऑल द बेस्ट
रात : 07.00

SONY PIX
द डार्क नाइट
सुबह : 10.42
द कॉन्ज्यूरिंग
रात : 09.00

ZEE CINEMA
बैंजो
सुबह : 10.30
ये साली आशिकी
रात : 07.30

colors CINEPLEX
क्वीन
सुबह : 09.20
कुछ कुछ होता है
रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बहु अपने ससुर से-बाबू जी इलायची खत्म हो गई है आते समय बाजार से लेते आना।
ससुर- हमारे यहां बड़ों का नाम नहीं लेती, इलायची तुम्हारी सास का नाम है।
बहु- ठीक है आगे से ध्यान रखूंगी।
अगली बार बहु- बाबू जी मां जी खत्म हो गई हैं आते समय बाजार से लेते आना...
ससुर- बेहोश

पति- तुमने तो सुबह कहा था की रात के खाने में दो ऑप्शन होंगे यहां तो एक ही सब्जी दिख रही है?
पत्नी-ऑप्शन अभी भी दो हैं
पति- वो कैसे?
पत्नी-खाना है तो खाओ नहीं तो रहने दो।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 97 मसूरी- 84 बासमती- 142-160 दाल दलहन : काला चना- 94 साबुत चना दाल- 92 मूंग साबुत- 117 राजमा- 145 दाल उड़द- 145 साबुत मसूर दाल- 109 मसूर दाल- 110 उड़द साबुत- 128 काबुली चना- 175-185 अरहर दाल- 158 लोबिया/करमानी- 127 सोयाबीन- 89 मूंगफली- 130 मटर (सूखी)- 60-68 मक्का- 30।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 1835, राज श्री 1350, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1570, जय जवान 1420, सचिन 1485, सूरज 1445, अवसर 1575, राग गोल्ड 1550, गृहणी 1475, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1565, चक्र टिन 1650, ब्लू 1585, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1805। किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950. चावल-(प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350।

# जीडीपी वृद्धि दर तीसरी तिमाही में घटकर 6.9% रहेगी: एसबीआई

मुंबई, एजेंसी

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 6.7 से 6.9 प्रतिशत रह सकती है। यह दूसरी तिमाही की 7.6 प्रतिशत वृद्धि दर के मुकाबले कम है, जिसका कारण कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन है। एसबीआई रिसर्च की बुधवार को जारी रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का आधिकारिक आंकड़ा जारी होने से एक दिन पहले यह रिपोर्ट आई है।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर उम्मीद से कहीं अधिक 7.6 प्रतिशत रही। इसके




साथ भारत दुनिया में तीव्र आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने वाला देश बना रहा। वृद्धि दर में तेजी का प्रमुख कारण सरकार के व्यय और विनिर्माण गतिविधियों में तेजी रही। एसबीआई रिसर्च का तीसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत से 6.9 प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान रिजर्व बैंक के 7 प्रतिशत वृद्धि के अनुमान से कम है। इसके साथ ही एसबीआई रिसर्च ने चौथी तिमाही में वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना जताई है।

दूसरी ओर, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में लगभग 4,000 सूचीबद्ध कंपनियों के शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 30 प्रतिशत से अधिक की मजबूत वृद्धि हुई है, जबकि उनका कारोबार लगभग 7 प्रतिशत बढ़ा है। इसके अलावा, बीएफएसआई (बैंक, वित्तीय सेवा और बीमा) को छोड़कर करीब 3,000 सूचीबद्ध कंपनियों ने मार्जिन में सुधार की सूचना दी है।

### कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन बड़ा कारण

एसबीआई रिसर्च ने कहा कि अक्टूबर-दिसंबर, 2023 तिमाही में कम वृद्धि दर के अनुमान का सबसे बड़ा कारण कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन है। मत्स्य पालन को छोड़कर समूचा कृषि क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कृषि मंत्रालय के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, 2023-24 में प्रमुख खरीफ फसलों का उत्पादन 14.85 करोड़ टन होने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक, रबी फसलों की बुवाई का कुल रकबा पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ा बढ़ा है, लेकिन अनाजों के मामले में रकबे को लेकर चिंता है। इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 6.5 प्रतिशत की कमी देखी गई है। इसके मुताबिक, अगर रबी उत्पादन से खरीफ की कमी की भरपाई नहीं होती है तो कृषि क्षेत्र के मूल्य-वर्द्धन में गिरावट देखने को मिलेगी।

## एयरटेल ने लॉन्च किया रिसाइकिल्ड पीवीसी सिमकार्ड

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने बुधवार को वर्जिन प्लास्टिक से बने सिम काड्र्स की जगह रिसाइकल्ड प्लास्टिक से बने सिम कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि इसके लिए आईडीईएमआईए सिक्योर ट्रांजैक्शंस के साथ उसने साझेदारी की है। एयरटेल हमेशा से ही पर्यावरण के अनुकूल और जिम्मेदार सर्कुलर बिजनेस प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। एयरटेल भारतीय टेलीकॉम इंडस्ट्री में पहली टेलीकॉम कंपनी बन गई है, जिसने रिसाइकिल प्लास्टिक से बने सिम कार्ड लॉन्च किए हैं। इस बदलाव से एक वर्ष में 165 टन से ज्यादा प्लास्टिक का इस्तेमाल कम होगा। साथ ही, 690 टन से ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन भी कम होगा।

# अगले दशक में 2,000 अरब डॉलर पहुंच जाएगा खुदरा क्षेत्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- बीसीजी-आरएआई की रिपोर्ट में दोगुना होने का जताया अनुमान

देश का उपभोग बढ़ने के साथ अगले दशक में भारत का खुदरा क्षेत्र 9-10 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) और भारतीय खुदरा संघ (आरएआई) की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, संगठित खुदरा विक्रेताओं को अपना बेहतर प्रदर्शन आगे भी बनाए रखना होगा। यह क्षेत्र वृद्धि की गति और आकार को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण बदलावों से गुजर रहा है। इसमें कहा गया कि आय वृद्धि स्थिर रहने के बीच उपभोक्ता व्यक्तिगत आय को लेकर आशावादी हैं। उपभोक्ता तेजी से नए अनुभवों पर खर्च करना चाहते हैं या नए उपायों से अधिक बचत



करना चाहते हैं। बीसीजी के प्रबंध निदेशक और वरिष्ठ भागीदार अभीक सिंघी ने कहा, 'अगले दशक में भारतीय खुदरा क्षेत्र का आकार दोगुना होकर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। विभिन्न श्रेणियों और प्रारूपों में ऐसे विक्रेता सफल होंगे, जिनकी नकदी स्थिति अच्छी होगी।'

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले दशक में भारत में खुदरा बिक्री 9-10 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है।

## सर्राफा

| | |
| --- | --- |
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 71,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,550-47,750 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 71,500 |
| चांदी तैयार | 71,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 708 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,200। |

## कारोबारी सुनील मित्तल को ब्रिटेन का मानद नाइटहुड सम्मान

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत और ब्रिटेन के व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने का श्रेय



दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी भारती एयरटेल के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल को किंग चार्ल्स तृतीय द्वारा मानद नाइटहुड, नाइट कमांडर ऑफ द मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर (केबीई) से सम्मानित किए गए हैं।

केबीई ब्रिटेन द्वारा नागरिकों को दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। यह विदेशी नागरिकों को मानद क्षमता में प्रदान किया जाता है। द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर की स्थापना किंग जॉर्ज पंचम द्वारा 1917 में उन लोगों को सम्मानित करने के लिए की गई थी, जिन्होंने गैर-जुझारू भूमिका में सेवा की थी और कला, विज्ञान और सार्वजनिक सेवा में योगदान को पुरस्कृत करने के लिए ऑर्डर का विस्तार किया था। गैर-ब्रिटिश नागरिकों को सर या डेम जैसे शीर्षकों का उपयोग करने के बजाय उनके नाम के बाद केबीई जोड़ने के लिए सम्मानित किया जाता है। इससे पहले रतन टाटा, रवि शंकर और जमशेद ईरानी को यह सम्मान मिल चुका है।

## बीते दो वर्षों में 20 प्रतिशत तक बढ़ गए घरों के दाम: रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख शहरों में घरों की मांग बढ़ने से पिछले दो वर्षों में घरों की कीमतों में औसतन 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। क्रेडाई, कोलियर्स और लियासस फोरस की संयुक्त रिपोर्ट कहती है कि बीते दो वर्षों में मांग मजबूत बने रहने से आठ शहरों में कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। इन आठ शहरों में अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन और पुणे शामिल हैं। बेंगलुरु, एनसीआर और कोलकाता में 2021 की तुलना में 2023 में औसत कीमतों में सर्वाधिक 30 प्रतिशत की औसत वृद्धि देखी गई है।

# देश में अमीरों की संख्या 6% बढ़कर 13,263 हुई

नई दिल्ली, एजेंसी

- नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में किया गया दावा

भारत में अत्यधिक अमीर व्यक्तियों की संख्या बीते साल यानी 2023 में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई है। नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में बढ़ती समृद्धि के कारण अति-उच्च नेटवर्थ वाले व्यक्तियों (यूएचएनडब्ल्यूआई) की संख्या 2028 तक बढ़कर करीब 20,000 हो जाएगी।

यूएचएनडब्ल्यूआई को ऐसे व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया गया है, जिनकी कुल संपत्ति तीन करोड़ डॉलर या उससे अधिक है।



बुधवार को एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने 'द वेल्थ रिपोर्ट-2024' जारी करते हुए कहा कि भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या 2023 में 6.1 प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई, जबकि इससे पिछले वर्ष यह 12,495 थी। भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या के 2028 तक बढ़कर 19,908 होने की उम्मीद है।

### अमीर भारतीयों ने 32% पूंजी आवासीय संपत्तियों में लगाई

**नई दिल्ली।** भारत के बेहद अमीर लोगों ने अपनी संपत्ति का करीब 32 प्रतिशत हिस्सा देश के भीतर और बाहर आवासीय संपत्तियों में निवेश किया हुआ है। नाइट फ्रैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि उनके आवासीय पोर्टफोलियो का करीब 14 प्रतिशत देश के बाहर आवंटित है। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 में बेहद अमीर श्रेणी के एक भारतीय व्यक्ति के पास औसतन 2.57 घर हैं, जबकि 28 प्रतिशत लोगों ने अपने दूसरे घरों को किराये पर दिया हुआ था।



## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर के दो संगठनों पर सरकार ने लगाया प्रतिबंध लगाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (सुमजी गुट) और मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (भट गुट) को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'ये संगठन देश की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल रहे हैं।'

### बजट सत्र में भाग लेने की सोरेन की याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका खारिज कर दी, जिसमें विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति मांगी गई थी। सत्र की शुरुआत 23 फरवरी को हुई और दो मार्च तक चलेगा। सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले महीने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था। उन्होंने शुक्रवार को हाईकोर्ट के समक्ष एक आवेदन दायर कर बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति मांगी थी। उनकी दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रखा था।

# विकल्प खुले, कड़े निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेंगे

## हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार पर मंडराए संकट के बीच कांग्रेस ने किया स्पष्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में अपनी सरकार पर मंडराए संकट के बीच बुधवार को कहा कि जनादेश को बरकरार रखने के लिए सारे विकल्प खुले हुए हैं और जरूरत पड़ने पर वह कठोर निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेगी। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी लोगों के अधिकार को कुचलना और प्रदेश को 'राजनीतिक आपदा' में धकेलना चाहती है।

हिमाचल में राज्यसभा की एक सीट पर हुए मतदान में कांग्रेस के छह विधायकों द्वारा 'क्रॉस वोटिंग' किए जाने के बाद भाजपा ने सीट पर जीत हासिल की थी और उसके बाद से राज्य में राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। पार्टी महासचिव जयराम



रमेश ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पर्यवेक्षकों से बात की है और उनसे कहा है कि वे विधायकों से बात करके जल्द रिपोर्ट सौंपें। उनका कहना है कि पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के बाद ही कोई कदम उठाया जाएगा। कांग्रेस ने छतीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को बतौर पर्यवेक्षक शिमला भेजा है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला भी शिमला में मौजूद हैं। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पर्यवेक्षक गुरुवार शाम तक अपनी रिपोर्ट खरगे को भेज सकते हैं। उसके बाद तत्काल निर्णय लिया जाएगा।

### विक्रमादित्य की नाराजगी दूर करेंगे: मुख्यमंत्री सुक्खू

**शिमला।** हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का इस्तीफा स्वीकार करने का कोई औचित्य नहीं है। सुक्खू ने कहा कि विक्रमादित्य उनके छोटे भाई हैं। उनकी जो नाराजगी है, उसे दूर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक भी बुलाई है। सुक्खू ने विक्रमादित्य के इस्तीफा पर कहा कि उनसे बात हुई है। ऐसी कोई बात नहीं है। वह मेरे छोटे भाई हैं। निश्चित रूप से किसी को गुस्सा आता है, तो वह इस्तीफा दे देता है। उनका इस्तीफा स्वीकार करने का कोई औचित्य ही नहीं है। बजट सत्र के दौरान उनसे आज हमारी बात हुई, लेकिन इस बीच सदन में विधानसभा अध्यक्ष आ गए। उनकी जो भी नाराजगी है उसे दूर किया जाएगा।

### बागी विधायकों की सदस्यता पर लटकी तलवार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के छह बागी विधायकों की सदस्यता पर तलवार लटक गई है। दल-बदल कानून के तहत विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के समक्ष याचिका दाखिल की गई है। इसमें विधायकों की सदस्यता को चुनौती दी गई है। इसमें बड़ी बात यह है कि विस अध्यक्ष ने तुरंत ही विधायकों को नोटिस जारी कर सुनवाई शुरू कर दी है। उधर, बागी विधायकों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से ये मांग उठाई है कि जवाब के लिए कम से कम सात दिन का समय दिया जाना चाहिए था, लेकिन विस अध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत में स्पष्ट तौर पर कहा कि आदेश तुरंत जारी कर दिए जाएंगे। दरअसल, सत्ता पक्ष ने व्हिप जारी किया हुआ था।

## शाहजहां को सीबीआई व ईडी भी कर सकती है गिरफ्तार: हाईकोर्ट

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को निर्देश दिया कि संदेशखालि में महिलाओं पर यौन अत्याचार और जमीन हड़पने के मामले के मुख्य आरोपी तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के अलावा सीबीआई और ईडी भी गिरफ्तार कर सकती है। राज्य महाधिवक्ता की अर्जी पर अदालत ने 26 फरवरी को जारी अपने आदेश को स्पष्ट किया, जिसमें पुलिस को शेख की गिरफ्तारी का आदेश दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि अदालत ने 7 फरवरी के अपने आदेश में केवल ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच के लिए एकल पीठ द्वारा सीबीआई और पश्चिम बंगाल पुलिस के एसआईटी के गठन पर रोक लगाई थी।

# मोदी ने इसरो के नए प्रक्षेपण परिसर का किया शिलान्यास

थूथुकुडी, एजेंसी

- राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक और कांग्रेस को आड़े हाथों लिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक की नई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार पर तमिलनाडु की उन्नति के लिए कोई काम नहीं करने का आरोप लगाया।

परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य प्रगति का नया अध्याय लिख रहा है और केंद्र के प्रयासों के कारण तमिलनाडु आधुनिकता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि समाचार पत्र और टीवी चैनल केंद्र के प्रयासों को



दिखाना चाहते हैं, लेकिन सरकार उन्हें ऐसा करने की इजाजत तक नहीं दे रही। मोदी ने जोर देकर कहा, 'लेकिन हम विकास कार्यों से पीछे नहीं हटेंगे।'

तमिलनाडु के तूतीकोरिन में भारत के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन जलमार्ग पोत को हरी झंडी दिखाते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लगातार प्रयासों के कारण परिवहन बढ़ने से तमिलनाडु में जीवन में सुगमता आई है।

## असम: कांग्रेस नेता राणा गोस्वामी ने इस्तीफा दिया

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की असम इकाई के दिग्गज नेता राणा गोस्वामी बुधवार को पार्टी से इस्तीफा देकर नई दिल्ली रवाना हो गए, जहां उनके भाजपा में शामिल होने की संभावना है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, 'मैं यह कहना चाहता हूं कि मैं असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष और कांग्रेस के एक सक्रिय सदस्य के रूप में अपना इस्तीफा दे रहा हूं।'

## आत्महत्या के मामले में आप विधायक दोषी करार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक प्रकाश जारवाल को एक डॉक्टर को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का दोषी ठहराया। दक्षिणी दिल्ली के दुर्गा विहार में 18 अप्रैल, 2020 को 52 वर्षीय डॉ. राजेंद्र सिंह ने आत्महत्या कर ली थी। न्यायाधीश ने देवली विधानसभा क्षेत्र के विधायक जारवाल को दोषी करार देते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष ने तार्किक संदेह से परे जाकर उनके खिलाफ मामला साबित किया। न्यायाधीश सजा को लेकर 13 मार्च को दलीलें सुनेंगे। अपने सुसाइड नोट में डॉक्टर ने अपनी खुदकुशी के लिए जारवाल को जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने इस सुसाइड नोट के आधार पर जारवाल के खिलाफ रंगदारी एवं आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया था।

## अरुणाचल प्रदेश: अवैध प्रवेश के आरोप में म्यांमा के छह गिरफ्तार

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले से म्यांमा के छह लोगों को भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक राईक कमसी ने कहा कि यासोंग गांव से छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने दावा किया कि उन्होंने जंगली मशरूम इकट्ठा करने के लिए भारत में प्रवेश किया था और वे सभी म्यांमा के पुताओं गांव के निवासी हैं। उनके कब्जे से छह किलोग्राम जंगली मशरूम और 68,000 रुपये जब्त किए गए हैं।

## राजीव गांधी की हत्या के दोषी संथन की मौत

**चेन्नई।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए संथन की दिल का दौरा पड़ने से बुधवार को मौत हो गई। संथन को सुप्रीम कोर्ट ने बाद में रिहा कर दिया था। संथन उर्फ टी. सुतेनदिराराजा (55) एक श्रीलंकाई नागरिक था और उन सात लोगों में से एक था, जिसे 1991 में चेन्नई के समीप श्रीपेरुम्बदूर में पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या के जुर्म में 20 वर्ष से ज्यादा की जेल की सजा काटने के बाद 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने रिहा कर दिया था। राजीव गांधी गवर्नमेंट जनरल हॉस्पिटल के डीन ई थेरानिरजन ने बताया कि संथन का यकृत खराब था और उसका उपचार किया जा रहा था। संथन के वकील एस. पुगाझेंथी ने कहा कि प्राधिकारियों ने पोस्टमार्टम के बाद शव सौंप दिया है और उसके शव को श्रीलंका ले जाने के लिए कदम उठाए गए हैं।

# राष्ट्रीय दलों ने 3,077 करोड़ रुपये की आय घोषित की

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा की हिस्सेदारी सबसे अधिक, कांग्रेस दूसरी नंबर पर

देश के छह राष्ट्रीय दलों ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 3,077 करोड़ रुपये की अपनी कुल आय घोषित की है, जिसमें भाजपा को सबसे अधिक यानी करीब 2361 करोड़ रुपये मिले। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा की आय छह राष्ट्रीय दलों की कुल आय का 76.73 प्रतिशत है।

आय के मामले में 452.375 करोड़ रुपये के साथ कांग्रेस ने दूसरा स्थान हासिल किया है। कांग्रेस की आय छह राष्ट्रीय दलों की कुल आय का 14.70 प्रतिशत है। भाजपा और कांग्रेस के अलावा बसपा, आम आदमी पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने भी अपनी आय घोषित की है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 के बीच भाजपा की आय वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 1917.12 करोड़ रुपये से 23.15 प्रतिशत बढ़कर वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 2360.844 करोड़ रुपये हो गई।

## झारखंड : जामताड़ा में ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**जामताड़ा।** झारखंड के जामताड़ा जिले में बुधवार रात एक ट्रेन की चपेट में आकर कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। जामताड़ा अनुमंडल पुलिस अधिकारी मुजीबुर रहमान ने बताया कि अब तक दो लोगों के शव बरामद किए गए हैं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। पूर्वी रेलवे ने एक बयान में कहा, 'ईआर (पूर्वी रेलवे) के आसनसोल डिवीजन में रात 7 बजे विद्यासागर-कासितार के बीच गुजरने वाली अंग एक्सप्रेस चेन खींचने के कारण रुक गई। इसके बाद रात 7 बजकर 7 मिनट पर पटरी पर चल रहे दो लोग मेमू ट्रेन की चपेट में आए गए। दुर्घटनास्थल जहां ट्रेन रुकी थी, उससे कम से कम दो किलोमीटर दूर है।'

# वर्ष 2029 तक देश में एक साथ हो सकते हैं चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- विधि आयोग एक खंड जोड़कर कर सकता है सिफारिश

विधि आयोग संविधान में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर एक नया अध्याय जोड़ने और 2029 के मध्य तक देशभर में लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सिफारिश कर सकता है।

सूत्रों ने कहा कि न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाला आयोग एक साथ चुनावों पर 'नया अध्याय या खंड' जोड़ने के लिए संविधान में संशोधन की सिफारिश करेगा। आयोग अगले पांच वर्षों में 'तीन चरणों' में विधानसभाओं के कार्यकाल को एक साथ करने की भी सिफारिश करेगा,



ताकि देशभर में पहली बार एक साथ चुनाव मई-जून 2029 में 19वीं लोकसभा के चुनाव के साथ हो सकें। सूत्रों ने बताया कि संविधान के नये अध्याय में 'एक साथ चुनाव', 'एक साथ चुनावों की स्थिरता' और लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, पंचायतों और नगरपालिकाओं के लिए 'सामान्य मतदाता सूची' से संबंधित मुद्दे शामिल होंगे, ताकि त्रि-स्तरीय चुनाव एक साथ 'एक ही बार में' हो सकें।

जिस नए अध्याय की सिफारिश की जा रही है, उसमें विधानसभाओं की शर्तों से संबंधित संविधान के अन्य प्रावधानों को खत्म करने की अस्तित्वहीन शक्ति के प्रावधान किए जाएंगे। यदि कोई सरकार अविश्वास के कारण गिर जाती है या त्रिशंकु सदन होता है, तो आयोग विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ 'एकता सरकार' के गठन की सिफारिश करेगा। यदि 'एकता सरकार' का सिद्धांत काम नहीं करता है, तो विधि आयोग सदन के शेष कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराने की सिफारिश करेगा। एक सूत्र ने बताया, 'मान लीजिए कि नए चुनावों की आवश्यकता है और सरकार के पास अब भी तीन साल हैं, तो स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव शेष कार्यकाल के लिए होना चाहिए।' विधि आयोग के अलावा, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय समिति भी एक रिपोर्ट पर काम कर रही है कि कैसे संविधान और मौजूदा कानूनी ढांचे में बदलाव करके एक साथ चुनाव कराए जा सकते हैं।

इस साल अप्रैल-मई में होने वाले आगामी लोकसभा चुनावों के साथ कम से कम पांच विधानसभाओं के चुनाव होने की संभावना है।

## राजग को अप्रैल में राज्यसभा में प्राप्त हो सकता है बहुमत

**नई दिल्ली।** सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को इस साल अप्रैल में राज्यसभा में बहुमत मिलने की संभावना है। मनोनीत श्रेणी के तहत छह रिक्त पद भरे जाने और नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ लेने के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन बहुमत में आ सकता है। राज्यसभा सचिवालय के आंकड़ों के अनुसार भाजपा के 94 सदस्य हैं। हाल में हुए चुनाव में उसकी सीट संख्या में दो की बढ़त हुई है और अब कुल सदस्य संख्या 96 हो गई है। राजग सदस्यों की संख्या अभी 113 है। अप्रैल में सभी मनोनीत सदस्यों के शपथ लेने के बाद 245 सदस्यीय सदन में उसके सदस्यों की संख्या 123 के बहुमत के आंकड़े को छू लेगी।

पूर्व सीईओ एलेना ने महासंघ में गुटबाजी और मतभेद के लगाए थे आरोप

# हॉकी इंडिया ने आरोपों को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

हॉकी इंडिया में गुटबाजी और आपसी मतभेदों के आरोपों को खारिज करते हुए महासंघ के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने बुधवार को संयुक्त बयान में कहा कि हॉकी की बेहतरी के लिए वे मिलकर काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ निवर्तमान अधिकारियों ने कहा है कि हॉकी इंडिया में गुटबाजी है। यह सही नहीं है। 13 साल बाद भारतीय हॉकी से नाता तोड़ने के बाद पूर्व सीईओ एलेना नॉर्मन ने कहा था कि हॉकी इंडिया में जिस तरह का माहौल बन गया था, उसमें काम करना मुश्किल होता जा रहा था और ऐसे में उनके पास त्यागपत्र देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। उन्होंने कहा था कि हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ वह और (अध्यक्ष) दिलीप टिर्की हैं तथा दूसरी तरफ (सचिव) भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। इससे पहले महिला हॉकी टीम की कोच यानेके शॉपमैन ने भी महिला हॉकी के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये और सम्मान की कमी का आरोप लगाकर इस्तीफा दिया था। भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही थी जिसके बाद शॉपमैन ने पद छोड़ा। टिर्की और भोलानाथ ने कहा कि हॉकी इंडिया भारतीय हॉकी के विकास के लिए गठित स्वायत्त और पेशेवर ईकाई है। हमारा लक्ष्य हॉकी और अपने खिलाड़ियों की बेहतरी और प्रगति है।

HOCKEY INDIA

• 13 साल बाद पूर्व सीईओ ने हॉकी इंडिया से नाता तोड़ा

# जहीर को देखकर सीखने का प्रयास करता था: जेम्स

## एंडरसन 700 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बनने से दो विकेट दूर

नई दिल्ली, एजेंसी

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा है कि उन्होंने रिवर्स स्विंग सहित गेंदबाजी के कुछ गुर भारत के तेज गेंदबाज जहीर खान से सीखे।

एंडरसन 41 साल की उम्र में भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं और 700 टेस्ट विकेट लेने वाला दुनिया का पहला तेज गेंदबाज बनने से सिर्फ दो विकेट दूर हैं। उनके नाम पर एक हजार अंतर्राष्ट्रीय विकेट दर्ज हैं। अभी सिर्फ महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन और दिवंगत शेन वार्न के नाम पर 700 से अधिक टेस्ट विकेट हैं। एंडरसन ने कहा कि मैंने जहीर खान को खेलते हुए देखा है और उनसे सीखने का प्रयास किया है। वह किस तरह रिवर्स स्विंग का इस्तेमाल करता है, जब वह गेंदबाजी के लिए दौड़ता है तो गेंद को कैसे छिपाता है, यहां उसके खिलाफ खेलकर मैंने यह सीखने का प्रयास किया। भारत के तेज गेंदबाजों में से एक जहीर ने अपना आखिरी टेस्ट 2014 में खेला जब एंडरसन अपने खेल के शीर्ष पर थे। मौजूदा भारतीय गेंदबाजों में एंडरसन बुमराह की क्षमता से प्रभावित हैं। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बुमराह के मैच विजयी प्रदर्शन पर एंडरसन ने कहा कि उसके स्तर के व्यक्ति से आप ऐसे मानक की अपेक्षा करते हैं। रिवर्स स्विंग भारत में बड़ी भूमिका निभा सकती है और वह इसका फायदा उठाता है। उसके पास अच्छी गति है और वह सटीक है और उसकी गेंदबाजी में निरंतरता है। उसके पास यॉर्कर भी है और हमने देखा कि उसने ओली पोप को कैसे आउट किया। यह कोई संयोग नहीं है कि वह दुनिया में नंबर एक गेंदबाज है। इंग्लैंड के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि बुमराह, (मोहम्मद) शमी और (मोहम्मद) सिराज से बेहतर गेंदबाज नहीं हैं। वे विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं।






### 22 साल में 186 टेस्ट और 194 वनडे खेले

एंडरसन के अनुभव का अंदाजा इससे लग सकता है कि 2002 में जब उन्होंने टेस्ट पदार्पण किया था तो इंग्लैंड टीम में उनके मौजूदा साथी शोएब बशीर और रेहान अहमद का जन्म भी नहीं हुआ था। एंडरसन ने 22 साल में 186 टेस्ट और 194 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले। उन्होंने कहा कि उन्हें महसूस नहीं होता कि वह 41 बरस के हैं। उन्होंने कहा कि मुझे महसूस ही नहीं होता कि मैं 41 साल और 200 दिन का हूं। मैं अब भी युवा महसूस करता हूं।

## खेल डायरी

### बोपन्ना-एबडेन, युकी-हासे की जोड़ी जीतीं, नागल हारे

दुबई टेनिस चैंपियनशिप



दुबई, एजेंसी। रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई, जिन्होंने पाकिस्तान के ऐसाम उल हक कुरैशी और ट्यूनीशिया के सिकंदर मंसूरी को हराया। आस्ट्रेलियाई ओपन युगल खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने एक घंटा 41 मिनट में जीत दर्ज की। अब उनका सामना उरूग्वे के एरियल बहार और चेक गणराज्य के एडम पाव्लासेक से होगा। भारत के युकी भांबरी और नीदरलैंड के रॉबिन हासे ने कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक और फ्रांस के एड्रियन मनारिनो को हराकर अंतिम 8 में जगह बनाई। अब उनका सामना बेल्जियम के सैंडर जाइले और जोरान विलेजेन और इंग्लैंड के जमाल मर्रे तथा न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के बीच होने वाले विजेता से होगा। भारत के एकल खिलाड़ी सुमित नागल अंतिम 32 में इटली के लोरेंजो सोनेगो से हारकर बाहर हो गए।

### रविंद्र न्यूजीलैंड टेस्ट टीम में शामिल, कोंवे बाहर

वेलिंगटन, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट के लिए रचिन रविंद्र को न्यूजीलैंड टीम में जगह दी गई है जबकि डेवोन कोंवे बाहर हैं। कोंवे को दूसरे टी-20 मैच में अंगूठे में चोट लगी थी। शुरूआती स्कैन में पता चला कि फ्रेक्चर नहीं है लेकिन बाद में कराये टेस्ट में पता लगा कि चोट गंभीर है। उनकी जगह विल यंग अब टॉम लाथम के साथ पारी का आगाज करेंगे। हेनरी निकोल्स की टीम में वापसी हुई है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि यह निराशाजनक है कि डेवोन इतने अहम मैच से पहले टीम से बाहर हैं। वह बेहतरीन खिलाड़ी है और यह श्रृंखला खेलना चाहता था। रविंद्र घुटने की चोट के कारण दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल सके लेकिन अब खेलने के लिए फिट है।

### नागपुर और मुंबई में होंगे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल

नई दिल्ली, एजेंसी। रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मुंबई और तमिलनाडु का सामना मुंबई में होगा जबकि मध्यप्रदेश और विदर्भ का मैच नागपुर में खेला जाएगा। नागपुर के वीसीए स्टेडियम और मुंबई के बीकेसी मैदान पर रणजी ट्रॉफी के अंतिम चार के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। विदर्भ ने कर्नाटक को 127 रन से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई है। उसका सामना मध्यप्रदेश की टीम से होगा, जिसके कोच चंद्रकांत पंडित है, जिनके कोच रहते हुए विदर्भ ने 2017-18 और 2018-19 में रणजी का खिताब जीता था। मध्यप्रदेश ने क्वार्टर फाइनल में आंध्र की टीम को चार रन से हराकर मैच जीता था। वहीं मुंबई ने बड़ौदा के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर अंतिम चार में जगह बनाई। अब सेमीफाइनल मुंबई-तमिलनाडु, मध्यप्रदेश-विदर्भ में होगा।

### प्रशिक्षण के तरीकों में भी खेल विज्ञान अपनाना होगा : बिंद्रा




नई दिल्ली। चैंपियन निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने बुधवार को कहा कि भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे की ही नही बल्कि प्रशिक्षण के तरीकों में भी खेल विज्ञान को आत्मसात करने की जरूरत है। भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता बिंद्रा भारत खेल विज्ञान कांक्लेव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कोचों को इस डिजिटल युग में खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए खेल विज्ञान को अपनाना होगा। हमे एथलेटिक ढांचे के हर स्तर पर खेल विज्ञान को आत्मसात करना होगा। सिर्फ अत्याधुनिक सुविधाओं से काम नहीं चलेगा बल्कि जमीनी से शीर्ष स्तर पर वैज्ञानिक मानसिकता के साथ खेलना होगा ताकि भारत को खेल की महाशक्ति बनाया जा सके। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ियों के विकास में खेल विज्ञान अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को उनकी ताकत समझाने, बेहतर करने और लक्ष्य को हासिल करने के लिए ताकत के इस्तेमाल में मदद के लिये खेल विज्ञान की मदद ली जा रही है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि देश में हमारे राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों पर खेल विज्ञान विभाग जरूर हो।

# धर्मशाला टेस्ट से भी बाहर रह सकते हैं केएल राहुल

## दाहिने जांघ की मांसपेशी में सूजन अब भी, पहले टेस्ट के बाद से नहीं खेल रहे

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पांचवां और आखिरी टेस्ट भी नहीं खेल सकेंगे क्योंकि उनकी दाहिने जांघ की मांसपेशी में सूजन अभी भी है। राहुल हैदराबाद में पहले टेस्ट के बाद से नहीं खेले हैं लेकिन बीसीसीआई के मुताबिक वह राजकोट में इस महीने की शुरूआत में हुए तीसरे टेस्ट से पहले 90 प्रतिशत फिट थे। वह अपनी चोट को लेकर विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं।

भारतीय टीम श्रृंखला जीत ही चुकी है तो टीम प्रबंधन 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू हो रहे पांचवें टेस्ट के लिए उन्हें लेकर कोई जोखिम नहीं लेगा। राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान हैं और मध्यक्रम में बल्लेबाजी की धुरी भी। वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में अपना दावा पुख्ता करने आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन करना चाहेंगे। आईपीएल के सूत्र ने बताया कि वह विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। उन्हें बल्लेबाजी करते समय दर्द महसूस हो रहा है। यह सुनिश्चित करना होगा कि वह पूरी तरह फिट है क्योंकि टीम को उनकी जरूरत लंबे समय तक है।

आईपीएल में लगी इस चोट से राहुल पिछले साल 4 महीने क्रिकेट से दूर रहे। वह सितंबर में एशिया कप में लौटे और दक्षिण अफ्रीका में ड्रॉ रही टेस्ट श्रृंखला में उन्होंने शतक जमाया। राहुल के नहीं खेलने के मायने हैं कि छह पारियों में सिर्फ 63 रन बना सके रजत पाटीदार टीम में रहेंगे हालांकि उनका खेलना तय नहीं है। वहीं रांची टेस्ट में आराम दिए जाने के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी होगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंकों को देखकर हर मैच अहम है और धर्मशाला में बुमराह की मौजूदगी से काफी फर्क पड़ेगा। भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में न्यूजीलैंड के बाद दूसरे स्थान पर है।

### जायसवाल रैंकिंग में 12वें, जुरेल 69वें स्थान पर



दुबई, एजेंसी। भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में 12वें और ध्रुव जुरेल 31 स्थान चढ़कर 69वें स्थान पर पहुंच गए है। जायसवाल टेस्ट श्रृंखला से पहले रैंकिंग में 69वें स्थान पर थे। चौथे मैच में 73 और 37 रन बनाने के बाद उनकी रैंकिंग में सुधार आया है। प्लेयर आफ द मैच जुरेल ने 90 और 39 रन बनाकर 31 पायदान की छलांग लगाई है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट रांची में नाबाद 122 रन बनाने के बाद शीर्ष 3 में लौट आए हैं। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 5 विकेट लेकर बुमराह से 21 अंक पीछे हैं। स्पिनर कुलदीप यादव 10 पायदान चढ़कर 32वें स्थान पर हैं।

# किशन-अय्यर बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी



• रणजी में खेलने के बोर्ड के निर्देशों का पालन नहीं करने पर की गई कार्रवाई

ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी ट्रॉफी में खेलने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देशों का पालन नहीं करने के बाद बुधवार को बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा को बीसीसीआई अनुबंध के शीर्ष वर्ग (ए+) में रखा गया है। 6 क्रिकेटरों को ए वर्ग में रखा गया है, जिनमें रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या हैं। सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और यशस्वी जायसवाल को बी वर्ग में और 15 खिलाड़ियों को सी वर्ग में रखा गया है जिनमें रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और रजत पाटीदार हैं।

बीसीसीआई ने कहा कि वार्षिक अनुबंध के लिए श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के नाम पर विचार नहीं किया गया। चयन समिति ने तेज गेंदबाजों आकाश दीप, विजय कुमार विशाक, उमरान मलिक, यश दयाल और विदवथ कावेरप्पा के लिए भी अनुबंध की सिफारिश की है।

### सभी खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट में खेलने को दें प्राथमिकता

बीसीसीआई ने कहा कि सभी खिलाड़ी जब राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हों तो वे घरेलू क्रिकेट में खेलने को प्राथमिकता दें। साथ ही मानदंडों से हटकर इस बार चारों वर्गों में शामिल खिलाड़ियों को वार्षिक अनुबंध के लिए मिलने वाली राशि का उल्लेख नहीं किया है। आमतौर पर ए+ वर्ग के खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष 7 करोड़, ए वर्ग को 5 करोड़, बी वर्ग को तीन करोड़ और सी वर्ग को एक करोड रुपए की राशि दी जाती है। यह राशि उनकी मैच फीस से इतर होती है।

# अंजू ने कहा, पेरिस ओलंपिक में पारुल चौधरी पर रहेंगी नजरें

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉज ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता स्टीपलचेज धाविका पारुल चौधरी पर नजरें रहेंगी और उन्हें भाला फेंक में एक से अधिक पदक की उम्मीद है।

जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों के लिए अब तक भारत के नौ ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया है। भाला फेंका में गत चैंपियन नीरज चोपड़ा और किशोर जेना ओलंपिक में जगह बना चुके हैं। पारुल ने पिछले साल हांगजोउ एशियाई खेलों की 5000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण और 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक जीता था। यह धाविका 3000 मीटर महिला स्टीपलचेज में नौ मिनट से कम का समय लेने वाली पहली भारतीय है।

# यूपी वॉरियर्स ने मुंबई इंडियंस का विजय रथ रोका

बेंगलुरु, एजेंसी



किरण नवगिरे के अर्धशतक और कप्तान एलिसा हीली के साथ की बड़ी साझेदारी से यूपी वॉरियर्स ने मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराकर डब्ल्यूपीएल में अपना खाता खोला। दोनों मैच में जीत दर्ज करने वाली मुंबई की टीम हेली मैथ्यूज के अर्धशतक के बावजूद पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 161 रन बना पाई। वॉरियर्स ने 16.3 ओवर में 3 विकेट पर 163 रन बनाकर जीत दर्ज की।

यूपी की किरण ने 31 गेंद पर 57 रन बनाए जिसमें 6 चौके और 4 छक्के हैं। उन्होंने हीली (29 गेंद पर 33 रन, 5 चौके) के साथ पहले विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी की। वॉरियर्स ने 3 विकेट 4 रन के अंदर गंवा दिए। ग्रेस हैरिस और दीप्ति शर्मा ने चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। हैरिस ने 17 गेंद पर 38 रन की नाबाद पारी खेली जिसमें 6 चौके और 1 छक्का है। दीप्ति ने 20 गेंद पर नाबाद 27 रन बनाए। मैथ्यूज ने 47 गेंद पर 9 चौकों और 1 छक्के से 55 रन बनाए। उन्होंने यास्तिका भाटिया (26) के साथ पहले विकेट के लिए 50 और नेट साइवर ब्रंट (19) के साथ दूसरे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की। अमेलिया केर ने 23, पूजा वस्त्रकर ने 18 और इसी वांग ने नाबाद 15 रन का योगदान दिया। मुंबई ने बेहद धीमी शुरुआत की और पहले 4 ओवर के बाद उसका स्कोर केवल 13 रन था। भाटिया ने अंजलि सर्वानी के अगले ओवर में 3 चौकों और 1छक्के की मदद से 18 रन बटोर कर रन गति तेज की जिससे मुंबई पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 36 रन बनाने में सफल रहा।

WOMEN'S PREMIER LEAGUE

## बॉलीवुड हलचल

# 1 मार्च को ओटीटी पर 'पूरब के भसड़बाज'




मुंबई, एजेंसी। ओटीटी प्लेटफार्म मास्क टीवी पर 1 मार्च को फिल्म पूरब के भसड़बाज रिलीज होगी। टैग प्रोडक्शन के बैनर तले बनी कॉमेडी फिल्म पूरब के भसड़बाज की कहानी पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले की माफिया की गतिविधियों पर आधारित है। शीबा चड्ढा और धनंजय गलानी की मुख्य भूमिका वाली फ़िल्म हमारे समाज की कुछ रुढ़िवादी परम्पराओं पर व्यंग्य करती हुई हांस्य रूप में परोसी गई कहानी है। फिल्म के निर्माता अंजू भट्ट एवं चिरंजीवी भट्ट हैं। इस फ़िल्म के लेखक एवं निर्देशक अभिषेक प्रसाद हैं। छायांकन रवि बी रंजन शर्मा ने किया है, वहीं संगीत निर्देशन अभिनव आर कौशिक ने किया है। सम्पादन अजय वर्मा ने किया है। इसमें शीबा चड्ढा, धनंजय गलानी, अनिल चरणजीत, मुकेश एस. भट्ट, गरिमा श्रीवास्तव और विनीत कुमार मुख्य भूमिका में हैं।

### फिल्म तेरा क्या होगा लवली का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। फिल्म तेरा क्या होगा लवली' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' में करण कुंद्रा, रणदीप हुड्डा और इलियाना डिक्रूज की मुख्य भूमिका है। फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में रणदीप हुड्डा पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं। बलविंदर सिंह जंजुआ के निर्देशन में बनी फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




# यामी की 'आर्टिकल 370' का जलवा बरकरार



नई दिल्ली। यामी गौतम, प्रियमणि, अरुण गोविल और किरण करमरकर की फिल्म आर्टिकल 370 बॉक्स ऑफिस पर सफल साबित हो गई है। बजट से दोगुनी कमाई यह फिल्म कर रही है। पहले दिन की ओपनिंग के साथ वर्ल्डवाइड मूवी का कलेक्शन बजट से दोगुना है, जो रिकॉर्ड तोड़ है। वहीं कास्ट को दर्शकों का प्यार मिल रहा है, जोकि हिट है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सकनिल्क के अनुसार, आर्टिकल 370 ने पहले दिन 5 .9 करोड़ की कमाई की। वहीं पहले वीकेंड पर यानी दूसरे दिन 7 .4 करोड़ का रहा। जबकि संडे को तीसरे दिन कमाई 9 .6 करोड़ पहुंच गई। जबकि मंडे चौथे दिन 3 .25 करोड़ और पांचवे दिन 3 .25 करोड़ की कमाई की है। भारत में फिल्म की कमाई 29 .40 करोड़ रही। हालांकि वर्ल्डवाइड कलेक्शन 36 करोड़ तक है। यह फिल्म केवल 20 करोड़ में बनी है, जबकि दूसरे वीकेंड तक यह आंकड़ा बजट से दोगुनी कमाई कर लेगा।

### पॉलिटिक्स-देशभक्ति का पावर डोज

यह फिल्म जम्मू-कश्मीर के स्पेशल स्टेटस को रद करने की पृष्ठभूमि पर है। निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी करने के बाद एक वर्ग ने इसे 'एजेंडा-संचालित' फिल्म बताया। सच्ची घटना पर आधारित बताई जा रही यह फिल्म 2016 के बाद से कश्मीर घाटी में हुई घटनाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म की कहानी को छह अध्यायों में बांटा गया है, जिनमें से पहला अध्याय एक आतंकवादी संगठन के युवा कमांडर बुरहान वानी की है, जो घाटी में लोकप्रिय है। उसकी हत्या के बाद घाटी में विरोध प्रदर्शन हुए, जिसके बाद पीएमओ अधिकारी (प्रियमणि) हरकत में आए। कहानी फिर उस समय तक पहुंचती है जब केंद्र सरकार संविधान सभा से अपना समर्थन वापस ले लेती है, जिससे राज्य में राष्ट्रपति शासन लग जाता है। क्षेत्र में स्थिति ज्यादा नहीं बदली और साल 2019 में पुलवामा आतंकी हमला हुआ, जिसके बाद केंद्र सरकार हरकत में आई और क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेने का फैसला किया।

# द साबरमती रिपोर्ट लेकर लौटे विक्रांत



नई दिल्ली। साल 2023 के अक्टूबर में रिलीज हुई विधु विनोद चोपड़ा की 12वीं फेल ने बॉक्स ऑफिस पर 20 करोड़ के बजट में 70 करोड़ की कमाई हासिल की, जिसने एक रिकॉर्ड तो कायम किया ही। दर्शकों के दिलों में लीड एक्टर विक्रांत मेस्सी को भी पॉपुलर एक्टरों की सूचि में शामिल कर दिया। वहीं अब 12वीं फेल के बाद विक्रांत मेस्सी नई फिल्म द साबरमती रिपोर्ट लेकर आ गए हैं, जिसकी पहली झलक और रिलीज डेट का खुलासा एक्टर ने कर दिया है। विक्रांत मेस्सी ने इंस्टाग्राम पर 27 फरवरी की रात को एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, आज 22 साल पहले गोधरा ट्रेन अग्निकांड में जान गंवाने वाले 59 निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि। द साबरमती रिपोर्ट पेश है 3 मई 2024 में सिनेमाघरों में। इस पोस्ट के बाद फैंस ने उनको नए प्रोजेक्ट को लेकर बधाई दी है। फिल्म की बात करें तो 'द साबरमती रिपोर्ट' 22 साल पहले 22 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में होगी, जोकि 3 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। शेयर किए गए वीडियो में विक्रांत मेस्सी को एक पत्रकार के किरदार में देखा जा सकता है, जो गोधरा घटना के बारे में रिपोर्ट करते हुए नजर आ रहे हैं. वहीं क्लिप में वह दावा करते दिख रहे हैं कि यह दुर्घटना नहीं है।

### बड़े मियां छोटे मियां का गाना मस्त मलंग झूम रिलीज



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का नया गाना 'मस्त मलंग झूम' रिलीज हो गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका हैं। फिल्म के टाइटल ट्रैक के बाद अब इसका दूसरा गाना मस्त मलंग झूम रिलीज हुआ है, जो एक पेपी सॉन्ग है। इस गाने में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा नजर आ रही हैं। मस्त मलंग झूम को अरिजीत सिंह, विशाल मिश्रा और निकिता गांधी ने गाया है। वहीं, गाने के बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं, जबकि विशाल मिश्रा ने मस्त मलंग झूम को कंपोज किया है। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। इसमें अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज सुकुमारन और अलाया एफ हैं। फिल्म ईद के मौके पर रिलीज की जाएगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# भाजपा का दावा, कांग्रेस समर्थकों ने कर्नाटक विस में लगाए पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे

- भाजपा ने दर्ज कराई शिकायत सीएम सिद्धरमैया बोले- आरोप सच पाए जाने पर होगी कार्रवाई

बेंगलुरु, एजेंसी



बुधवार को विधानसभा में विरोध प्रदर्शन करते भाजपा नेता।

कर्नाटक राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की जीत के बाद पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने मामले में भाजपा कांग्रेस पर हमलवार को गई है और स्पष्टीकरण की मांग कर ही है। वहीं पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है।

बता दें, राज्यसभा सांसद नसीर हुसैन ने एक वीडियो जारी कर सफाई दी है। उनका कहना है कि जबतक वह मौजूद थे वहां ऐसे कोई नारे नहीं लगाए गए, अगर ऐसा हुआ है तो मामले की जांच की जाएगी। गौरतलब है, कर्नाटक की चार सीटों पर हुए मंगलवार को राज्यसभा चुनाव के नतीजों में तीन सीटों पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है, जबकि एक सीट भाजपा के खाते में गई। कर्नाटक में कांग्रेस के तीनों उम्मीदवार अजय माकन, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और जीसी चन्द्रशेखर क्रमशः 47, 46 और 46 वोटों से जीते। हालांकि, अब जीत के जश्न को लेकर अब बवाल मच गया है। दरअसल, भाजपा ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि राज्यसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के कुछ ही देर बाद सैयद नसीर हुसैन के समर्थकों को विधान सौध (विधानसभा) के अंदर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाते हुए सुना गया है। भाजपा ने मंगलवार देर रात हुसैन के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें कांग्रेस नेता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

# चिप नया हथियार, दुनिया में इसके निर्माण की होड़, निर्भरता घटा रहे देश

*सेमीकंडक्टर यानी चिप बनाना हमेशा से जटिल, उच्च जोखिम वाला और प्रतिस्पर्धी व्यवसाय रहा है। तेल के बाद दुनिया के सामने नया हथियार बन चुके चिप के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता कम करने के मकसद से सरकारों के बीच होड़ मची है। ऐसा क्यों हुआ, यहां जानते हैं...*



### चिप को लेकर क्यों है लड़ाई, अमेरिका चिंतित

दुनिया की अधिकांश अग्रणी चिप प्रौद्योगिकी अमेरिका में विकसित हुई है। चीन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का सबसे बड़ा बाजार है। खुद के इस्तेमाल के लिए अधिक चिप बनाने की होड़ बढ़ रही है। इसी से अमेरिका को चिंता है। वह नहीं चाहता है कि चीन या अन्य कोई देश चिप बाजार में चुनौती बने।

### क्या होती है सेमीकंडक्टर चिप

सेमीकंडक्टर एक खास तरह का पदार्थ होता है। इसमें विद्युत के सुचालक और कुचालक के गुण होते हैं। ये विद्युत के प्रवाह को नियंत्रित करने का काम करते हैं। इनका निर्माण सिलिकॉन से होता है। इसमें कुछ विशेष तरह की डोपिंग को मिलाया जाता है, ताकि सुचालक के गुणों में बदलाव लाया जा सके। इससे इसके वांछनीय गुणों का विकास होता है और इसी पदार्थ का इस्तेमाल करके विद्युत सर्किट चिप बनाया जाता है।

### क्यों हैं इतनी महत्वपूर्ण

जैसे तेल अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा है, वैसी ही स्थिति उद्योगों के लिए चिप की है। चिप अलग-अलग प्रकार के काम करते हैं। डेटा रखने के लिए मेमोरी चिप अहम हैं। इसका कमोडिटी जैसा कारोबार है। प्रोग्राम चलाने वाले लॉजिक चिप किसी भी डिवाइस के दिमाग के रूप में काम करते हैं। ये काफी महंगे हैं।

### चिप निर्माण में ताइवान उभरा



ताइवान इन सब में कैसे फिट बैठता है? 1970 के दशक में ताइवान आउटसोर्स चिप निर्माण में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरा। टीएसएमसी ने लगभग 'फाउंड्री' बिजनेस मॉडल बनाया। दूसरों द्वारा डिजाइन किए गए चिप का निर्माण किया। एपल इंक जैसी बड़ी कंपनियों ने टीएसएमसी को उद्योग अग्रणी बना दिया। जबकि अमेरिका इस तकनीक को चीन तक पहुंचने से रोकने की कोशिश करता रहा है।

### निर्माण में कौन-कौन से देश हैं शामिल



तमाम देशों के चिप निर्माता अब भी अमेरिकी तकनीक पर निर्भर हैं। अमेरिका ने चीन को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने से रोकने के लिए 2023 में कुछ चिप और चिप बनाने वाले उपकरणों पर सख्त निर्यात पाबंदी लगाई। क्योंकि अमेरिका सुपर कंप्यूटर और एआई को संभावित सैन्य खतरों के रूप में मानता है। हुआवे जैसी कंपनियां इस सूची में हैं। यूरोपीय संघ के देशों ने उत्पादन 3.48 लाख करोड़ की योजना पर सहमति जताई है।

### आपूर्ति पर किस देश का है नियंत्रण

चिप का नया प्लांट लगाने का खर्च 1.66 लाख करोड़ रु. से अधिक है। यही कारण है कि इस क्षेत्र की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों की संख्या घटकर केवल तीन रह गई हैं- ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी), दक्षिण कोरिया की सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी और अमेरिका की इंटेल कॉर्प। टीएसएमसी और सैमसंग फाउंड्रीज के रूप में काम करती हैं, जो विश्व के लिए आउटसोर्स विनिर्माण प्रदान करती हैं।

## एक नजर



### ठाणे में झुग्गी-बस्ती में लगी आग एक की मौत, दुकानें जलकर खाक

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भायंदर में एक झुग्गी-बस्ती में बुधवार तड़के आग लग गई। आग की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कई झुग्गियां और दुकानें नष्ट हो गईं। नगर निगम (एमबीएमसी) के आयुक्त संजय काटकर ने कहा-घटनास्थल पर बचाव और राहत कार्य जारी है। उन्होंने कहा- 24 दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

### हूती विद्रोहियों को हथियार पहुंचाने वाले पाकिस्तानी को अमेरिका में जेल

**वाशिंगटन।** यमन में हूती विद्रोहियों के लिए ईरान निर्मित मिसाइल के घटकों को ले जाने वाले जहाज के कप्तान व पाकिस्तानी नागरिक को मंगलवार को अमेरिका में मुकदमा लंबित रहने तक जेल में रहने का आदेश दिया गया। उस पर हथियारों की तस्करी करने की कोशिश व अमेरिकी तटरक्षक अधिकारियों से झूठ बोलने का आरोप है। अमेरिका की एक अदालत ने आरोपी को सजा सुनाते हुए जेल भेज दिया है।

### कोर्ट ने राजकुमार हैरी की सुरक्षा हटाने के कदम को सही ठहराया

**लंदन।** लंदन की एक अदालत ने बुधवार को अपने फैसले में कहा कि शाही परिवार के कार्यकारी सदस्य के रूप में अपना दर्जा छोड़ने और अमेरिका में बसने के बाद ब्रिटेन की यात्रा के दौरान राजकुमार हैरी से सरकार द्वारा वित्त पोषित सुरक्षा घेरा अनुचित रूप से नहीं छीना गया था। न्यायाधीश पीटर लेन ने कहा कि मामला-दर-मामला आधार पर हैरी को सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय गैरकानूनी, तर्कहीन या अनुचित नहीं था।



### दक्षिण कोरिया में 70-80 साल की बुजुर्ग महिलाएं चला रही रैप ग्रुप

**सोल।** दक्षिण कोरिया में सुनी एंड द सेवेन प्रिंसेस एक लोकप्रिय रैप ग्रुप है, जिसे 70-80 साल की बुजुर्ग महिलाएं चला रही हैं। उत्तरी ग्योंगसांग प्रांत के ग्रामीण चिलगोक काउंटी की दादी-नानी उम्र की इन महिला रैपर्स की चर्चा दक्षिण कोरिया के बाहर भी होने लगी है।

# सैन्य कर्मियों के भारत लौटने से पहले तकनीकी टीम पहुंची मालदीव

## मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने कहा- विमानन प्लेटफॉर्म का संभालेगी संचालन

माले, एजेंसी

सैन्य कर्मियों के पहले बैच के 10 मार्च तक मालदीव छोड़ने से पहले भारतीय तकनीकी कर्मियों की पहली टीम द्वीप राष्ट्र पहुंच गई है। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है।



मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने बताया, भारतीय नागरिकों की पहली टीम पहुंच गई है। अब वे अड्डू में हेलीकॉप्टर का संचालन संभालेंगे। अड्डू में तैनात भारतीय सैन्य कर्मी दोनों देशों की सरकारों की सहमति से 10 मार्च तक वापस भारत लौट आएंगे। बयान में बताया गया कि बुधवार तक भारत से एक रिप्लेसमेंट हेलीकॉप्टर भी आ जाएगा, जिसके बाद नागरिक टीम इसके संचालन को संभालने के लिए प्रशिक्षण अभ्यास शुरू कर देगी।

बता दें कि दो फरवरी को दोनों देशों ने सहमति जताई थी कि भारत अपने सैन्यकर्मियों को मार्च और मई के बीच मालदीव से वापस बुला लेगा। वहीं आठ फरवरी को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने बताया कि वर्तमान कर्मियों को भारतीय तकनीकी कर्मियों द्वारा रिप्लेस किया जाएगा। मालदीव ने एक बयान जारी कर दावा किया था कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए हैं कि तीन विमानन प्लेटफार्मों में से एक में भारत सैन्य कर्मियों को 10 मार्च तक और अन्य को 10 मई तक बदल देगा। हालांकि, भारत ने सैनिकों को वापस लेने का कोई उल्लेख नहीं किया था। भारत की ओर से कहा गया, "बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने साझेदारी को बढ़ाने के लिए कदमों की पहचान करने की दिशा में द्विपक्षीय सहयोग से संबंधित व्यापक मुद्दों पर अपनी चर्चा जारी रखी।

विदेश मंत्रालय ने कहा, ''दोनों पक्ष भारतीय विमानन मंचों के निरंतर परिचालन के लिए परस्पर व्यावहारिक समाधान पर भी सहमत हुए जो मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सकीय सेवाएं मुहैया कराते हैं।

### चीन का अनुसंधान जहाज मालदीव से रवाना

**माले।** चीन का रिसर्च जहाज मालदीव से रवाना हो गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले हफ्ते चीन का 4500 टन वाला हाई टेक रिसर्च जहाज मालदीव पहुंचा था, जो बुधवार को यहां से रवाना हो गया। चीन के रिसर्च जहाज के मालदीव पहुंचने के साथ ही तरह-तरह के सवाल खड़े हो गए? आखिर चीनी जहाज मालदीव क्यों आया? इसको लेकर आधिकारिक तौर पर कहा गया कि चीनी जहाज 'जियांग यांग होंग 3' अपने कर्मियों के रोटेशन और पुन:पूर्ति के लिए एक पोर्ट कॉल करने के लिए मालदीव आया था। मीडिया के हवाले से बताया कि 22 फरवरी को माले में डॉकिंग के बाद जियांग यांग होंग 03 मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) की सीमा पर लौट आया है। हालांकि, माले बंदरगाह से जाने करने के बावजूद ट्रैकिंग साइटों ने दो दिन पहले हुलहुमाले के पास जहाज का आखिरी संकेत दिखाया है। हुलहुमाले माले से लगभग 10 किमी उत्तर पूर्व में है।



# खैबर पख्तूनख्वा में विधायकों ने ली शपथ इमरान बनाएंगे सरकार

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में नवनिर्वाचित विधायकों ने बुधवार को शपथ ली। उम्मीद जताई जा रही है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी लगातार तीसरी बार खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सरकार बनाएगी।



बता दें कि पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने बड़ी संख्या में जीत दर्ज की हैं, जो खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की स्थिति में हैं। इधर रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया है कि पीटीआई प्रमुख ने अली अमीन गंडापुर को पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और बाबर सलीम स्वाति को विधानसभा अध्यक्ष के रूप में नामित किया है। विधानसभा के निवर्तमान अध्यक्ष गनी ने बताया कि 145 सदस्यीय सदन के स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का चुनाव गुरुवार को होगा। मुश्ताक गनी के हवाले से बताया गया कि विधानसभा स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के चुनाव के लिए मतदान आज को होगा।

# दस साल की मजबूत नींव आगे के काम का लॉन्च पैड बनी

- जयशंकर ने कहा-2014 के बाद 11वीं अर्थव्यवस्था से पांचवें पायदान पर पहुंचा भारत

बेलगावी (कर्नाटक), एजेंसी



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में ठोस नींव रखी, जो अब देश को अगले स्तर तक पहुंचाने के लिए लॉन्चिंग पैड का काम करेगी। कर्नाटक लिंगायत एजुकेशन सोसाइटी के एक स्कूल का उद्घाटन करते हुए एस जयशंकर ने कहा कि 2014 में जब केंद्र में मोदी सरकार आई थी तो तब भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी लेकिन 10 वर्षों के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था पांचवीं बन गई है।

अपने संबोधन के दौरान एस जयशंकर ने कहा कि मोदी की गारंटी है कि भारत आने वाले वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। शीर्ष अर्थव्यवस्था बनने के लिए आपको कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। भारत को पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाने के लिए पिछले 10 वर्षों में कड़ी मेहनत की गई है। इस दौरान जयशंकर ने अन्न योजना, मुद्रा योजना, उज्ज्वला योजना का भी जिक्र दिया। मुद्रा ऋण योजना के लाभार्थियों की संख्या जर्मनी की जनसंख्या से अधिक थी और 'आवास योजना' के लाभार्थियों की संख्या जापान की जनसंख्या से अधिक थी।

### देश में सबसे बड़ा बदलाव डिजिटल परिवर्तन

जयशंकर ने कहा कि हमारा मकसद आम आदमी पर बोझ कम करना है, भारत में सबसे बड़ा बदलाव डिजिटल परिवर्तन है। भारत में इंटरनेट टैरिफ दुनिया के मुकाबले सबसे सस्ता है। यह सब सुशासन और डिजिटल गवर्नेंस का ही नतीजा है। उन्होंने यह भी कहा कि पूरी दुनिया चिंतित थी कि भारत अपनी आबादी को देखते हुए कोविड-19 से कैसे लड़ेगा। लेकिन 18 महीने के भीतर हमने 2020 में महामारी के दौरान न केवल अपना ख्याल रखा बल्कि 100 देशों को वैक्सीन भी मुहैया कराई।

# भारत-जर्मनी में हिंद प्रशांत में सैन्य अभ्यास को लेकर बनी सहमति

**नई दिल्ली।** रक्षा सहयोग में द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के मकसद से भारत और जर्मनी ने बैठक हुई। मंगलवार को बर्लिन में भारत-जर्मनी उच्च रक्षा समिति की बैठक में रणनीतिक सहयोग को ज्यादा मजबूत करने पर खुलकर चर्चा हुई।

बैठक में हुई चर्चा को लेकर अधिकारियों ने कहा कि दोनों देश सुरक्षा हितों को ध्यान में रखते हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संयुक्त सैन्य अभ्यास करने के लिए तैयार हुए हैं। बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने किया। वहीं जर्मन की तरफ से जर्मन रक्षा मंत्रालय के राज्य सचिव बेनेडिक्ट जिमर शामिल हुए। दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और द्विपक्षीय मुद्दो पर चर्चा हुई।

## खुशियों में रौनक...






**जामनगर :** उद्योगपति मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत, और एनकोर हेल्थकेयर के सीईओ वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका जुलाई में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इससे पहले 1 से 3 मार्च तक गुजरात के जामनगर में प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन होगा। सेलिब्रेशन में एक हजार से ज्यादा वीआईपी मेहमानों को न्योता दिया गया है। रिलायंस टाउनशिप में जश्न की तैयारियां जोरों पर हैं। प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन से दो दिन पहले बुधवार को जामनगर में अंबानी परिवार ने लगभग 51 हजार लोगों को भोजन कराया। जोगवड के ग्रामीणों को भोजन परोसते अनंत अंबानी, वहीं रात्रिभोज में आमंत्रित लोगों का स्वागत करते रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरपर्सन मुकेश अंबानी। ● एजेंसी

# खालिस्तानी तत्वों की खुफिया जानकारी साझा करेगा अमेरिका

- भारत और अमेरिकी सिक्योरिटी प्रतिनिधिमंडल की बैठक में बनी सहमति

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है। यह सहयोग अब न सिर्फ सैन्य और तकनीक के स्तर पर है बल्कि खुफिया सूचनाओं के स्तर पर भी मजबूत हो रहा है। इसी सहयोग को और मजबूत करने के लिए अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी का एक प्रतिनिधिमंडल इन दिनों भारत दौरे पर है।

बुधवार को अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी के प्रतिनिधिमंडल ने गृह मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की, जिसमें आंतरिक सुरक्षा, खुफिया सूचनाओं को साझा करने और खालिस्तान समर्थक तत्वों को लेकर जानकारी साझा करने की चर्चा हुई। भारतीय दल का नेतृत्व गृह मंत्रालय के सचिव अजय भल्ला ने किया। वहीं होमलैंड सिक्योरिटी के सचिव ने अमेरिकी दल का नेतृत्व किया। गृह मंत्रालय और होमलैंड सिक्योरिटी के बीच हुई बैठक में ऑनलाइन कट्टरपंथी कंटेंट, साइबर अटैक, डिजिटल धांधली संबंधी खुफिया सूचनाएं साझा करने पर भी बात हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका की धरती पर खालिस्तानी समर्थकों की गतिविधियों का मुद्दा उठाया। दोनों पक्षों की यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब अमेरिका में खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश के मामले का खुलासा हुआ है।

# बिल गेट्स ने भुवनेश्वर की झुग्गी बस्ती के लोगों से की बातचीत

**भुवनेश्वर।** माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने बुधवार की भुवनेश्वर की एक झुग्गी बस्ती का दौरा किया। बिल गेट्स ने स्थानीय लोगों से बातचीत की।



इसी के साथ उन्होंने राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ मां मंगला बस्ती में बीजू आदर्श कॉलोनी का भी दौरा किया। बिल गेट्स ने झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोगों का हालचाल जाना और वहां काम करने वाले महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के साथ भी बातचीत की। राज्य विकास आयुक्त ने कहा, झुग्गीवासियों को भूमि अधिकार, शौचालय और बिजली की आपूर्ति मिल गई है।

# आतंकी ग्रुपों की बढ़ती संख्या वैश्विक चुनौती: संयुक्त राष्ट्र

- यूएन महासचिव ने पश्चिम एशिया और अफ्रीका में हथियारों के प्रसार पर जताई चिंता

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने 2021 के बाद से अफगानिस्तान में छोड़े गए प्रतिबंधित तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के भंडार से हथियार प्राप्त किए हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

अंतर्राष्ट्रीय्र शांति और सुरक्षा के लिए आईएस की ओर से उत्पन्न खतरे पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की 18वीं रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने विशेष रूप से अफगानिस्तान, पश्चिम एशिया और अफ्रीका में हथियारों के प्रसार के बारे में चिंता व्यक्त की है।

खासकर आईएस की ओर से मानवरहित विमान प्रणालियों और विस्फोटक उपकरणों का निरंतर बढ़ते उपयोग को लेकर उन्होंने चिंता जाहिर की है। कई सदस्य देशों का कहना है कि अफगानिस्तान में बढ़ते आतंकी ग्रुपों की वजह से क्षेत्र में सुरक्षा एक बड़ी चुनौती है। कई सदस्य देशों ने पुष्टि की, कि सनाउल्लाह गफारी अब भी जीवित है और आईएस का नेता बना हुआ है, जो कथित तौर पर कुनार प्रांत में स्थित है। इसमें कहा गया है कि संभवतः कुनार में जमात-उल-अहरार प्रशिक्षण केंद्र से बाहर निकलते समय गफारी को निशाना बनाया गया, जिससे संभवतः वह घायल हो गया था। इस महीने की शुरुआत में जारी एक अन्य रिपोर्ट में कहा था- पहले जहां इसके पास 2200 लड़ाके थे वहीं यह संख्या बढ़कर 4000 हो गई है।

**विज्ञान** एरीज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर छात्रों ने खगोल विज्ञान के गूढ़ रहस्यों को जाना

# बच्चों पर निर्भर विज्ञान का भविष्य, छात्रों ने देखे सूर्य के धब्बे

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर बुधवार को नैनीताल समेत गुरुग्राम, हल्द्वानी व रानीखेत के छात्रों ने खगोल विज्ञान के गूढ़ रहस्यों को जाना।

एरीज के वैज्ञानिकों ने कहा कि विज्ञान का भविष्य बच्चों की जागरूकता व रुचि पर निर्भर है। एरीज के जनसंपर्क सह अध्यक्ष विज्ञानी डा वीरेंद्र यादव ने कहा कि खगोल को आगे बढ़ाने के बच्चों की विज्ञान के प्रति रुचि बेहद जरूरी है। उन्होंने महान भारतीय वैज्ञानिक सी. वी. रामन के जीवन वृतांत सुनाया। कहा कि रामन प्रभाव की महान खोज ने विश्व मे देश का नाम रोशन किया था। उन्होंने कहा कि खगोल विज्ञान का क्षेत्र हमारी कल्पनाओं से भी बड़ा है। बड़ी बात यह है कि खगोल विज्ञान अध्ययन पीढ़ी दर पीढ़ी ही आगे बड़ सकता है।


राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एरीज में दूरबीन से सूर्य के धब्बों को देखते विद्यार्थी।

बच्चों में खगोल विज्ञान के प्रति जागरूकता लाने के लिए एरीज आज के दिन को ओपन डे के रूप में आयोजित कर रहा है। इस मौके पर विद्यार्थियों ने संपूर्णानंद दूरबीन की जानकारी ली और दूरबीन से सूर्य के धब्बों को देख अचंभित हुए। डॉ कुंतल ने बताया कि ब्रह्मांड बेहद अजूबा और रहस्यों से भरा हुआ है। जिसके चलते ब्रह्मांड की दुनिया बेहद रोचक बन जाती है। वातावरण हाल जानने के लिए गुब्बारे का प्रक्षेपण किया गया। देवस्थल स्थित देश की सबसे बड़ी दूरबीनों का कार्य क्षेत्र की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अंतरीक्ष से संबंधित अनेक सवाल पूछे विज्ञानी डा वैभव पंत, डा बृजेश कुमार, डा शुभेंदु रक्षित, डा जगदीश चंद्र जोशी सवालों के जवाब दिए।

सैनिक स्कूल घोड़ाखाल, शहीद सैनिक स्कूल, मैट्री किरण स्कूल गयरुग्राम, जवाहर नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत व ग्रैफिक ऐरा हिल यूनीवर्सिटी हल्द्वानी के विद्यार्थी कार्यक्रम में शामिल हुए।


### देखा अंतरिक्ष का नजारा

भ्रमण के दौरान एरीज के वैज्ञानिकों ने स्कूली बच्चों को वहां लगाई गई अलग-अलग क्षमता की दूरबीनों और उनके कार्य की जानकारी दी। दूरबीन से अंतरिक्ष के नजारे देख बच्चे उत्साहित नजर आए। इस दौरान उन्होंने वैज्ञानिकों से खगोलीय गतिविधियों की भी जानकारी ली। इस मौके पर बच्चों को प्रकाश प्रदूषण पर शार्ट फिल्म भी दिखाई गई। शैक्षिक भ्रमण में बच्चों के साथ एरीज संस्थान के विज्ञानिक भी मौजूद रहे।

# मिशिगन में ट्रंप-बाइडन जीते भारतवंशी निक्की को हराया

वाशिंगटन, एजेंसी

**5** मार्च को राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए होगा चुनाव



अमेरिका में इस वर्ष नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच फिर से मुकाबले के आसार बन रहे हैं। मंगलवार को मिशिगन में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए हुए प्राइमरी चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से बाइडन ने जीत हासिल की है।

ट्रंप ने एक बार फिर आसानी से भारतवंशी दावेदार निक्की हेली को हरा दिया। अब अगले मंगलवार को 21 राज्यों में प्राइमरी चुनाव है। वहीं बाइडन को गाजा युद्ध को लेकर विरोध का सामना करना पड़ा है। डेमोक्रेटिक पार्टी में फिलहाल बाइडन के सामने कोई घोषित दावेदार सामने नहीं आया है लेकिन रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप के सामने दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली डटी हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अब तक की मतगणना में हेली को 28.9 प्रतिशत मत तो ट्रंप को 66.4 प्रतिशत मत मिले हैं।

मिशिगन में मुस्लिमों की अच्छी आबादी है। 2020 में बाइडन को इनका अच्छा समर्थन मिला था। लेकिन इस बार बाइडन के 14 प्रतिशत से अधिक डेमोक्रेटिक मतदाताओं ने गाजा युद्ध में राष्ट्रपति की भूमिका के विरोध में अप्रतिबद्ध के लिए मतदान किया। इस तरह इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध के चलते बाइडन को करीब 20 प्रतिशत डेमोक्रेटिक वोट गंवाने पड़े हैं।